WWW.NAVPRADESH.COM

दैनिक नव प्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर... 2 | देश विदेश 4 | अभिव्यक्ति 10 | छत्तीसगढ़ 11 | कारोबार

रायपुर, शनिवार, 4 जनवरी 2025 शुक्ल पक्ष-पंचमी, विक्रम संवत -2081 / वर्ष-13 अंक- 312 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए RNI NO.CHHHIN/2012/41806 रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

राजनीतिक दलों के बीच एक अजीब प्रतिस्पर्धा शुरू हो गई है। कोई भी कभी भी किसी भी राजनीतिक पार्टी को किसी दूसरी पार्टी की बी टीम करार दे देता है। अब राजद नेता तेजस्वी यादव ने चर्चित चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर की नवनगठित पार्टी को भाजपा की बी टीम बता दिया है। इसके पहले कांग्रेस नेताओं ने आम आदमी पार्टी को भाजपा की बी टीम और आम आदमी पार्टी ने कांग्रेस को भाजपा की बी टीम बताया था। ऐसे में समझ में नहीं आता कि कौन किसकी बी टीम है? बेहतर होगा बी टीम की परिभाषा तय की जाये।

श्रम विभाग का कारनामा : मजदूरों की श्रेणी में सेक्स वर्कर

शिकारी और कुंआ खोदने वाले भी थोक में पंजीकृत, प्रदेश में 51 लाख से अधिक मजदूर हैं पंजीकृत

पलाश तिवारी

रायपुर/नवप्रदेश । श्रम विभाग अपने चौंकाने वाले कारनामे से हमेशा सुर्खियों में रहा है। श्रम पंजीजन के मापडंद को ध्वस्त कर बड़ी लाइन खींचने के चक्कर में शिकारी और सेक्स वर्कर को भी पंजीकृत कर अपनी पीठ थपथपा में लगा है। छत्तीसगढ़ में अब तक आपने रेजा, कुली, मजदूरों का पंजीयन सरकार के श्रम विभाग में देखा और सुना होगा। पर हैरानी तब होती है कि छत्तीसगढ़ में सेक्स वर्कर भी है और शिकारी भी।

दरअसल, छत्तीसगढ़ सरकार ने मजदूरों का पंजीयन किया है, इसका खुलासा श्रम विभाग के वर्गवार पंजीयन रिकार्ड में देखने को मिला है। छत्तीसगढ़ में 51 लाख से अधिक मजदूर है। लेकिन यहां पर दर्जी की संख्या भी 25 लाख से अधिक है। हमाल, कुली और रेजा की संख्या भी 32 लाख से अधिक देखने को मिली है। इसके अलावा नाव चलाने वाले, रसोइया, फेरी वालों की संख्या में भी कोई कमी नहीं है, थोक में रिकार्ड दर्ज किए गए हैं।

अधिकारी बोले सेक्स वर्कर सेल्फ एम्प्लॉयड

वहीं इस मामले में जब विभाग के अधिकारियों से बात की गई तो नवप्रदेश के संवाददाता के सवालों का गोलमोल जवाब देते हुए नोडल अफसर जांगड़े बोले की सेक्स वर्कर को किसी ठेकेदार के मार्फत से आने की रजिस्टर होने की जरूरत नहीं है वो लोग सेल्फ एम्प्लॉयड की श्रेणी मे खुद हमारी वेबसाइट में रजिस्टर हुए हैं। जबकी छत्तीसगढ़ में सेक्स वर्किंग को अपराध की श्रेणी में माना जाता है। साथ ही प्रदेश में शिकार पर भी पूरी तरह से प्रतिबंध लगा हुआ है लेकिन लगभग 80 से ज्यादा शिकारी भी श्रम विभाग की वेबसाइट में रजिस्टर है।

नए भाजपा जिलाध्यक्षों की सूची 6 को

रायपुर/नवप्रदेश । भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने बताया कि दो से तीन दिनों में भाजपा जिलाध्यक्षों की सूची जारी हो जाएगी। 6 जनवरी तक जिला अध्यक्षों का ऐलान हो जाएगा। भाजपा का देशभर में संगठन चुनाव चल रहा है। छत्तीसगढ़ में भी बूथ कमेटियों के बाद मंडल अध्यक्षों का चुनाव हो चुका है। अब जिलाध्यक्षों का चुनाव होना है। इसके लिए बीजेपी कार्यालय में अहम बैठक हुई, जहां जिलाध्यक्षों के नामों पर अंतिम मुहर लगाई गई। बैठक में भाजपा के वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

टामन सिंह और श्रवण को नहीं मिली राहत

रायपुर/नवप्रदेश । छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की 2021 राज्य सेवा भर्ती परीक्षा में कथित घोटाले के मामले में छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के पूर्व चेयरमैन टामन सिंह सोनवानी और बजरंग पॉवर इस्पात के डायरेक्टर श्रवण कुमार गोयल जेल में बंद हैं। दोनों आरोपियों को आज शुक्रवार को सीबीआई की विशेष कोर्ट में पेश किया गया। जहां कोर्ट ने दोनों की 14 दिन की रिमांड बढ़ा दी है। सीबीआई ने दोनों को 18 नवंबर को गिरफ्तार किया था।

क्या है पूरा मामला?- सीबीआई जांच में यह सामने आया कि श्रवण कुमार गोयल, जो बजरंग पावर एवं इस्पात लिमिटेड के निदेशक हैं. वह अपने बेटे शशांक गोयल और बहू भूमिका कटियार को डिप्टी कलेक्टर बनाने के लिए 45 लाख रुपये की रिश्वत दी थी. यह रिश्वत 20 और 25 लाख रुपये के दो किस्तों में ग्रामीण विकास समिति के माध्यम से की गई थी। शशांक गोयल और भूमिका कटियार कांग्रेस नेता सुधीर कटियार के दामाद और बेटी हैं. 2021 के सीजीपीएससी परिणाम में शशांक ने तीसरी रैंक और भूमिका ने चौथी रैंक हासिल की थी।

9 ग्रापं बने नगर पंचायत, 7 नपं का पालिका में उन्नयन

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में पिछले साल जनवरी से दिसम्बर के बीच नौ नए नगरीय निकायों का गठन किया गया है। राज्य शासन ने इस दौरान सात नगर पंचायतों का नगर पालिका के रूप में उन्नयन भी किया है। स्थानीय रहवासियों की मांगों पर राज्य शासन ने संवेदनशीलतापूर्वक विचार करते हुए जन-आकांक्षाओं को पूरा करने नए नगरीय निकायों के गठन को मंजूरी दी है। इससे उभरते शहरों के रूप में विकसित हो रहे कस्बों में शहरी सुविधाएं जुटाने के कामों को और गति मिलेगी। राज्य में पिछले वर्ष गठित नगरीय निकायों को मिलाकर अब कुल 192 नगरीय निकाय हो गए हैं। इनमें 14 नगर निगम, 54 नगर पालिका और 124 नगर पंचायत शामिल हैं।

चंदन हत्याकांड, 28 को आजीवन कारावास

लखनऊ (ए.)। 26 जनवरी 2018 को कासगंज में निकाली गई तिरंगा यात्रा में चंदन गुप्ता की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मामले में कोर्ट ने 28 आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। कासगंज में चंदन गुप्ता हत्याकांड में दोषी ठहराए गए 28 आरोपियों को कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई हैं और 50 हजार रुपये जुर्माना लगाया गया है। बता दें कि एक दिन पहले बृहस्पतिवार को ही एनआईए की विशेष अदालत ने 28 आरोपियों को दोषी करार दिया था। जबकि दो को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया था। कासगंज में 26 जनवरी 2018 को तिरंगा यात्रा के दौरान भड़के दंगे में चंदन गुप्ता की हत्या कर दी गई थी।

मनमोहन की याद में अखंड पाठ

नयी दिल्ली (वार्ता)। पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह की स्मृति में उनके आवास पर अखंड पाठ रखा गया जिसमें कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे तथा पार्टी संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी सहित कई प्रमुख लोगों ने हिस्सा लिया और डॉ सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की।

स्वाभिमान, आत्मसम्मान, नई आशाओं और नए सपनों का घर

आप सरकार दिल्लीवासियों के लिए 'आप-दा': मोदी

■ प्रधानमंत्री ने आश्वस्त किया भले ही आज न मिले, लेकिन कल जरूर मिलेगा

नयी दिल्ली (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली की आम आदमी पार्टी (आप) की सरकार को राष्ट्रीय राजधानी वासियों के लिए बड़ी 'आप-दा' करार देते हुए कहा कि अन्ना हजारे को आगे करके कट्टर बेईमानों ने खुलेआम घोटाले एवं भ्रष्टाचार कि और उसका जश्न भी मनाया। मोदी ने शुक्रवार को यहां दिल्ली विधानसभा चुनावों के पहले उत्तरी दिल्ली के अशोक विहार स्थित रामलीला मैदान में झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले गरीबों के लिए 'स्वाभिमान अपार्टमेंट' के लोकार्पण करने के बाद जनसभा को संबोधित करते हुए यह तंज कसा। प्रधानमंत्री ने इसके साथ ही झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले लोगों को आश्वस्त किया कि उन्हें हर हाल में पक्का घर मिलेगा। भले ही आज न मिले लेकिन कल जरूर मिलेगा।

मोदी ने अपने भाषण में कहा कि साल 2025 भारत के विकास के लिए अनेक नई संभावनाएं लेकर आ रहा है। दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक ताकत बनने की ओर हमारी यात्रा इस वर्ष और तेज होने वाली है। आज भारत, दुनिया में राजनीतिक और आर्थिक स्थिरता का प्रतीक बना है, 2025 में भारत की ये भूमिका और सशक्त होगी।

उन्होंने कहा कि यह वर्ष विश्व में भारत में अंतरराष्ट्रीय छवि को और सशक्त करने, भारत को दुनिया का बड़ा मैन्युफेक्चरिंग हब बनाने, युवाओं को नए स्टार्टअप और एंटरप्रेन्योरशिप में आगे बढ़ाने, कृषि क्षेत्र में नए कीर्तिमानों का होगा। उन्होंने कहा कि यह वर्ष महिला नीत विकास के हमारे मंत्र को नई ऊंचाई देने तथा जीवन की सुगमता और गुणवत्ता बढ़ाने का होगा।

'स्वाभिमान अपार्टमेंट्स' गरीबों के स्वाभिमान और उनकी गरिमा को बढ़ाने वाले

प्रधानमंत्री ने कहा, मैं विशेष रूप से उन साथियों को, उन माताओं, बहनों को बधाई देता हूं, जिनकी एक तरह से नई जिंदगी शुरू हो रही है। झुग्गी की जगह पक्का घर, अपना घर..ये नई शुरुआत ही तो है। जिनको ये घर मिले हैं, ये उनके स्वाभिमान का घर है, ये आत्मसम्मान का घर है, ये नई आशाओं और नए सपनों का घर है। मैं आप सभी की खुशियों में आपके उत्सव का हिस्सा बनने यहां आया हूं। 'स्वाभिमान अपार्टमेंट्स' गरीबों के स्वाभिमान और उनकी गरिमा को बढ़ाने वाले हैं। इन घरों के मालिक भले ही दिल्ली के अलग-अलग जगहों के लोग हों, लेकिन ये सब के सब मेरे परिवार के ही सदस्य हैं।

मोदी ने कहा कि आज पूरा देश विकसित भारत के निर्माण में जुटा है। 'विकसित भारत' में देश के हर नागरिक के पास पक्के घर हों, ये संकल्प लेकर हम काम कर रहे हैं। इस संकल्प में? दिल्ली की बहुत बड़ी भूमिका हैं, इसलिए भाजपा की केंद्र सरकार ने झुग्गियों की जगह पक्का घर बनाने का अभियान शुरू किया। उन्होंने कहा, देश भलीभांति जानता है कि मोदी ने कभी अपने लिए घर नहीं बनाया, लेकिन बीते 10 वर्षों में चार करोड़ से अधिक लोगों का सपना पूरा किया है। मैं भी कोई शीश महल बना सकता था, लेकिन मेरे लिए तो मेरे देशवासियों को पक्का घर मिले, यही सपना था। मैं आप सभी से आग्रह करता हूं, जब भी आप बातचीत करते हैं और झुग्गी निवासियों के साथ मिलते हैं, उन्हें मेरी ओर से यह सुनिश्चित करें कि वे निश्चित रूप से पक्का घर प्राप्त करेंगे, यदि आज नहीं, तो कल।

आप ने सिर्फ 10 वर्षों में घोटाले ही किए

मोदी ने दिल्ली की 'आप' सरकार पर हमला करते हुए कहा, बीते 10 वर्षों से दिल्ली एक बड़ी 'आप-दा' से घिरी है। अन्ना हजारे जी को सामने करके कुछ कट्टर बेईमान लोगों ने दिल्ली को 'आप-दा' में धकेल दिया। शराब के ठेकों में घोटाला, बच्चों के स्कूल में घोटाला, गरीबों के इलाज में घोटाला, भर्तियों के नाम पर घोटाला, ये लोग दिल्ली के विकास की बात करते थे, लेकिन ये लोग 'आप-दा' बनकर दिल्ली पर टूट पड़े हैं। ये लोग खुले तौर पर भ्रष्टाचार में संलग्न हैं और यहां तक कि इसका जश्न मनाते हैं। ये और कुछ नहीं चोरी और ऊपर से सीनाज़ोरी है। उन्होंने कहा, दिल्ली वालों ने आप-दा के विरुद्ध जंग छेड़ दी है। दिल्ली का वोटर, दिल्ली को आप-दा से मुक्त करने की ठान चुका है। वो कह रहा है- आप-दा को नहीं सहेंगे, बदल के रहेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा, मैं तो दिल्ली वालों को मुफ्त इलाज की सुविधा देने वाली 'आयुष्मान भारत' योजना का लाभ देना चाहता हूं। आप-दा सरकार को दिल्ली वालों से बड़ी दुश्मनी है। पूरे देश में आयुष्मान योजना लागू है, लेकिन इस योजना को आप-दा वाले यहां (दिल्ली) लागू नहीं होने दे रहे। इसका नुकसान दिल्ली वालों को उठाना पड़ रहा है।

छत्तीसगढ़ की समृद्ध संस्कृति को प्रदर्शित करेगा राजिम कुंभ कल्प : सीएम साय

■ राजिम कुंभ कल्प 2025-अध्यात्म और संस्कृति का भव्य आयोजन

■ 12 से 26 फरवरी तक आयोजित होगा राजिम कुंभ कल्प

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के प्रयाग के रूप में प्रसिद्ध राजिम में 12 फरवरी से 26 फरवरी 2025 तक कुंभ कल्प का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस वर्ष यह अद्भुत धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन 52 एकड़ के नए प्रस्तावित मेला स्थल में संपन्न होगा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मंत्रालय महानदी भवन स्थित बैठक कक्ष में शुक्रवार को राजिम कुंभ कल्प के तैयारियों के संबंध में उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने शाही स्नान, गंगा आरती, संत समागम समेत ■ शेष पृष्ठ 6 पर

अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू ने राजिम कुंभ से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दी

मुख्यमंत्री साय को अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू ने राजिम कुंभ कल्प 2025 के आयोजन से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने पीपीटी के माध्यम से आयोजन स्थल में विभिन्न गतिविधियों के लिए निर्धारित स्थानों के बारे में बताया। कुंभ कल्प में नागरिक सुविधाओं, साधु संतों के आवागमन, शाही स्नान और गंगा आरती को लेकर विभाग के तैयारियों के बारे में जानकारी दी। उल्लेखनीय है कि 12 फरवरी को माघी पूर्णिमा के पावन अवसर पर राजिम कुंभ कल्प का शुभारंभ होगा और 26 फरवरी महाशिवरात्रि को इसका समापन होगा।

एनकाउंटर में 3 नक्सली ढेर

■ सोरनामाल जंगल में 300 जवानों ने चक्रव्यूह बनाकर नक्सलियों को घेरा

गरियाबंद /नवप्रदेश । सुरक्षा बलों ने छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले के नक्सल प्रभावित सोरनामाल जंगल में तीन नक्सलियों का एनकाउंटर किया है। डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड (डीआरजी) और स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) की टीम ने नक्सलियों को चारों तरफ से घेर लिया था। इस नक्सल ऑपरेशन में छत्तीसगढ़-ओडिशा के करीकब 300 जवान मौके पर मौजूद रहे। मौके से शव और आटोमेटिक हथियार बरामद किये गये हैं। गरियाबंद एसपी निखिल राखेचा ने मुठभेड़ की पुष्टि की है।

सुरक्षाबलों ने छत्तीसगढ़ और ओडिशा सीमा से लगे सोरनामाल जंगल में चक्रव्यूह बनाकर नक्सलियों को चारों तरफ से घेर लिया था। इससे नक्सली भाग नहीं पाये। मारे गए नक्सलियों की पहचान की जा रही है। बताया जाता है कि ये नक्सली बस्तर से भागकर गरियाबंद में घुसे थे। पुलिस नक्सली मुठभेड़ के बाद अभी भी सर्चिंग ऑपरेशन जारी है। फोर्स का कहना है कि नक्सल ऑपरेशन से क्षेत्र में नक्सली मामलो को काबू करने में मदद मिलेगी।

मुख्यमंत्री ने किया नव प्रदेश के वार्षिक कैलेंडर का विमोचन

रायपुर/नवप्रदेश। शुक्रवार 3 जनवरी 2025 को राज्य के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने दैनिक नवप्रदेश समाचार पत्र समूह के वार्षिक कैलेंडर का विमोचन किया। इस अवसर पर पत्र समूह के प्रधान संपादक यशवंत धोटे, रायपुर उत्तर विधानसभा के विधायक श्री पुरंदर मिश्रा भी उपस्थित थे।

गरमा-गरम

शराब घोटाला ... *कवासी लखमा, उनके पुत्र हरीश लखमा और तत्कालीन ओएसडी जयंत देवांगन से ईडी की पूछताछ जारी*

कवासी लखमा के साथ हरीश पर लटक रही गिरफ्तारी की तलवार

रायपुर/नवप्रदेश। कवासी लखमा के साथ हरीश के घर छापा में मिले सबूत के अनुसार फिलहाल पूछताछ जारी है। खबरदारों से मिल रही जानकारी के मुताबिक़ ईडी पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर सकती है। इन्हें कोर्ट में पेशकर आगे की पूछताछ के लिए रिमांड की माँग कर सकती है। 28 दिसंबर को पूर्व मंत्री कवासी लखमा उनके बेटे सहित अन्य लोगों के घर ईडी ने तीन ज़िलों के साथ ही स्थान में छापा मार कार्रवाई की थी इस छापे के बाद ईडी ने यह जानकारी दी थी कि शराब घोटाले से जुड़े कई साक्ष्य मिले हैं जो कवासी लखमा से जुड़े हैं। जिसके बाद ईडी ने कवासी को पूछताछ के लिए समन जारी किया था। शराब घोटाला मामला में

पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा, उनके पुत्र हरीश लखमा और तत्कालीन ओएसडी जयंत देवांगन से ईडी की पांच घंटे से पूछताछ जारी है। तीनों से पुजारी चेम्बर्स पचपेड़ी नाका उपक्षेत्रीय कार्यालय में ईडी के अधिकारी एक-एक बात खोद-खोद कर पूछताछ कर रहे हैं।

हो सकती है गिरफ़्तारी साक्ष्य मिले हैं: ईडी

गुरुवार को ईडी ने अपने आधिकारी बयान में कहा था कि रेड के बाद कवासी लखमा के घर में कई सूबत मिले हैं. ईडी ने अपने बयान में कहा था कि कवासी लखमा द्वारा नकद में पीओसी के उपयोग से संबंधित सबूत जुटाने में सक्षम हो गया है. इसके अलावा, तलाशी में कई डिजिटल डिवाइस बरामद और जब्त की गईं, जिनके बारे में माना जाता है कि उनमें आपत्तिजनक रिकॉर्ड हैं।

मुकेश की हत्या गला घोंट कर की गई, ठेकेदार का भाई गिरफ्तार

■ ठेकेदार के परिसर स्थित सेप्टिक टैंक में लाश मिलने से पत्रकारों में आक्रोश

बीजापुर/प्रदेश । पुलिस द्वारा किए गए पंचनामे में पत्रकार मुकेश चंद्राकर के शव पर कई जगहों पर गंभीर चोट के निशान मिले हैं। उनके सिर पर सात जगह नुकीले हथियार से वार के निशान पाए गए, जबकि माथे पर कुल्हाड़ी से वार के निशान मिले हैं। जांच में यह बात सामने आई है कि उनकी हत्या गला घोंटकर की गई है। जानकारी के अनुसार ठेकेदार सुरेश चंद्राकर के भाई को पुलिस ने इस मामले में गिरफ्तार किया है, वहीं अन्य आरोपी फरार बताए जा रहे है। तीन दिनों से लापता पत्रकार मुकेश चंद्राकर की लाश घर से 2 किमी और बीजापुर थाने से पांच किमी की दूरी पर चट्टानपारा इलाके में सेप्टिक टैंक में मिली है। लाश मिलने की सूचना पर पुलिस ने मौके की घेराबंदी कर जांच में जुटी है। मुकेश चंद्राकर 1 जनवरी की शाम टी-शर्ट और शॉट्र्स में घर से बाहर निकले थे। कुछ देर के बाद उनका फोन स्विच ■ शेष पृष्ठ 6 पर

महाकुंभ 2025: सनातन धर्म के सार की यात्रा, आस्था और विरासत की दिव्य यात्रा

प्रयागराज पौराणिक कथाओं, आध्यात्मिकता और इतिहास का संगम

सनातन धर्म के शिखर के रूप में प्रतिष्ठित महाकुंभ, 2025 में प्रयागराज में अपनी भव्यता को प्रदर्शित करेगा। "तीर्थराज" या तीर्थराज के रूप में जाना जाने वाला प्रयागराज एक ऐसा शहर है जहाँ पौराणिक कथाओं, आध्यात्मिकता और इतिहास का संगम होता है, जो इसे सनातन संस्कृति का एक कालातीत अवतार बनाता है। यह पवित्र भूमि, जहाँ गंगा , यमुना और रहस्यमयी सरस्वती नदियाँ मिलती हैं , दिव्य आशीर्वाद और मोक्ष चाहने वाले लाखों लोगों के लिए एक आध्यात्मिक आकर्षण के रूप में कार्य करता है। भक्ति, ध्यान और आध्यात्मिकता की 'त्रिवेणी' के रूप में महाकुंभ एक दिव्य यात्रा में बदल जाता है। प्रयागराज के आध्यात्मिक रत्नों में से एक है, लोकनाथ इलाके में स्थित प्रतिष्ठित बाबा लोकनाथ महादेव मंदिर।

अयोध्या/नवप्रदेश। महाकुंभ की दिव्य छत्रछाया में एकत्रित हुए हम सभी की आस्था और भक्ति का अमृत हमारी आत्माओं को पवित्र करे। महाकुंभ नगर में केंद्रीय अस्पताल आध्यात्मिक उत्साह के बीच, आशा और जीवन शक्ति के एक नए अध्याय की शुरुआत करता है। महाकुंभ उत्सव के प्रारंभ से तुंरत पहले ' गंगा ' नाम की एक बच्ची का जन्म पवित्रता और पवित्र नदियों के सार का प्रतीक है। एक और नवजात शिशु, ' कुंभ ' नाम के एक बच्चे के जन्म के साथ , ये जन्म जीवन के चक्र और महाकुंभ के उत्सव के आशीर्वाद को समाहित किए हुए है। महाकुंभ की आधिकारिक शुरुआत से पहले प्रारंभ हुआ यह अस्पताल उत्तर प्रदेश सरकार की कुशल तैयारियों का एक प्रमाण है।

अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस यह अस्पताल सुनिश्चित करता है कि महाकुंभ की पवित्रता मानव कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता और परंपरा को प्रगति के साथ संबंध कर प्रदर्शित हो।

काशी के बाबा विश्वनाथ के प्रतिरूप माने जाने वाले बाबा लोकनाथ मंदिर में शाश्वत भक्ति की गूंज सुनाई देती है। इस स्वयंभू शिव लिंग का उल्लेख स्कंद पुराण और महाभारत में मिलता है, जो इसकी प्राचीन जड़ों को रेखांकित करता है। तीर्थयात्रियों का मानना है कि बाबा लोकनाथ का आशीर्वाद लेने से सांसारिक संघर्ष कम हो सकते हैं और भव्य महाकुंभ के दौरान हजारों लोग इस पवित्र स्थल पर दिव्य अनुभव करने के लिए एकत्रित होते हैं। मदन मोहन मालवीय जैसी हस्तियों के साथ जुड़ने से मंदिर की सांस्कृतिक विरासत और समृद्ध हुई है। शिवरात्रि पर इसका प्रतिष्ठित शिव बारात जुलूस और जीवंत होली समारोह प्रयागराज के आध्यात्मिक उत्साह की जीवंत तस्वीर में चार चांद लगा देते हैं। महाकुंभ के आध्यात्मिक शहर का अखाड़ा क्षेत्र भक्ति से सराबोर है, क्योंकि नागा संन्यासी और संत अनुष्ठान करने, ध्यान करने और ज्ञान साझा करने के लिए एकत्रित होते हैं। उनमें से, महंत श्रवण गिरि और महंत तारा गिरि की कहानियाँ एक अनोखे आकर्षण के साथ गूंजती हैं। अपने पालतू जानवरों - क्रमशः लाली और सोमा - के प्रति उनका गहरा प्रेम सनातन धर्म के दयालु सार को उजागर करता है, जहाँ हर जीवित प्राणी को दिव्य माना जाता है। सांसारिक बंधनों को त्यागने वाले ये संत अपने पालतू जानवरों के साथ पारिवारिक बंधन पाते हैं, जो अहिंसा और बिना शर्त प्यार के सिद्धांत को स्वीकारते हैं।

■ न्यूज गैलरी

गुरमीत राम रहीम को सुप्रीम कोर्ट का नोटिस

नई दिल्ली। बहुचर्चित रणजीत सिंह हत्याकांड मामले में हाईकोर्ट के फैसले के बाद बरी किए डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम सिंह को सुप्रीम कोर्ट ने नोटिस दिया है। मई 2024 में पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने हत्याकांड में राम रहीम को बरी कर दिया था। हाईकोर्ट के फैसले को हत्याकांड की जांच कर रही सीबीआई ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। अब सुप्रीम कोर्ट ने डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम सिंह और चार अन्य को नोटिस जारी किया है। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और जस्टिस संजय कुमार की खंडपीठ ने मामले में बरी किए गए आरोपियों से जवाब मांगा है। 28 मई 2024 को पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने सीबीआई की सजा को खारिज करते हुए राम रहीम समेत चार आरोपियों को बरी कर दिया था।

हरि बाबू कंभमपति बनें ओडिशा के नए राज्यपाल

भुवनेश्वर। हरि बाबू कंभमपति ने शुक्रवार को राजभवन में एक कार्यक्रम के दौरान ओडिशा के 27वें राज्यपाल के तौर पर शपथ ली। ओडिशा हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश चक्रधारी शरण सिंह ने उन्हें शपथ दिलाई। कंभमपति ने मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी की उपस्थिति में शपथ ग्रहण की। इस दौरान विधानसभा में विपक्ष के नेता नवीन पटनायक, राज्य मंत्री, विधायक, सांसद और भाजपा के अन्य नेता भी मौजूद थे।

नकारात्मक मानसिक शक्तियों का मुकाबला करने में विभिन्न प्रकार के ध्यान भी उपयोगी

मानसिक स्वास्थ्य को लेकर बढ़ रही जागरूकता

NIMHANS की सेवाओं की सराहना कर बोलीं राष्ट्रपति

बंगलूरू। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य और तंत्रिका विज्ञान संस्थान (NIMHANS) की एकीकृत चिकित्सा सेवाओं की सराहना की और इसे सभी के लिए एक आदर्श मॉडल बताया। उन्होंने कहा, 'एनआईएमएचएएनएस की एकीकृत चिकित्सा सेवाएं मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा देने में योग और आयुर्वेद का उपयोग करके मनोरोग और तंत्रिका संबंधी समस्याओं का इलाज करने के लिए एक आदर्श हैं।'

3T MRI स्कैनर और छ्ड्ड सिस्टम देश को दिया

उन्होंने यहां संस्थान के स्वर्ण जयंती समारोह के दौरान मनोचिकित्सा विशेषज्ञ ब्लॉक, केंद्रीय प्रयोगशाला परिसर और भीमा छात्रावास का उद्घाटन किया। इसके साथ ही उन्होंने अत्याधुनिक डायग्नोस्टिक सुविधाएं- 3ञ्ज एमआरआई स्कैनर और डीएसए सिस्टम भी देश को समर्पित किया।

'मानसिक स्वास्थ्य के बारे में बढ़ रही जागरूकता'

उन्होंने यह भी कहा कि अतीत में कुछ समाजों में मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों और चिंताओं पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया गया था। उन्होंने कहा कि हाल के दिनों में मानसिक स्वास्थ्य के बारे में जागरूकता बढ़ रही है। मानसिक बीमारियों से जुड़ी अवैज्ञानिक मान्यताएं अतीत की बात हो गई हैं, जिससे विभिन्न बीमारियों से पीड़ित लोगों के लिए मदद लेना आसान हो गया है।

हम जो भी महसूस करते हैं...

उन्होंने आगे कहा कि नकारात्मक मानसिक शक्तियों का मुकाबला करने में विभिन्न प्रकार के ध्यान भी उपयोगी हैं। उन्हें मानसिक स्वास्थ्य देखभाल मॉडल में एकीकृत किया जा रहा है। राष्ट्रपति ने पारंपरिक तरीकों का उपयोग करने के महत्व को रेखांकित किया जो सभी के लिए फायदेमंद हैं। मुर्मू ने कहा, 'हमारे शास्त्रों में कहा गया है कि मन वह है जो हम दुनिया में जो कुछ भी महसूस करते हैं, उसकी जड़ है।' उन्होंने रेखांकित किया कि आने वाले वर्षों में मानसिक स्वास्थ्य पर अधिक ध्यान देना और भी महत्वपूर्ण हो जाएगा।

द्रौपदी मुर्मू ने कहा, 'यह स्वागत करने लायक विकास है, विशेष रूप से इस मोड़ पर, क्योंकि दुनिया भर में विभिन्न प्रकार के मानसिक स्वास्थ्य मुद्दे महामारी का रूप ले रहे हैं। विशेष रूप से कोविड महामारी ने ऐसी चिंताओं में वृद्धि की है। कामकाजी पेशेवर अधिक तनाव का सामना करते हैं तथा बड़ी संख्या में बुजुर्ग लोग सामाजिक चुनौतियों के कारण अकेलेपन से पीड़ित हैं।'

पांच साल के भीतर दूसरी महामारी का बढ़ रहा खतरा

नई दिल्ली। साल 2019 के अंत में दुनियाभर में शुरू हुई कोरोना महामारी को पांच साल से अधिक का समय बीत गया है। कोरोना के मामले वैश्विक स्तर पर भले ही फिलहाल बहुत कम हो गए हैं पर विशेषज्ञ कहते हैं इसे बिल्कुल नजरअंदाजा नहीं किया जा सकता है। सभी वायरस जिंदा रहने के लिए प्राकृतिक रूप से म्यूटेट होते रहते हैं जिस वजह से भविष्य में कोरोना के नए वैरिएंट्स के जोखिमों को अनदेखा नहीं किया जा सकता है।

वैश्विक आंकड़ों से पता चलता है कि कोविड-19 के कारण महामारी की शुरुआत से अब तक 70.47 करोड़ से अधिक लोग संक्रमित हो चुके हैं, जबकि 70.10 लाख से अधिक लोगों की संक्रमण से मौत हो चुकी है। हालिया रिपोर्ट्स में स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, पांच साल के भीतर दुनियाभर में कोरोना के बाद एक और महामारी का खतरा बढ़ता हुआ देखा जा रहा है। इस बार जिस वायरस को लेकर चिंता जताई जा रही है वो है- बर्ड फ्लू (एच5ए1)। हाल के कुछ महीनों में यूएस-यूके सहित कई देशों में न सिर्फ बर्ड फ्लू के

मामले तेजी से बढ़े हैं साथ ही इसके कारण होने वाली स्वास्थ्य जटिलताओं ने स्वास्थ्य क्षेत्र पर दबाव भी बढ़ा दिया है। ऐसे में सवाल खड़ा हो रहा है कि क्या आने वाले दिनों में हमें एक और महामारी का सामना करना पड़ सकता है?

चीन में एचएमपीवी के मामलों को लेकर चर्चा

कई मीडिया रिपोर्ट्स और सोशल मीडिया पर चीन में एक ÷नई महामारी÷ के बढ़ते खतरे को लेकर चर्चा की जाती रही है। कुछ पोस्ट में दावा किया जा रहा है कि अस्पताल और श्मशान घाट फिर से पैक देखे जा रहे हैं। लोगों को इन्फ्लूएंजा ए, माइकोप्लाज्मा न्यूमोनिया और एचएमपीवी जैसे वायरस का शिकार पाया जा रहा है। हालांकि इसको लेकर न तो चीन सरकार न ही विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएओ) ने कोई अलर्ट जारी किया है या फिर कोई आधिकारिक जानकारी दी है।

मालदीव के विदेश मंत्री से मुलाकात पर बोले जयशंकर, 'भारत हमेशा द्वीप राष्ट्र के साथ खड़ा है'

नई दिल्ली। भारत और मालदीव ने सीमा पार व्यापार के लिए स्थानीय मुद्राओं के उपयोग को बढ़ावा देने की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया। केंद्रीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने आश्वासन दिया कि भारत हमेशा द्वीप राष्ट्र के साथ खड़ा रहेगा। राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली में जयशंकर ने मालदीव के अपने समकक्ष अब्दुल्ला खलील से मुलाकात की। बता दें कि मालदीव के विदेश मंत्री गुरुवार को तीन दिवसीय दौरे पर भारत पहुंचे। इस दौरे का लक्ष्य दोनों देशों के बीच समुद्री सुरक्षा, व्यापार और निवेश सहित कई प्रमुख क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के तरीके तलाशना है। अपने समकक्ष का स्वागत करते हुए जयशंकर ने कहा, "मैं आपकी पहली आधिकारिक यात्रा पर आपका और आपके प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करता हूं। मैं नए साल की भी बधाई देता हूं और मैं यह कहना चाहूंगा कि आप मेरे पहले विजिटर हैं। इसलिए आपका दोगुना स्वागत

है।" उन्होंने आगे कहा, "हमारे पास बात करने के लिए कुछ महत्वपूर्ण विषय हैं। इसके अलावा और भी बहुत कुछ है, जो हमें करने की आवश्यकता है। मैं देख रहा हूं कि सीमा पार लेनदेन के लिए स्थानीय मुद्राओं के उपयोग को बढ़ावा देने की रूपरेखा पर हस्ताक्षर किए गए हैं।"

जयशंकर ने कहा, " मैंने देखा कि सीमा पार लेनदेन के लिए स्थानीय मुद्राओं के उपयोग को बढ़ावा देने की रूपरेखा पर हस्ताक्षर किए गए हैं। हमने कई क्षेत्रों में अपनी सहभागिता बढ़ाई है और मैं यह कहना चाहूंगा कि भारत हमेशा मालदीव के लिए खड़ा है।÷ बता दें कि हिंद महासागर क्षेत्र में मालदीव भारत का प्रमुख पड़ोसी देशों में से एक है। रक्षा और सुरक्षा के क्षेत्रों में मालदीव की पिछली सरकार के साथ काफी ज्यादा प्रगति देखी गई थी। नवंबर 2023 में मालदीव में मोहम्मद मुइज्जू की सरकार आने के बाद से भारत और मालदीव के संबंधों में दरार आ गई थी। राष्ट्रपति पद की शपथ लेने के कुछ ही देर बाद मुइज्जू ने अपने देश से भारतीय सैनिकों को वापस बुलाने की मांग की थी। भारतीय सैनिकों के जाने के बाद वहां सिविल अधिकारियों ने उनका स्थान ले लिया। हालांकि, अक्तूबर में अपनी दिल्ली यात्रा के दौरान मुइज्जू ने भारत के साथ द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने की कसम भी खाई थी। बैठक में दोनों देशों ने इस बात पर भी सहमति जताई कि भारत उथुरु थिला फाल्हू में मालदीव राष्ट्रीय रक्षा बलकी 'एकथा' बंदरगाह परियोजना को समय पर पूरा करने का समर्थन करेगा।

राजस्थान में भीषण हादसे में 5 की मौत, 8 की हालत नाजुक

उदयपुर। राजस्थान के उदयपुर में भीषण सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई। वहीं नौ लोग घायल हैं। हादसा गोगुंदा-पिंडवाड़ा नेशनल हाईवे पर शुक्रवार दोपहर साढ़े 12 बजे हुआ। ब्रेक फेल होने के बाद एक ट्रेलर ने टेंपो को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में टेंपो में सवार 4 महिलाओं और एक 13 साल के बच्चे की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक टेंपो चालक सालेरिया गांव से सवारियां लेकर आ रहा था।

लखनऊ हत्याकांड: उधारी के पैसों से जनाजे का 'सफर'...

■ संभल में चंदा जुटाकर दफनाए गए अरशद की मां और चारों बहनों के शव

संभल। लखनऊ हत्याकांड में मौत की नींद सोने वाली अस्मा और उनकी चार बेटियों का दफीना संभल स्थित मायके में शुक्रवार को हुआ। दफीना हुआ ये बड़ी बात नहीं है, लेकिन किन परिस्थितियों में हुआ, यह किसी दास्तां से कम नहीं। गरीबी रेखा में जीवन जीने वाले मायके पक्ष के लोगों ने पहले उधार के पैसों से लखनऊ में हुए घटनास्थल तक का सफर तय किया और फिर वहां से शवों को घर लाकर दफीने के लिए चंदा जुटाया। जिसे भी इसके बारे में पता चला, वो उनकी किस्मत को कोसते नजर आया। दरअसल, संभल के सरायतरीन में रिक्शा चलाने वाले फक्करे आलम का परिवार

रहता है। फक्करे आलम चार साल पहले गुजर चुके हैं। अब उनके दो पुत्र और चार बेटियां हैं। इनमें सबसे बड़ी बेटी अस्मा का निकाह 2000 में बदायूं में चौधरी सराय के बदर अली के साथ किया था। बदायूं में बदर अली का अपने परिवार के लोगों से विवाद हुआ और दूरियां बन गईं। इसके बाद बदर अली अपनी पत्नी अस्मा, बेटे अरशद और चार बेटियों अल्शिया, रहमीन, अक्सा और आलिया को ले जाकर आगरा के इस्लाम नगर में में रहने लगे। बदर खां की न सिर्फ अपने परिवार के लोगों से बिगड़ी, बल्कि वह ससुराल पक्ष के लोगों से भी विवाद रखता था। यही वजह थी कि वर्ष 2018 के बाद अस्मा कभी अपने मायके में नहीं आई। जहां तक की चार साल पहले हुई पिता की मौत में शामिल नहीं हुई। क्योंकि जब-जब वह मायके आने के लिए कहती, तभी पति बदर अली विवाद करता था, इसलिए मायके वालों का भी वास्ता न के बराबर रहा। समय गुजरता गया और जिंदगी का पहिया का भी चलता गया। इसी बीच बदर अली के परिवार को नजर लगी और पल में सबकुछ खत्म हो गया। खत्म करने वाले कोई और नहीं, बल्कि बदर खां और उसका बेटा ही निकला।

डीएमके सांसद कथिर आनंद के पांच ठिकानों पर ईडी की छापेमारी

नई दिल्ली। मनी लॉड्रिंग मामले में ईडी ने शुक्रवार को डीएमके नेता और सांसद कथिर आनंद के पांच ठिकानों पर छापेमारी की। कथिर आनंद डीएमके के वरिष्ठ नेता और तमिलनाडु मंत्रिमंडल में दूसरे नंबर के नेता एस दुरईमुरुगन के बेटे हैं और वेल्लोर लोकसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं। छापेमारी को लेकर डीएमके ने कहा कि यह कार्रवाई राजनीतिक प्रतिशोध में की जा रही है। ईडी ने सांसद कथिर आनंद के पिता डीएमके महासचिव और तमिलनाडु के जल

संसाधन मंत्री दुरईमुरुगन के आवास पर भी छापेमारी की। छापेमारी आरबीआई के दिशा-निर्देशों के उल्लंघन और 500 और 1000 रुपये के नोटों को 200 रुपये के नोटों से बदलने में बैंक अधिकारियों की ओर से की गई धोखाधड़ी को लेकर की गई है। 2019 में सांसद कथिर आनंद और उनसे जुड़े ठिकानों से 11 करोड़ रुपये की बेहिसाब नकदी जब्त किए जाने के बाद वेल्लोर में लोकसभा चुनाव रद्द कर दिए गए थे। अगस्त 2019 में दोबारा चुनाव हुए तो कथिर आनंद ने डीमएके के टिकट पर 8141 मतों के मामूली अंतर से जीत हासिल की। उन्होंने एआईएडीएमके के एसी षणमुगम को हराया। उन्होंने 2024 के लोकसभा चुनाव में फिर से उन्हें हराया। ईडी ने जुलाई 2023 में तमिलनाडु सरकार में वन मंत्री के पोनमुडी और उनके बेटे डॉ. पी गौतम सिगामणि के परिसरों पर छापेमारी की थी। इसके बाद उनकी 14 करोड़ की संपत्ति जब्त की गई थी। पोनमुडी पर आरोप है कि वे 2007-2010 तक तमिलनाडु सरकार में खान मंत्री थे। इस दौरान उन्होंने अपने बेटे डॉ. पी गौतम सिगामणि, सिगामणि के बहनोई केएस राजमहेंद्रन और जयचंद्रन के नाम पर खनन के पांच लाइसेंस जारी किए।

सैन्य सहयोग... | **नौसैनिक वायु प्रशिक्षण का उद्देश्य दोनों नौसेनाओं के बीच अंतर-संचालन क्षमता विकसित करना**

भारत आ रहा फ्रांस का विमानवाहक पोत 'चार्ल्स डी गॉल', गोवा-कोच्चि के बंदरगाहों पर होगा ठहराव

नई दिल्ली । फ्रांस का परमाणु ऊर्जा से चलने वाला विमान वाहक पोत चार्ल्स डी गॉल और इसका पूरा कैरियर स्ट्राइक (सीएसजी) भारत आ रहा है। यह समूह मिशन क्लेमेंस्यू 25 के तहत शनिवार को गोवा और कोच्चि के बंदरगाह पर पहुंचेगा। इसे भारत-फ्रांस के बीच मजबूत होती रक्षा साझेदारी और रणनीतिक संबंधों का शक्तिशाली प्रदर्शन माना जा रहा है। मौजूदा समय में चार्ल्स डी गॉल के साथ सीएसजी हिंद महासागर में है। जहां यह भारत समेत क्षेत्रीय सहयोगियों के साथ संयुक्त प्रशिक्षण कर रहा

है। इसके बाद यह ला पेरोस अभ्यास के लिए इंडोनेशियाई क्षेत्र और फिर प्रशांत महासागर में पैसिफिक स्टेलर अभ्यास के लिए जाएगा।

भारत में फ्रांस के दूतावास ने कहा कि मिशन क्लेमेंस्यू 25 के तहत चार्ल्स डी गॉल सीएसजी और भारतीय नौसेना के जहाज 42वें वार्षिक वरुण द्विपक्षीय अभ्यास में भाग लेंगे। यह चार जनवरी को गोवा और कोच्चि में रुकेगा। इस नौसैनिक वायु प्रशिक्षण का उद्देश्य दोनों नौसेनाओं के बीच अंतर-संचालन क्षमता विकसित करना और वायु, सतह और पनडुब्बी के क्षेत्रों में बहु-परिवेशीय खतरे से निपटने के लिए चालक दल तैयार करना है। फ्रांस का परमाणु ऊर्जा से संचालित विमान वाहक पोत चार्ल्स डी गॉल और इसका पूरा कैरियर स्ट्राइक (सीएसजी) ग्रुप एक विशाल नौसैनिक बेड़ा है। इस विमानवाहक पोत में बड़ी संख्या में विध्वंसक, फ्रिगेट और अन्य जहाज होते हैं। दूतावस ने यह भी कि 2008 से फ्रांस हिंद महासागर नौसेना संगोष्ठी का सदस्य रहा है। इसकी शुरुआत भारत ने की थी और यह हिंद महासागर के देशों की 25 नौसेनाओं को एक साथ लाता है। इस मंच का उद्देश्य समुद्री मुद्दों की एक श्रृंखला से निपटने में सामूहिक प्रभावशीलता को बढ़ाना है।

फ्रांस का प्रमुख साझेदार रहा है भारत

फ्रांसीसी दूतावास ने कहा कि भारत 1998 से फ्रांस का सबसे प्रमुख रणनीतिक साझेदार रहा है और उत्कृष्ट भारत-फ्रांस सैन्य सहयोग की विशेषता कई द्विपक्षीय अभ्यास जैसे कि जमीन पर शक्ति, समुद्र में वरुण और हवा में गरुड़ हैं। भारत ने फ्रांसीसी नौसेना के जहाजों द्वारा किए गए कई परिचालन स्टॉपओवर की मेजबानी भी की है। यह 2022 से 16 बंदरगाह कॉल हैं। हिंद महासागर से जुड़े राष्ट्रों के रूप में फ्रांस और भारत नियमित रूप से समुद्री सुरक्षा में योगदान देने के लिए सहयोग करते हैं।

अजय कुमार भल्ला ने ली मणिपुर के राज्यपाल के तौर पर शपथ

इंफाल। पूर्व केंद्रीय गृह सचिव अजय कुमार भल्ला ने मणिपुर के 19वें राज्यपाल के तौर पर शपथ ली। उन्हें मणिपुर हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डी कृष्णाकुमार ने शपथ दिलाई। उन्होंने राइफल्स के जवानों द्वारा दिए गए गार्ड ऑफ ऑनर का निरीक्षण किया। बता दें कि अजय कुमार भल्ला लंबे समय तक केंद्रीय गृह सचिव रहे। उन्होंने पिछले साल ही अगस्त में अपना पांच साल का कार्यकाल पूरा किया था। 1984 बैच के आईएएस अधिकारी (सेवानिवृत्त) अजय कुमार भल्ला को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पिछले

साल ही मणिपुर का राज्यपाल नियुक्त किया था। असम के राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य मणिपुर का अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे थे। अजय भल्ला गुरुवार को इंफाल पहुंचे। मुख्यमंत्री एन.बीरेन सिंह ने राजभवन में उका स्वागत किया।

राज्यपाल रमेन डेका से मिले कुलपति, जनप्रतिधि और पद्मश्री बारले ने दी नववर्ष की शुभकामनाएं

रायपुर/नवप्रदेश। राज्यपाल रमेन डेका से शुक्रवार को राजभवन में पद्मश्री उषा बारले ने भेंट कर नव वर्ष की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर अमरदास बारले उपस्थित थे। वहीं विधायकद्वय अजय चंद्राकर और विधायक धरमलाल कौशिक ने सौजन्य भेंट की। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के कुलपति डॉ. गिरिश चंदेल एवं दाऊ वासुदेव चंद्राकर कामधेनू विश्वविद्यालय दुर्ग के कुलपति डॉ. आर.आर.बी. सिंग ने भेंट कर नववर्ष की शुभकामनाएं दीं और विश्वविद्यालयों की गतिविधियों से अवगत कराया। इस अवसर पर राज्यपाल डेका ने कृषि विश्वविद्यालय द्वारा प्रकाशित कैलेण्डर कृषि पंचाग-2025 का विमोचन किया। साथ ही राजभवन में नवजीवन सेवा समिति, बिलासपुर के संस्थापक सदस्य सुरेश हंटर ने भेंट कर नववर्ष की शुभकामनाएं दी। डेका ने भी उन्हें नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर राजेश मसीह उपस्थित थे।

न्यूज गैलरी

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज करेंगे पदयात्रा

रायपुर/नवप्रदेश। 4 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज बस्तर में एक दिवसीय पदयात्रा करेंगे। एनएमडीसी नगर नार के विनिवेशीकरण का विरोध, एनएमडीसी का मुख्यालय बस्तर लगाने की मांग, सीएसआर मद का पैसा स्थानीय युवाओं को रोजगार देने तथा बस्तर के खूटपदर में सुपरस्पेशलिस्ट अस्पताल के प्रोजेक्ट रद्द करने के खिलाफ पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज 4 जनवरी को खूटपदर से बस्तर तक एक दिन की पदयात्रा करेंगे। नगरनार संयंत्र की स्थापना के समय संयंत्र के लिये प्रभावित गांव खूटपदर गांव में एनएमडीसी द्वारा सुपर स्पेशलिटी अस्पताल बनाने का वादा किया था, भाजपा सरकार इस अस्पताल को बनने से रोकने का षड़यंत्र कर रही है। बस्तर विकास प्राधिकरण की बैठक में पारित 22 एकड़ जमीन खूंटपदर में जमीन आबंटित की गई थी जिस पर एनएमडीसी की साफप्रतिक्रिया आई है कि अब हम अस्पताल नहीं बनाएंगे एनएमडीसी ने वादा किया था कि अस्पताल हम बनायेंगे किंतु भारतीय जनता पार्टी की सरकार उस प्रोजेक्ट पर पूर्णतः ग्रहण लगा चुकी है कुल मिलाकर यह सरकार स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर गंभीर नहीं है,लगातार जनता की आवाज को अनसुना किया जा रहा है यह लोकतांत्रिक मूल्यों का अपमान है।

पॉवर कंपनीज के कार्यपालक निदेशक जे.एस नेताम की विदाई

रायपुर/नवप्रदेश। पॉवर कंपनीज के रायपुर शहर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक जे.एस नेताम को स्थानांतरण उपरान्त विदाई दी गई। नेताम ने जामुलकर को रायपुर शहर क्षेत्र का पदभार सौंपा। इसी के साथ नवपदस्थ मुख्य अभियंता एम.जामुलकर ने पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर दोनों अधिकारियों ने पुष्पगुच्छ का आदान प्रदान कर परस्पर अभिनंदन किया और शुभकामनाएं दीं। जामुलकर ने कंपनी द्वारा सौंपे गये इस दायित्व के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि नये वर्ष मे प्रवेश के साथ नई जिम्मेदारी को निष्ठा के साथ पूर्ण करेंगे। रायपुर शहर क्षेत्र की विद्युत विकास की गति को आगे बढ़ाने में टीम के साथ सतत् प्रयासरत रहेंगे। नये साल में अब रायपुर शहर क्षेत्र की कमान एम जामुलकर संभालेंगे। उन्हें दुर्ग क्षेत्र से स्थानांतरित कर रायपुर शहर क्षेत्र का कार्यभार सौंपा गया है।

छत्तीसगढ़ में शौण्डिक समाज का दोदिवसीय भव्य सम्मेलन

राष्ट्रीय सम्मेलन और सम्मान समारोह का आयोजन, समाज की एकता और विकास पर होगा मंथन

■ **मुख्यमंत्री सहित कई गणमान्य लोग होंगे शामिल**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में 11 और 12 जनवरी 2025 को 2 दिवसीय अखिल भारतीय शौण्डिक राष्ट्रीय सम्मेलन सह सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम अखिल भारतीय शौण्डिक संघ के तत्वावधान में विधानसभा रोड स्थित लोटस रिसॉर्ट में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मुख्य आतिथ्य में आयोजित होगा।

आपको बता दें कि, कुछ दिन पहले प्रदेश अध्यक्ष श्री शिवरतन प्रसाद गुप्ता, प्रदेश संयोजक श्री श्याम किशोर गुप्ता, प्रमुख सलाहकार श्री ओम प्रकाश गुप्ता और श्री सुरेश प्रसाद गुप्ता सहित शौण्डिक समाज के प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात कर इस सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया था। मुख्यमंत्री ने इस आमंत्रण को स्वीकार करते हुए

सम्मेलन की सफलता की कामना की थी।शौण्डिक समाज का यह सम्मेलन समाज की एकता, समृद्धि और योगदान पर केंद्रित होगा। कार्यक्रम में समाज के प्रमुख मुद्दों पर चर्चा के साथ सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और सम्मान समारोह का भी आयोजन किया जाएगा। सम्मेलन में भारत के विभिन्न राज्यों के अलावा पड़ोसी देश नेपाल, मॉरिषस से भी सजातीय बंधु भाग लेने आ रहे है।

कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में 11 जनवरी को सुबह 11 बजे छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय मुख्य अतिथि होंगे। अध्यक्षता अखिल भारतीय शौण्डिक संघ के सभापति प्रो. राम अवतार महतो करेंगे। अति विशिष्ट अतिथियों में डॉ. पूर्णेदु सक्सेना, क्षेत्र संघचालक (राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ) और मंत्री श्री रामविचार नेताम एवं रायपुर के सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल शामिल होंगे।

दूसरे दिन परिचर्चा और चिंतन

12 जनवरी को समाज की एकता, सामाजिक उत्तरदायित्व, युवाओं का भविष्य, और वैवाहिक परंपराओं पर चर्चा के लिए परिचर्चा और चिंतन सत्र का आयोजन होगा। यह सत्र समाज के विकास और सहयोग को प्रोत्साहित करने पर केंद्रित रहेगा। रजिस्ट्रेशन एवं सहभागिता का आह्वान, आयोजकों ने सभी समाज बंधुओं से इस महत्वपूर्ण आयोजन में पंजीकरण कर भाग लेने की अपील की है।

तनाव प्रबंधन एवं मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला सात को

■ **रायपुर प्रेस क्लब और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, रायपुर का संयुक्त आयोजन**

रायपुर/नवप्रदेश। भागदौड़ और तनाव भरी जिंदगी में शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखना जरूरी है। शारीरिक स्वास्थ्य का तो हम ध्यान रख लेते हैं, लेकिन मानसिक स्वास्थ्य को लेकर बहुत कम जागरूक हैं। छोटी-छोटी बातों में चिड़चिड़ापन, गुस्सा, उदासी लोगों पर हावी हो रही है। काम का तनाव और दबाव झेलने की क्षमता लोगों में कम हो रही है। इसी को ध्यान में रखते हुए रायपुर प्रेस क्लब और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, रायपुर की ओर से तनाव प्रबंधन एवं मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन प्रेस क्लब, मोतीबाग में 7 जनवरी 2025 को किया जा रहा है। इस बेहद महत्वपूर्ण कार्यशाला में भाग लेने के लिए इच्छुक सदस्य 4 जनवरी 2025 तक प्रेस क्लब कार्यालय में अपना नाम दर्ज करा सकते हैं। कार्यशाला में बेहतर जीवन शैली, स्वास्थ्य जागरूकता और तनाव को कैसे से हैंडल करना है, इसका प्रशिक्षण बेंगलुरू से आए विशेषज्ञों द्वारा दिया जाएगा। प्रेस क्लब अध्यक्ष प्रफुल्ल ठाकुर, महासचिव डॉ. वैभव शिव पांडेय, उपाध्यक्ष संदीप शुक्ला, कोषाध्यक्ष रमन हलवाई और संयुक्त सचिव तृप्ति सोनी, अरविंद सोनवानी ने इच्छुक सदस्यों से इस महत्वपूर्ण और जरूरी कार्यशाला में भाग लेने की अपील की है।

अनियमितता पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी निलंबित

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य शासन ने दल्लीराजहरा नगर पालिका के मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री भूपेन्द्र वार्डेकर को निलंबित कर दिया है। कोंडागांव नगर पालिका में प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी की पदस्थापना के दौरान अध्यक्ष कक्ष के रिनोवेशन कार्य एवं फर्नीचर खरीदी में गंभीर अनियमितता पाए जाने पर गंभीर कदाचार मानते हुए राज्य शासन ने उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

विस अध्यक्ष डा. रमन सिंह से महाराष्ट्र मंडल के प्रतिनिधि मंडल ने की नववर्ष पर भेंट

■ **मराठी कैलेंडर सौंपकर अजय काले ने दिया पिछले साल की गतिविधियों का ब्यौरा**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डा. रमन सिंह से महाराष्ट्र मंडल के प्रतिनिधि मंडल ने उनके निवास पर मुलाकात कर उन्हें नववर्ष की बधाई व शुभकामनाएं दीं। साथ ही मंडल के वर्ष 2025 का कैलेंडर भेंट किया।

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष अजय मधुकर काले ने डा. रमन को कैलेंडर के एक- एक पन्ने पलटकर उस पर प्रकाशित सेवाभावी कार्यों, प्रकल्पों और गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। काले ने सर्व समाज को एकत्रित करने के लिए महाराष्ट्र मंडल की

छत्तीसगढ़ सर्व समाज संगठन के प्रस्ताव की एक बार फिर डा. सिंह को जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रदेश के सभी समाजों और संगठनों को एकत्रित करने की दिशा में महाराष्ट्र मंडल का प्रस्ताव दो वर्षों से शासन- प्रशासन के पास लंबित है। काले ने डा. सिंह से कहा कि इस प्रस्ताव को दोबारा गति देकर अमलीजामा पहनाने की जरूरत है और इसमें आपके मार्गदर्शन व सहयोग की जरूरत है।

विधानसभा अध्यक्ष डा. रमन ने महाराष्ट्र मंडल के प्रतिनिधि मंडल को नववर्ष और कैलेंडर के प्रकाशन की बधाई देते हुए कहा कि महाराष्ट्र मंडल सामाजिक कार्यों में हमेशा अग्रणी रहा है। निःसंदेह छत्तीसगढ़ सर्व समाज संगठन प्रदेश के हर व्यक्ति को समाज से जोड़ने और जरूरतमंद लोगों की सेवा करने में कारगर साबित होगा।

पूर्व सीएम भूपेश ने किया शिक्षकों की मांगों का समर्थन

रायपुर/नवप्रदेश। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पत्रकारों से चर्चा करते हुये कहा कि नये साल के पहले दिन भाजपा सरकार ने युवाओं के ऊपर अत्याचार किया है। 2897 शिक्षकों को बर्खास्त किया गया, सरकार इनकी बहाली बारे में कोई निर्णय नहीं ले रही है। पूरे प्रदेश में साय सरकार अकेली ऐसी सरकार है जिसने 2897 नियमित कर्मचारियों को पदमुक्त कर दिया। आज तक देश का किसी भी राज्य सरकार ने इतनी बड़ी संख्या में एक साथ अपने कर्मचारियों को बर्खास्त नहीं किया है। यह कोई ठेका या संविदा कर्मचारी नहीं है। इन शिक्षकों को सरकार ने भर्ती निकाल कर प्रक्रिया पूरी करने बाद नियुक्ति दिया था। अब अदालत के बाद गतिरोध आ रहा है तो सरकार इस मामले का समाधान निकाल डीएड प्रशिक्षित शिक्षकों के लिये अलग भर्ती निकाले तथा इन पहले से नियुक्ति पा चुके 2897 शिक्षकों की सेवा आगे सुनिश्चित रखने की व्यवस्था करें।

इन शिक्षकों की भर्ती कांग्रेस सरकार के दौरान ही हुआ था ऐसा नहीं है भाजपा सरकार बनने के बाद भी तीसरी और चौथी काउंसलिंग 9 फरवरी 2024 तथा 7 मार्च 2024 को हुई थी तथा इनकी नियुक्तियां हुई थी। अधिसंख्यक शिक्षक बस्तर और सरगुजा संभाग के है तथा दूरस्थ क्षेत्रों में पदस्थ है। 2897 में से 70 प्रतिशत अनुसूचित जनजाति वर्ग से आते है। सरकार के पास शिक्षा विभाग में ही अनेकों ऐसे पद है जहां समान वेतनमान पर इन 2897 शिक्षकों की नियुक्ति की जा सकती है। प्रयोगशाला सहायक, उच्च श्रेणी शिक्षकों के रूप में इनकी नियुक्तियां की जा सकती है। बीएड सहायक शिक्षकों के समायोजन का कोई प्रयास भाजपा सरकार ने नहीं किया। सुनवाई के दौरान सर्वोच्च न्यायालय ने समायोजन का प्रस्ताव मांगा लेकिन युवा विरोधी यह सरकार खामोश रही।

आयोजन | रायपुर पहुंचे देव संस्कृति विश्वविद्यालय हरिद्वार उत्तराखंड के कुलपति डॉ. चिन्मय पण्ड्या

गायत्री परिवार जिलों में आयोजित करेगा 108 कुण्डीय महायज्ञ

रायपुर/नवप्रदेश। अखिल विश्व गायत्री परिवार के संस्थापक पं. श्रीराम शर्मा आचार्य के युग परिवर्तन के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से गायत्री-तीर्थ, शांतिकुज हरिद्वार से युवा प्रतिनिधि एवं देव संस्कृति विश्वविद्यालय हरिद्वार उत्तराखंड के प्रति कुलपतिडॉ. चिन्मय पण्ड्या 3 जनवरी को प्रातः 8:30 बजे प्रदेश की राजधानी रायपुर पहुंचे।

गायत्री परिवार रायपुर के मीडिया प्रभारी प्रज्ञा प्रकाश निगम ने बताया कि वे 3 से 6 जनवरी तक प्रदेश के विभिन्न जिलों- जांजगीर के अकलतरा, कोरबा के कुसमुण्डा, जशपुर के कोतबा, बरगढ़ (उड़िसा), सारंगढ़ के बरमकेला, महासमुंद के मुढ़ेना, गरियाबंद शहर एवं रायपुर जिला के नवापारा (राजिम) में अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों (24, 51 व 108 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ, दीप महायज्ञ, मां गायत्री की प्राण प्रतिष्ठा) में सम्मिलित होंगे, जिसमें उनका उद्बोधन कार्यक्रम भी होगा। वे 06 जनवरी को हरिद्वार के लिये रवाना होंगे।

रायपुर विमानतल में आगमन के दौरान डॉ. पण्ड्या का गायत्री परिवार के वरिष्ठजनों द्वारा आदर एवं श्रद्धाभाव से स्वागत किया गया। इस दौरान शांतिकुंज प्रतिनिधि सुखदेव निर्मलकर, बलदाऊ देवांगन, छ.ग. की जोन समन्वयक आदर्श वर्मा के साथ सर्व श्याम बैस, सदाशिव हथमल, दीनानाथ शर्मा, दिलीप पाणिग्रही, सी.पी. साहू, लच्छुराम निषाद, प्रज्ञा प्रकाश निगम, नीलकण्ठ साहू, नीलम सिन्हा, संध्या सिन्हा, अजय गुप्ता, त्रिलोक तारक, नयापारा (राजिम) के पूर्व नगरपालिका

जानबूझकर धान खरीदी को बाधित कर रही सरकार : कांग्रेस

रायपुर/नवप्रदेश। धान खरीदी में अव्यवस्था के चलते किसानों को हो रही परेशानी को लेकर सरकार की नीयत पर सवाल उठाते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि पूरे प्रदेश के धान संग्रहण केंद्रों में बफर लिमिट से अधिक धान जाम हो चुका है, जिसके कारण धान खरीदी लगभग बंद होने की स्थिति में है। बालोद जिले में स्थिति यह है कि 143 में से 134 संग्रहण केंद्रों में बफर लिमिट से अधिक धन जाम हो चुका है, लगभग 94 प्रतिशत सोसाइटियों में बफर लिमिट से अधिक धान का स्टॉक जमा हो गया है। बीजापुर जिले में अब तक के कुल खरीदी का 90 प्रतिशत धान सोसाइटियों और संग्रहण केंद्रों में ही जाम है। परिवहन और मिलिंग के अभाव में सोसायटीयां आगे की खरीदी से हाथ खड़ा कर रहे हैं। बारदाने की समस्या को लेकर गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले के किसान चक्का जाम करने बढ़े हैं और यह सरकार केवल झूठे वादे करने में मस्त है।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार के किसान विरोधी सोच और दुर्भावना के चलते पूरे प्रदेश में किसान आक्रोशित हैं। 3100 रू. प्रति क्विंटल की दर से एक मुफ्त पैसा किसी किसान को नहीं मिला, 21 क्विंटल प्रति एकड़ का दावा भी झूठा निकला अधिकतम खरीदी राज्य में 20 क्विंटल 40 किलो प्रति एकड़ के दर से ही हुआ है कई जगह फर्जी अनावारी रिपोर्ट के आधार पर उसमें भी कटौती कर दी गई। हर ग्राम पंचायत में नगद भुगतान के लिए काउंटर खोलने का मोदी का वादा भी जुमला निकला।

सुविचार

अमीर होने का मतलब है आपके पास पैसा होना और बहुत अमीर होने का मतलब है आपके पास समय होना। - अज्ञात

बीएसएफ पर ममता के आरोप

बांग्लादेश से भारत में बांग्लादेशियों और रोहिंग्याओं की घुसपैठ की घटना को लेकर अब केन्द्र सरकार के साथ बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने टकराव का रास्ता चुन लिया है। ममता बनर्जी ने बार्डर सिक्योरिटी फोर्स पर आरोप लगाया है कि बीएसएफ के जवान पैसे लेकर बांग्लादेशियों को बंगाल में घुसपैठ कराते हैं। केन्द्र सरकार बंगाल में अराजकता का माहौल निर्मित करना चाहती है इसीलिए बांग्लादेशियों की घुसपैठ कराई जा रही है। चूंकि घुसपैठ रोकना केन्द्र सरकार का काम है और इसमें बंगाल सरकार कुछ नहीं कर सकती। ममता बनर्जी की तरह ही आम आदमी पार्टी ने भी नई दिल्ली में बांग्लादेशियों और रोहिंग्याओं की घुसपैठ के लिए केन्द्र सरकार को जिम्मेदार ठहराया है। नई दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने आरोप लगाया है कि केन्द्र सरकार सीमा पर घुसपैठ रोकने में विफल रही है। गौरतलब है कि बंगाल और नई दिल्ली सहित देश के कई राज्यों में लाखों की संख्या में बांग्लादेशी घुसपैठिए और रोहिंग्या लंबे समय से रह रहे है। हाल ही में नई दिल्ली पुलिस ने दिल्ली में बसे घुसपैठियों के खिलाफ अभियान शुरू किया है। पुलिस ने लगभग डेढ़ दर्जन बांग्लादेशियों को पकड़ा है जिनका स्थाई पता बंगाल दर्शाया गया है। जबकि वे मूलरूप से बांग्लादेश के निवासी है। इसी तरह महाराष्ट्र में भी अवैध रूप से रह रहे कुछ बांग्लादेशी पकड़े गए है। भाजपा ने ममता बनर्जी पर आरोप लगाया है कि वे बंगाल में बांग्लादेशी घुसपैठियों को शरण दे रही है और उन्हें मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रह है। यही नहीं बल्कि उनके फर्जी मतदाता पहचान पत्र भी बनाए गए है। इसी तरह आम आदमी पार्टी की सरकार भी नई दिल्ली में घुसपैठियों को बसा रही है क्योंकि ये घुसपैठिए तृणमूल कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के वोट बैंक है। कुल मिलाकर घुसपैठियों को लेकर केन्द्र सरकार और नई दिल्ली व बंगाल की सरकार एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगाकर अपने कत्वर्य की इतिश्री कर रहे हैं। घुसपैठियों के खिलाफ अभी तक न तो केन्द्र सरकार ने और न ही राज्य सरकारों ने कोई कड़े कदम उठाये हैं। उल्लेखनीय है कि भारत और बांग्लादेश की सीमा बहुत बड़ी है और वहां ऐसे कई स्थान है जहां से बांग्लादेशी आसानी से बंगाल या असम में घुसपैठ कर जाते हैं। इसके लिए बीएसएफ को जिम्मेदार ठहराना उचित नहीं है। बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भले ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी या केन्द्र सरकार पर कैसे भी आरोप लगाए लेकिन उन्हें भारतीय सेना की विश्वसनीयता पर प्रश्न चिन्ह नहीं लगाना चाहिए। रही बात बंगाल में बसे घुसपैठियों की तो इसके लिए ममता बनर्जी की सरकार को अभियान चलाना चाहिए। जिस तरह नई दिल्ली पुलिस घुसपैठियों की पड़ताल कर रही है उसी तरह बंगाल पुलिस को भी वहां लाखों की संख्या में रह रहे बांग्लादेश घुसपैठियों की पहचान के लिए अभियान शुरू करना चाहिए। केन्द्र सरकार को भी बांग्लादेश की सीमा से भारत में घुसपैठ करने वाले बांग्लादेशियों और रोहिंग्याओं को रोकने के लिए और कड़े कदम उठाने चाहिए। इसके साथ ही देश के अन्य राज्यों में भी अवैध रूप से रह रहे घुसपैठियों की पहचान के लिए अभियान तेज किया जाना चाहिए। तभी घुसपैठ की समस्या का सामाधान हो पाएगा।

किसानों के हित में सराहनीय पहल

एक ओर तो पंजाब के किसान अपनी मांगों को लेकर फिर आंदोलित हो उठे हैं। वहीं दूसरी ओर केन्द्र सरकार ने किसानों के हित में कई महत्वपूर्ण फैसले लेकर सराहनीय पहल की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्री परिषद की बैठक में यह निर्णय लिया गया है कि डीएपी खाद की सब्सिडी बढ़ाई जाएगी। इस मद में केन्द्र सरकार ने 3850 करोड़ रूपये का आबटन किया है। वैश्विक प्रभाव से डीएपी खाद को मुक्त रखने के लिए पचास किलो वाली डीएपी खाद की बोरी की कीमत 1350 रूपये फिक्स कर दी गई है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उर्वरकों के दाम में वृद्धि होने के बावजूद भारत के किसानों को 1350 रूपये में ही डीएपी खाद उपलब्ध कराई जाएगी। निश्चित रूप से इससे देश के किसानों को लाभ होगा। सरकार को यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि डीएपी खाद का संकट न हो और समय पर किसानों को यह खाद मुहैया हो पाये। इसके अलावा केन्द्र सरकार ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का आबंटन भी बढ़ा कर अब 69515 करोड़ रूपये कर दिया है। ताकि प्राकृतिक आपदा के कारण फसल को होनं वाली क्षति का किसानों को ज्यादा से ज्यादा लाभ पहुंचाया जा सके। यही नहीं बल्कि केन्द्र सरकार ने अब फसल बीमा गणना और क्षति के आंकलन के लिए एक नई तकनीक विकसित करने का भी निर्णय लिया है ताकि अतिवृष्टि अथवा सूखा पड़ने जैसी प्राकृतिक आपदा के बाद किसानों को हुई क्षति का जल्द से जल्द आंकलन किया जा सके और उन्हें समय पर फसल बीमा योजना का लाभ दिया जा सके। केन्द्र सरकार के इन किसान हितैषी फैसलों से अन्नदाता किसानों को निश्चित रूप से भारी राहत मिलेगी। खासतौर पर लघु और सीमांत कृषकों को इसका सबसे ज्यादा फायदा मिलेगा।

प्रेरक प्रसंग

मानव जाति-एकात्मा

चीन में उन दिनों कुछ थोड़े से शहरों को छोड़कर शेष स्थानों पर विदेशियों के प्रवेश पर रोक लगा दी गई थी। कभी भूल से कोई विदेशी वहाँ पहुँच जाता तो चीनी मरने-मारने को उतारू हो जाते, उनकी जान संकट में पड़ जाती। एक बार स्वामी विवेकानंद चीन भ्रमण पर गए। उनकी किसी गाँव के भ्रमण की इच्छा हुई। दो जर्मन पर्यटकों की भी इच्छा वहाँ का ग्राम्य जीवन देखने की थी, पर साहस के अभाव में उनकी प्रवेश की हिम्मत नहीं हो रही थी। उन्होंने यह बात स्वामी जी से कही तो स्वामी जी ने कहा- "सारी मनुष्य जाति एक है। हमें विश्वास है कि यदि हम सच्चे हृदय से वहाँ के लोगों से मिलने चलें, तो वे लोग हमें मारने की अपेक्षा प्रेम से ही मिलेंगे।" वे जर्मन पर्यटकों को लेकर गाँव की ओर चल पड़े। दुभाषिया उसके लिए तैयार नहीं हो रहा था, पर जब स्वामी जी नहीं रुके, तो वह भी साथ चला तो गया, पर अंत तक उसे यही भय बना रहा कि कहीं वे लोग उन्हें मारे नहीं। गाँव वाले विदेशियों को देखकर लाठी लेकर मारने दौड़े। स्वामी विवेकानंद ने उनकी ओर स्नेह पूर्ण दृष्टि डालते हुए कहा- "क्या आप लोग अपने भाइयों से प्रेम नहीं करते ?" दुभाषियों ने यही प्रश्न उनकी भाषा में ग्रामीणों से पूछा तो वे बेचारे बड़े लज्जित हुए और लाठी फेंककर स्वामी जी के स्वागत सत्कार में जुट गए। यह देखकर जर्मन बोले- "सच है, यदि आप जैसा निश्छल प्रेम सारे संसार के लोगों में हो जाए, तो धरती पर कहीं भी कष्ट और कलह न रह जाए।"

डॉक्टरों की कमी पूरी करने के लिए अदालत की पहल

डॉ. ओ.पी. त्रिपाठी

सरकार ने आयुष्मान योजना जैसी कई पहल तो की हैं, लेकिन ध्यान रखना जरूरी है कि इन योजनाओं के क्रियान्वयन में व्यवस्थागत दिक्कतें पैदा न हों। सरकारों का नैतिक दायित्व बनता है कि हाशिये के समाज को सस्ती व सहज रूप से चिकित्सा सुविधाएं मिल सकें। उन्हें विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता का भी लाभ मिल सके। साथ ही नीति-नियंताओं के लिये यह आत्ममंथन का विषय है कि देश चिकित्सा विज्ञान के क्षेत्र में नई खोजों व अनुसंधान में पीछे क्यों रह गया है। साथ ही देश की परंपरागत चिकित्सा पद्धतियों को प्रोत्साहन भी जरूरी है।

सर्वविदित है कि देश की विशाल आबादी पर चिकित्सकों की उपलब्धता वैश्विक मानकों के अनुरूप नहीं है। यूनेस्को कई बार बता चुका है कि भारत के कई स्थानों पर एक हजार व्यक्तियों पर एक चिकित्सक भी उपलब्ध नहीं है। ऐसे में यदि देश के कई मेडिकल कॉलेजों के चिकित्सा पाठ्यक्रमों में सीटें खाली रह जाएं तो इसे देश के लिये विडंबना ही कहा जाएगा। इस ज्वलंत मुद्दे पर देश की शीर्ष अदालत ने संज्ञान लेते हुए निर्देश दिए कि इस माह के अंत तक देश के सभी मेडिकल कॉलेजों के चिकित्सा पाठ्यक्रमों में रिक्त पड़ी सीटों को तुरंत भरा जाए। जाहिर है जब देश में पहले से ही डॉक्टरों के कमी है तो ये सीटें क्यों खराब की जा रही हैं? निश्चित रूप से समाज के अंतिम व्यक्ति को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने में शीर्ष अदालत की यह पहल बदलावकारी साबित हो सकती है। फरवरी 2024 को लोकसभा में एक सवाल के जवाब में मंत्रालय की ओर से नेशनल मेडिकल कमीशन की रिपोर्ट पेश की गई, इस रिपोर्ट के हिसाब से भारत में जून 2022 तक स्टेट मेडिकल काउंसिल और नेशनल मेडिकल कमीशन में 13,08,009 एलोपैथिक डॉक्टर रजिस्टर्ड हैं। इस रिपोर्ट के हिसाब से भारत में जून 2022 तक स्टेट मेडिकल काउंसिल और नेशनल मेडिकल कमीशन में 13,08,009 एलोपैथिक डॉक्टर रजिस्टर्ड हैं।

देश में चिकित्सकों की कमी को देखते हुए पिछले दिनों बड़ी संख्या में नये मेडिकल कॉलेज खोले गए हैं, लेकिन इनमें सीटों की संख्या दुगनी हो जाने के बाद भी डॉक्टरों की कमी बनी हुई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने 2014 में कार्यभार संभालने के बाद से विशेष उपचार के लिए एक दर्जन से अधिक एम्स जैसे चिकित्सा संस्थानों का निर्माण किया है। सरकार की देश के 761 जिलों में से हरेक में कम से कम एक बड़ा अस्पताल बनाने की योजना है। समस्या डॉक्टरों की कमी की है। यह कमी तब और गंभीर हो जाती है जब भारत दुनिया का सबसे अधिक आबादी वाला देश बन गया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार 1991 में भारत का डॉक्टर-रोगी अनुपात प्रति 1,000 रोगियों पर 1.2 डॉक्टरों के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गया था, लेकिन जैसे-जैसे जनसंख्या बढ़ी 2020 में अनुपात घटकर लगभग 0.7 रह गया।

डब्ल्यूएचओ द्वारा सिफारिश स्तर एक है और चीन में यह अनुपात 2.4 है। स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने मार्च में संसद को बताया कि वास्तव में भारत में प्रति 834 रोगियों पर एक डॉक्टर का अनुपात है, जो डब्ल्यूएचओ स्तर से काफी ऊपर है, लेकिन संख्या में आयुर्वेद, होम्योपैथी और प्राकृतिक चिकित्सक शामिल थे। डब्ल्यूएचओ और इंडियन मेडिकल एसोसिएशन जैसे डॉक्टर समूह अपनी गणना में पारंपरिक चिकित्सा के चिकित्सकों को शामिल नहीं करते हैं।

इस दिशा में उत्तर प्रदेश में काफी अच्छा काम हुआ है। एक समय में यूपी में सिर्फ 18 मेडिकल कॉलेज थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दिशा निर्देश और सूबे के लोगों को बेहतर चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता के चलते आज राज्य में 64 जिलों में कम से कम एक संस्थान स्थापित हो चुके हैं। जो बहुत बड़ी उपलब्धि है।

बाकी के बचे हुए जिलों में भी मेडिकल कॉलेज खोलने की तैयारी योगी सरकार कर रही है। असल में यूपी में योगी सरकार 'एक जिला, एक मेडिकल कॉलेज' के प्रण को पूरा करने की दिशा में बड़ी तेजी से काम कर रही है। सरकारी आंकड़ों से पता चलता है कि मोदी के कार्यकाल में विशेष संस्थानों को छोड़कर, सार्वजनिक अस्पतालों की संख्या में लगभग नौ फीसदी की वृद्धि हुई है। स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक सरकार ने निजी और सार्वजनिक कॉलेजों में स्नातक मेडिकल सीटों की जो संख्या मार्च 2014 से पहले 51,348 थी उसे लगभग दोगुनी कर 1,01,043 कर दी है।

फरवरी 2023 में स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा संसद में दिए गए एक जवाब के मुताबिक 31 बड़े केंद्र सरकार के अस्पतालों में 3,000 से अधिक डॉक्टरों की वैकेंसी थी, जिनमें एक दर्जन से अधिक विशिष्ट संस्थान शामिल हैं। वहीं नर्सों और सहायक कर्मचारियों की रिक्तियां 21,000 से अधिक थीं। बड़े शहरों के बाहर विशेष देखभाल की कमी खास तौर से गंभीर है। सरकार का कहना है कि मार्च 2022 तक ग्रामीण भारत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में सर्जन, चिकित्सकों, स्त्री रोग विशेषज्ञों और बाल रोग विशेषज्ञों की लगभग 80 फीसदी कमी थी।

वैसे देश में निजी अस्पतालों में तो डॉक्टरों की कमी नहीं है, लेकिन सार्वजनिक अस्पतालों व डिस्पेंसरियों में डॉक्टरों की कमी बराबर बनी रहती है। खासकर ग्रामीण इलाकों में तो स्थिति बहुत खराब है। यही वजह है कि देश के बड़े चिकित्सा संस्थानों मसलन एम्स व पीजीआईएमईआर जैसे संस्थान मरीजों के दबाव से चरमरा रहे हैं। साथ ही चिकित्सक बेहद दबाव में काम कर रहे हैं।

यह सुखद ही है कि देश की शीर्ष अदालत ने इस संकट की गंभीरता को महसूस करते हुए निर्देश दिए हैं कि इस महीने के अंत तक काउंसलिंग करा कर उन सीटों को तुरंत भरा जाए। निश्चित रूप से इस पहल से देश के सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को संबल मिल सकेगा। निस्संदेह, यह तार्किक है कि चिकित्सा पाठ्यक्रम में दाखिले को लेकर देश में भारी मारामारी है। इसकी वजह यह है कि मेडिकल की पढ़ाई के बाद कमोबेश रोजगार पाना गारंटी जैसी होता है। उनके लिये विदेशों में भो रोजगार के आकर्षक अवसर होते हैं। अन्यथा निजी अस्पताल खोलकर भी वे अपना शानदार करियर बना सकते हैं। लेकिन सबसे बड़ा सवाल हमारे गांवों में चिकित्सा सुविधाओं के नितांत अभाव का होना है। ऐसा नहीं है कि इस चुनौतीपूर्ण स्थिति का सरकार को भान नहीं है।

सरकार भी मानती है कि देश के ग्रामीण इलाकों के अस्पतालों अथवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में विशेषज्ञ डॉक्टरों की उपलब्धता तो दूर सामान्य डॉक्टरों की मौजूदगी भी कम ही है। इस संकट का समाधान तभी संभव है जब देश में अधिक मेडिकल कॉलेज खुलें और उनकी सभी सीटों को भरा जाए। वहीं दूसरी ओर डॉक्टरों को ग्रामीण इलाकों में काम करने के लिये प्रेरित किया जाए। उन्हें वेतन तथा प्रोन्नति के विशेष अवसर दिए जाएं।

अनिवार्य रूप से यह तय किया जाए कि मेडिकल कालेजों से निकलने वाले चिकित्सक कुछ प्रारंभिक वर्षों तक ग्रामीण क्षेत्रों में अपनी सेवाएं दें। इस बात पर मंथन किया जाना चाहिए कि विगत में हुए ऐसे प्रयास क्यों सिरे नहीं चढ़ पाए। इसके अलावा दुनिया के अनेक देशों से मेडिकल की पढ़ाई करके आने वाले डॉक्टरों को आवश्यक अर्हताएं पूरी करने पर डॉक्टरी करने की सुविधा प्रदान की जाए। किसी भी लोक कल्याणकारी सरकार का दायित्व बनता है कि गरीबी की रेखा के नीचे रहने वाले तथा कमजोर वर्गों के लोगों को सस्ती चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करायी जाए। ये लोग महंगे निजी अस्पतालों की चैखट तक पहुंचने की क्षमता नहीं रखते।

आज का इतिहास

नई दिल्ली(वार्ता)।1906 में 4 जनवरी के दिन ही दक्षिण अफ्रीका ने इंग्लैंड को एक विकेट से हराकर अपनी पहली टेस्ट जीत हासिल की थी। 1906 में आज ही के दिन किंग जार्ज पंचम ने कलकत्ता के विक्टोरिया मेमोरियल हॉल की आधारशिला रखी थी। 1932 में 4 जनवरी के दिन ही ब्रिटिश ईस्ट इंडीज के वायसराय विलिंगडन ने महात्मा गांधी और जवाहरलाल नेहरू को गिरफ्तार किया था। 1948 में आज ही के दिन बर्मा ने ब्रिटेन से स्वतंत्रता की घोषणा की थी। 1951 में 4 जनवरी के दिन ही चीन के सुरक्षाबलों ने कोरियाई युद्ध के दौरान सियोल पर कब्जा किया था। 1962 में आज ही के दिन अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर में पहली स्वचालित मेट्रो ट्रेन चली थी। 1972 में 4 जनवरी के दिन ही नई दिल्ली में इंस्टिट्यूट ऑफ क्रिमिनालॅजी एंड फॉरेंसिक साइंस का उद्घाटन हुआ था।1998 में आज ही के दिन बंग्लादेश ने भारत को उल्फा महासचिव अनूप चेतिया को सौंपने से इनकार किया था। 2004 में 4 जनवरी के दिन भारत के प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी और पाकिस्तानी प्रधानमंत्री जफर उल्ला खान जमाली के बीच इस्लामाबाद में वार्ता हुई थी।

पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

ठिठुरन मय

ठिठुरन मय नव वर्ष की, मिलें बधाई आज। किटकिट करते दाँत यूँ, ज्यों बजता हो साज ॥ ज्यों बजता हो साज, इसी को गीत बनाया। हैप्पी ईअर बोल, सभी का मन हर्षाया। सुमन खुशी के बीच, नही आने दो सिकुड़न। दीप्त आस के रंग , दूर कर देगें ठिठुरन।

- सुमन ओमानिया

दुःख सुख में

दुःख सुख में हो जाए परिवर्तित द्रुतब तो नया साल कहूँ जब बैठे हो सामने मेरे तुमद्व तब तोअपना हाल कहूं।। यूं तो रोज बदलती तारीख धूप छांव सी जीवन में तुम ना बदलो गर तारीखों सा द्रुतब तो नया साल कहूं।।

- वंदना मोदी गोयल

खास पाती | उनसे मिलने के बाद मैं घर

उनसे मिलने के बाद मैं घर नहीं गया गांव में ही रहा...फिर शहर नहीं गया ।। बहुत से वैद्य-हकीमों से मिल चुका हूँ ऐसा काटा है उसने...जहर नहीं गया ।। समूचा गांव... दहशत में रहता है आंखों से बाढ़ का....कहर नहीं गया ।। किसी ने बताया रात में चुडैल दिखी मंगरुआ, दिन में उस डहर नहीं गया ।। काकी ने कहा अभी खाने में देरी है मगर ड्योढ़ी से...मुसहर नहीं गया ।। गजल के दाग को..खूब छुड़ाया मैंने काफिया छूटा..मगर बहर नहीं गया ।। लोग कहते हैं, मैं अब भूलने लगा हूँ जो भी हो, याद से ममहर नहीं गया ।। **- मनीष सिंह**

नव वर्ष में नव संकल्प ले हम सब

नव वर्ष में नव संकल्प ले हम सब चलें निरंतर पथ्य और अपथ्य भोजन में सीखें करना अंतर स्वस्थ रहेंगे यदि जीवन में तो बांटेंगे खुशियां मुखड़े पर मुस्कान रहेगी रहे प्रफुल्लित भी घर। रोगों से भी होगी दूरी सांसे होंगी फिर तर नहीं चिड़चिड़ापन भी होगा इस शरीर के भीतर टूटेंगे फिर सकल अबोले रिश्ते हों संचारित खिला हुआ गुलदान रहे तो महक रहती बेहतर।।

- रजनी रामदेव

कुछ बाँट कर और कुछ लूट कर

कुछ बाँट कर और कुछ लूट कर साल पुराना समय की डगर गया! अब ओढ़े नई उम्मीद कौन है फिर जग के द्वार पर आ हुआ खड़ा! सलाम करे, दिल मिलाएं, दुआ करे जला ले, फिर हौसलों के दिये! ऐ साल - ए - नौ, अबकी बार ये कदम तेरे ,मुबारक़ हो जमीं के लिए!

- जावेद उस्मानी

साँचो बदली हालात नया साल

साँचो बदली हालात नया साल में का। पूरा होई ई बात नया साल में का।। लोग इहाँ बाटे मुँह बवले अभिये से। मिली कुछो अब सौगात नया साल में का।। सरकार कही लोक लुभावन जुमला कुछ। ई दिल पाई आघात नया साल में का।। झूठ प झूठ सुनी केहू कबले, बोलीं। अँखिया देखी बरसात नया साल में का।। खुशी के फूल खिली दिल में हमरो कबहूँ। गम के देहब हम मात नया साल में का।। बाटे बहुत मिलावट बात के अभिये से। दू के करब सभे सात नया साल में का।। चर्चा बाटे महफिल रंगीन सजी जी। होठ प होई नग्मात नया साल में का।। शांति से रोकीं सभे हवा नफरत के अब। 'ऐनुल' करीं मुलाकात नया साल में का।। - **'ऐनुल' बरौलवी**

सात रंग की चूनर ओढे झूम रहीं

सात रंग की चूनर ओढे झूम रहीं किरणों की टोली! तितली के पंखों पर बैठीं कैसे करतीं आँख मिचौली। नव प्रभात की नव-नव किरणों लग रही, तुम सुंदर, अलबेली इंद्र -धनुष के रंगों वाली किरणों ..करना यूँ अठखेली नीरस मन के द्वार उतर के सजाना सपनों की रंगोली। पार सरहदों के उड़ जाती पार मजहबों के तुम गाती कवि की कल्पना से भी सुंदर आशाओं की सी उज्ज्वल साँसों में घुलती अमृत सा अनकही, ये गूंगी बोली। - **अजय कुमार सिंह भदौरिया**

सभी को मिलाने नया साल आया

सभी को मिलाने नया साल आया तरन्नुम मैं गाने नया साल आया ।। तेरी राहें मुश्किल रही थी उन्हें फिर से आसां बनाने नया साल आया ।। रहे तुमसे अंजान क्यों हम हमेशा तुम्ही से मिलाने नया साल आया ।। नई राह के सब नये दोस्तों से मुहब्बत बढ़ाने, नया साल आया गये साल की ही तरह फिर से देखो हमें आजमाने नया साल आया ।। - **माधुरी स्वर्णकार**

QUIZ TIME

1) न्यायाधीश जाँच अधिनियम में कितनी धाराएँ हैं?

2) भारत में लोकहितवाद को प्रारम्भ करने का श्रेय किसको है?

3) असहयोग आंदोलन शुरू करने के समय भारत का वायसराय कौन था?

4) दुनिया का ऐसा कौन सा पक्षी है जो रात भर रोता रहता है?

5) शोधकर्त्ताओं ने हाल ही में किस टाइगर रिजर्व में एक नई पौधे की प्रजाति की खोज की है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) 7 (2) न्यायमूर्ति पी.एन.भगवती तथा न्यायाधीश कृष्णा अय्यर (3) लॉर्ड चेम्सफोर्ड (4) चकोर (5) कलकड मुंडनथुराई (इम्पेशियन्स कल्लूपसामि)

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं :

1. लज्जत, जायका 2. मुकाबला, भेंट, होड़ 5. बंदी, कैद की सजा पाने वाला व्यक्ति 7. खल-पात्र, नाटक फिल्म आदि का बुरा पात्र 9. कामी, व्याभिचारी 10. इज्जत जाना, बेइज्जती होना (उपमा)11. ऊटपटांग, विचित्र, कठिन 13. वैभव, ठाट-बाट 14. साथ, सहित 15. कामदेव की पत्नी, प्रेम 16. मैं का बहुवचन 17. दरवाजे-दरवाजे 20. एक राशि, मगर 22. नमी, सीड़, मुहर, ठप्पा 23. औषधालय, चिकित्सालय।

ऊपर से नीचे

1. आत्मनिर्भर, स्वालंबन भावना से युक्त, स्वाश्रित 2. वर्ष, बरस 3. राजी करना, रूठे हुए को खुश करना, प्रसन्न करना 4. नाटक फिल्म आदि का मुख्यपात्र 6. दीवानगी, पागलपन, 7. दो वस्तुओं के टकराने से उत्पन्न ध्वनि, बैर-विरोध, अनबन 8. खीरे की प्रजाति का एक फल 11. बेवकूफ, मूर्ख 12. बादल, मेघ 13. बहुत चालाक, होशियार 14. जिसका मत दूसरे से मिलता हो, 15. दांत, दंत 18. प्राप्ति, वस्तु आदि मिलने का प्रमाण पत्र 19. दंगा-फसाद, उपद्रव विप्लव 21. बचाव, सुरक्षा।

1		■ 2	2	3	4	■ 3	5	6
	■	7				8	■	
9			■ 8	10				
	■ 10		■	■	■ 11	12	■ 13	
■ 14	11		12		■	■	13	
14		■		■	■ 20	15		■
16		■	17	18	19			■ 24
20		21	■	22		■	■ 26	■ 21
	■		■	23				■

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 285 का हल

ग	ल	त	■	■	■	खा	म	खाँ
णे	■	ल	■	झ	प	की	■	■
श	र	ब	त	■	रं	■	■	मि
■	ज	गा	ना	■	प	रा	का	ष्ठा
■	नी	र	■	वि	रा	ज	मा	न
ना	च	■	■	प	■	■	य	■
म	र	णा	स	न	■	पा	नी	■
ची	■	■	प	■	पा	■	■	भो
न	ज	रा	ना	■	स	मा	चा	र

आज का पंचांग

सूर्योदय : 06:16, सूर्यास्त : 05:27, चन्द्रोदयः : 28:46, चन्द्रास्तः :14:19, अयन : दक्षिणायणे (दक्षिणगोलीय), ऋतुः :? शिशिर, शक सम्वतः : 1946 (क्रोधी), विक्रम सम्वतः : 2081 (काल), मास : पौष, पक्ष : शुक्ल , तिथि : चतुर्थी और पंचमी नक्षत्रः शतभीषा, योग : शूल, प्रथम करण : कौलव (13:39 तक), द्वितीय करण : तैतिल (26:26 तक)

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : धनु, चंद्र : कुंभ, मंगल : कर्क (उदित, पूर्व, वक्री), बुध : वृश्चिक (उदित, पश्चिम, मार्गी), गुरु : वृष (उदित, पश्चिम, वक्री), शुक्र : मकर (उदित, पूर्व, मार्गी), शनि : कुम्भ (उदित, पूर्व, वक्री), राहु : मीन, केतु : कन्या।

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त : 11:58 से 12:39, अमृत काल : 10:49 से 12:35, सर्वार्थसिद्धि योग : 20:28 से 31:12, विजय मुहूर्त : 14:00 से 14:41, गोधूलि मुहूर्त : 17:22 से 17:50, सायाह्न सन्ध्या : 17:25 से 18:47, निशिता मुहूर्त : 23:51 से 24:46, राहुकाल : 09:00 से 10:30, राहुवास : दक्षिण-पूर्व, यमगण्ड : 14:51 से 16:08, दुर्मुहूर्त : 09:14 से 09:55, होमाहुति : केतु, दिशा शूल : पश्चिम, अग्निवास : पाताल (26:26 से पृथ्वी), चन्द्र वास : पश्चिम।

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेषः आज दिन के आरम्भ से ही स्वास्थ्य में कुछ ना कुछ विकार लगा रहेगा। लापरवाही से बचें अन्यथा कोई नई समस्या खड़ी हो सकती है।

वृष : आज का दिन आपके लिए विजय दिलाने वाला रहेगा। पेट संबंधित व्याधि अन्य रोगों को बढ़ावा दे सकती है खाने पीने में संतुलन रखें।

मिथुन : आज का दिन आपके लिए वृद्धि कर हो सकता है। बीते दिन की तुलना में आज स्वभाव में जल्दबाजी नहीं रहेगी।

कर्क : आज का दिन मध्यान तक व्यर्थ में खराब होगा। जिस काम को करने की सोचेंगे उसकी जगह कोई नया काम सर आने से दुविधा होगी ।

सिंह : आज का दिन भी आपके लिए प्रतिकूल फल देने वाला रहेगा घर एवं कार्यक्षेत्र दोनों जगह नापसंद कार्य होने से क्रोध आएगा।

कन्या : आज का दिन आपके लिए शुभ फल दायक है। दिन के आरंभ में मिजाज हल्का रहने से घर का वातावरण भी हास्यास्पद बनाएंगे।

तुला : आज के दिन परिस्थितियां कल जैसी सुविधाजनक नहीं फिर भी संतोषजनक अवश्य रहेगी।

वृश्चिक : आज का दिन आपको मंगल कार्यो की तरफ खींचेगा। घर अथवा बाहर धार्मिक अथवा पारिवारिक कार्यक्रम में जाने के अवसर मिलेंगे।

धनु : आज का दिन आपके लिए हानिकारक है। किसी भी कार्य में लाभ हानि का विचार करने के बाद निर्णय ले जल्दबाजी में जो भी कार्य करेंगे उसमें नुकसान ही होगा।

मकर : आज के दिन सार्वजनिक क्षेत्र पर लाभ के नए संपर्क जुड़ेंगे जिनकी आशा भी आपको नहीं रहेगी उन लोगों से सम्मान मिलेगा।

कुंभः आज का दिन आपके लिए कार्य सफलता वाला रहेगा दिन के पहले भाग में जो भी योजना बनाएंगे। दूर रहने वाले जानकार से शुभ समाचार मिलने की संभावना है।

मीन : आज का दिन आपके लिए भाग्यवर्धक रहेगा लेकिन इसके लिए लापरवाही से बचना होगा।

न्यूज गैलरी

ब्रिगेडियर ने किया घुड़सवार रेजिमेंट का निरीक्षण

अंजोरा। दाऊ वासुदेव चंद्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय परिसर में छत्तीसगढ़ राज्य के एकमात्र घुड़सवार रेजिमेंट के निरीक्षण हेतु एनसीसी ग्रुप मुख्यालय रायपुर कमाण्डर ब्रिगेडियर बीके पात्रा का आगमन हुआ। रेजिमेंट के निरीक्षण के दौरान युनिट के कमान अधिकारी कर्नल अमन सिंह द्वारा सर्वप्रथम ब्रिगेडियर को युनिट के क्रिया- कलापों से अवगत कराया तथा स्टाफ एवं एनसीसी अधिकारियों तथा कैडेटों से परिचय करवाया गया तत्पश्चात् ब्रिगेडियर द्वारा कार्यालय परिसर, स्टोर, सैन्य मेस एवं अस्तबल का बारिकी से निरीक्षण किया गया। कार्यक्रम के अंत में पुनः एनसीसी कैडेटों से चर्चा कर एनसीसी के उद्देश्य एवं इनके फायदे के बारे में विस्तार से जानकारी दिया। इस दौरान एनसीसी अधिकारी कैप्टन राजकुमार गड़पायले, श्रीमती शोभा सिंह ठाकुर, नायब सुबेदार एन के घोष, क्वार्टर मास्टर हरेश पाटील, हवलदार रिंकू सिंह, हवलदार सुबीर मजूमदार, नायक मुंडे श्रीहरि, क्लर्क पवन साहू, दुर्गा राजपूत, गजेन्द्र सहित समस्त कर्मचारी उपस्थित थे।

पात्र/अपात्र की सूची चस्पा

दुर्ग। निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत मोर मकान-मोर आस अंतर्गत आपत्ति दावा की प्रक्रिया के संपादन पश्चात अंतिम पात्र/अपात्र की सूची प्रकाशित की जा रही है। इस सूची को विभागीय वेबसाईड में देखा जा सकता है तथा यह सूची निगम कार्यालय में एवं डाटा सेंटर स्थित प्रधानमंत्री आवास योजना शाखा में चस्पा किया गया है।

पुलिस महानिरीक्षक ने दोषमुक्ति प्रकरणों की समीक्षा की

भिलाई। पुलिस महानिरीक्षक रेंज रामगोपाल गर्ग ने कार्यालय के सभाकक्ष में उप संचालक अभियोजन एवं लोक अभियोजक अधिकारियों के साथ दोषमुक्ति प्रकरणों की समीक्षा बैठक की। रेंज के सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान न्यायालय में प्रस्तुत प्रकरणों में आरोपियों के दोषमुक्त होने के कारणों का विश्लेषण किया गया। विवेचना में त्रुटियों को दूर करने, भौतिक साक्ष्य सावधानीपूर्वक एकत्र करने और प्रार्थी व गवाहों को उनके बयान पर कायम रखने हेतु आवश्यक कदम उठाने पर विशेष जोर दिया गया। एनडीपीएस प्रकरणों की विवेचना को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने पर चर्चा हुई। बैठक में अभियोजन की गुणवत्ता को सुधारने और न्यायालय में आरोपियों को दोष सिद्ध करने के लिए ठोस उपायों पर महत्वपूर्ण चर्चा की गई। अभियोजन अधिकारियों ने विवेचकों को महत्वपूर्ण सुझाव दिए, जिससे प्रकरणों में दोषमुक्ति की संभावना को न्यूनतम किया जा सके। बैठक में उपसंचालक बालोद, बेमेतरा, लोक अभियोजक दुर्ग उपस्थित थे।

भिलाई की चैतन्य देवियों की झांकी महाकुंभ में होगी विशेष आकर्षण का केंद

महाकुंभ में ब्रह्माकुमारीज को मिली बड़ी जिम्मेदारी

■ **ब्रह्माकुमारीज़ की स्वर्णिम भारत महाकुंभ झांकी लगेगी 2 एकड़ में**

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। नववर्ष के आगमन 2025 में होने वाले प्रयागराज के त्रिवेणी संगम में आयोजित विश्व के सबसे बड़े महाकुंभ में अंतर्राष्ट्रीय संस्था प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा स्वर्णिम भारत महाकुंभ का आयोजन कुंभ मेला क्षेत्र सेक्टर 7 बजरंग दास मार्ग प्रयागराज उ.प्र. में किया जा रहा है।
विश्व में एकमात्र नारी शक्ति द्वारा संचालित अंतर्राष्ट्रीय संस्था के वैश्विक स्तर पर कार्यों को देखते हुए प्रशासन ने डेढ़ एकड़ से बढ़ाकर 2 एकड़ भूमि स्वर्णिम भारत महाकुंभ के लिए आवंटित की है।

महाकुंभ 2025 में भिलाई ब्रह्माकुमारीज को चैतन्य देवियों की झांकी तथा स्वर्णिम सनातन भारत दर्शन की बड़ी जिम्मेदारी मिली है। इसी क्रम में आज प्रातः राजयोग सत्र के पश्चात चैतन्य दैवी झांकी मेला सामग्री एवं चित्र प्रदर्शनी, मूर्तियों के ट्रक को श्रीफल फोड़कर परमात्म शिव पिता की याद में आशा दीदी जी हरि झंडी दिखाकर रवाना किया।

आशा दीदी ने इस स्वर्णिम भारत महाकुंभ के बारे में बताया कि इसका उद्देश्य भारत को पुनः विश्व गुरु स्वर्णिम संपन्न भारत बनाना तथा पूरे विश्व में परमात्मा शिव के आगमन का संदेश देकर राजयोग मेडिटेशन द्वारा उस परम शक्ति की अनुभूति कराना है।

संस्था के अंतर्राष्ट्रीय मुख्यालय माउंट आबू में भिलाई को विश्व की भलाई करने वाले कथन से संबोधित किया जाता है क्योंकि भिलाई आशा दीदी के नेतृत्व व कुशल मार्गदर्शन में इसके पूर्व में संपन्न हुए प्रयागराज एवं उज्जैन महाकुंभ में भी चैतन्य देवियों की झांकी का सफलतापूर्वक आयोजन किया जा चुका है। ज्ञात हो कि आशा दीदी की अंतर्राष्ट्रीय मुख्यालय माउंटआबू एवं प्रयागराज मेला प्रशासन अधिकारियों के साथ मीटिंग एवं भूमि आवंटित तक मुख्य भूमिका रही।

इस स्वर्णिम भारत महाकुंभ में 40 फीट ऊंची चैतन्य देवियों की झांकी, द्वादश ज्योतिर्लिंग अमरनाथ दर्शन, सोई हुई मानवता (कुंभकरण शो), आदर्श गोकुल गांव, राजयोग अनुभूति कक्ष, अंतर्राष्ट्रीय सांस्कृतिक महोत्सव, शाश्वत यौगिक खेती, आत्मनिर्भर किसान, ग्राम विकास से राष्ट्र विकास, स्वर्णिम सनातन भारत दर्शन, भारत गौरव यात्रा, माइंड स्पा क्लिनिक, विज्ञान और आध्यात्म स्टाल मुख्य रहेंगे।

कलाकारों, साहित्यकारों की सहायता के लिए बैठक आज

भिलाई। यह देखने में आया है जिन कलाकार/ साहित्यकार तथा उनके परिवार का जीवनयापन या जीविका का माध्यम संपूर्ण रूप से कला/साहित्य विधा है तथा उनके रोजगार का अन्य कोई माध्यम नहीं है। उन्हें या उनके परिवारजनों के सदस्यों को कभी कभार आकस्मिक अस्वस्थता, दुर्घटना के फलस्वरूप विराट आर्थिक समस्या के सम्मुखीन होना पड़ता है। ऐसे विषम परिस्थिति में अब तक कुछ सहृदय कलाकार साथी या कलाप्रेमी साथियों ने मदद किया है लेकिन यह अनुभव किया है कि यह अभ्यास पर्याप्त नहीं है। उक्त विषय को दृष्टिगत रखते हुए तथा ऐसी परिस्थितियों पर ठोस कदम उठाने के लिए सभी विधाओं के कलाकारों/ साहित्यकारों के लिए आवश्यक बैठक 4 जनवरी को सायं 7 बजे नेहरू सांस्कृतिक सदन सेक्टर-1 में आहूत किया गया है। उक्त बैठक में सभी विधाओं के कलाकार, साहित्यकार, कला-साहित्य प्रेमी अवश्य ही भाग लेवें तथा अपना सुझाव हमें प्रदान करें ।

एक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व 5 सहायिकाओं की नियुक्ति हेतु परिषद से किया अनुमोदन

महापौर परिषद की बैठक में 12 प्रकरणो में बनी सहमति

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। महापौर परिषद की बैठक गुरूवार को एमआईसी कक्ष में आहूत की गई। जिसकी अध्यक्षता महापौर नीरज पाल, आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय एवं महापौर परिषद के सदस्यो की उपस्थिति में की गई। बैठक में प्रमुख रूप से 14 एजेण्डा पर विस्तृत चर्चा की गई। 1 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं 5 सहायिकाओं की नियुक्ति हेतु महापौर परिषद से अनुमोदन किया गया। निगम के वाहन शाखा हेतु उच्च कुशल, कुशल, अर्द्धकुशल वाहन चालक एवं हेल्पर उपलब्ध कराने का कार्य चर्चा के बाद पारित किया गया। राज्य प्रवर्तित योजना अंतर्गत वर्ष 2020-21 से 2021-22 तक निविदा उपरांत एसओआर से कम के कारण बचत राशि से कार्य कराये जाने की अनुसंशा प्रदान की गई है। इस कार्य हेतु संबंधित अभियंता की तारिफ की गई। इसी तारतम्य में तुम्हर शहर तुम्हर जिम्मेदारी के तहत नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत स्थित रामनगर मुक्तिधाम का उन्नयन विकास कार्य एवं रखरखाव कार्य को सलाहकार समिति की बैठक की अनुसंशा के पश्चात पुनः महापौर परिषद में रखे जाने की सहमति बनाई गई है। मिशन अमृत 2.0 अंतर्गत सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट निर्माण कार्य में चर्चा कर पारित किया गया। तालाब की जलकुम्भी सफाई हेतु वीड हारवेस्टर मशीन क्रय किये जाने की आवश्यकता को देखते हुए सर्व सम्मति से पारित किया गया है। निगम जोन कार्यालय जोन-03 एवं शिवनाथ विस्तार योजना के मध्य स्थित भूमि के आबंटन कार्य को सलाहकार समिति की बैठक में चर्चा के उपरांत आगामी महापौर परिषद की बैठक में पुनः प्रस्तुत करने को कहा। भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल में शहीद स्व. संजय गुप्ता के नाम पर सड़क एवन्यू ए सेक्टर 7 का नामकरण करने हेतु वार्ड पार्षद से प्राप्त जानकारी एवं स्थल निरीक्षण उपरांत नामकरण किये जाने की सहमति प्रदान की गई। साथ में 3 और सड़को का नामकरण हेतु सामान्य सभा के माध्यम से अनुमोदन पश्चात प्रस्तावित किया गया।

क्षेत्र में स्थित उच्चस्तरीय जलागार में डबल वैल्यू सिस्टम लगाने हेतु आवश्यकता को देखते हुए सहमति प्रदान की गई। इससे यह सुविधा मिलेगी की एक वाल खराब होने के कारण दुसरे वाल का उपयोग किया जा सकता है जिससे नगर वासियो को शुद्ध पेयजल प्रदाय की निरंतरता बनी रहे। चर्चा के दौरान यह भी आया कि महापौर निधि के माध्यम से निगम के सभी 70 वार्ड में बैडमिंटन ग्राउण्ड निर्माण कराने की सर्वसम्मति से पारित हुआ था। कुछ वार्ड ऐसे है जहां पर पहले से ही बैडमिंटन ग्राउण्ड है या कुछ वार्ड में उपयुक्त स्थल नहीं होने के कारण नहीं बन पाया। ह्यबचत राशि है उस राशि से जोन स्तर पर बेहतर रूप से बैडमिंटन कोर्ट का निर्माण किया जाये। बैठक में परिषद सदस्य सीजू एन्थोनी, साकेत चंद्रकार, आदित्य सिंह, मन्नान गफ्फार खान, चंद्रशेखर गंवई, एकांश बंछोर, संदीप निरंकारी, केशव चैबे, मालती ठाकुर, रीता सिंह गेरा, नेहा साहू सहित निगम के उपायुक्त नरेन्द्र कुमार बंजारे, जोन आयुक्त येशा लहरे, अजय सिंह राजपूत, सतीश कुमार यादव, कुलदीप गुप्ता, लेखाधिकारी चंद्रकांत साहू, अभियंतागण, एवं विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

महापौर व आयुक्त आवास सर्वसम्मति से पारित

महापौर एवं आयुक्त हेतु आवास की आवश्यकता को देखते हुए सर्व सम्मति से पारित किया गया। साथ में यह भी चर्चा की गई एक विश्रामगृह निर्माण की भी आवश्यकता है। नगर पालिक निगम भिलाई के संपत्ति की सुरक्षा हेतु सुरक्षागार्ड की सेवांए जारी करने के लिए प्रस्तुत संक्षेपिका के अनुसार सहमति प्रदान की गई। नगर पालिक निगम कार्यालय के स्थान पर चन्द्रा मौर्या अण्डर ब्रिज के पास आंन ग्रिड सोलर प्लांट स्थापना से स्थल पर लगे हुए मोटर में विद्युत प्रवाह की निरंतरता बनी रहे इस हेतु सहमति प्रदान की गई। इससे निगम का विद्युत व्यय का भी बचत होगा।

दैनिक सामग्रियों की होगी विशाल रेंज: सुश्री पायल

आत्मनिर्भर महिलाओं के उत्पादों की बिक्री के लिए प्रदर्शनी 5 जनवरी से

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज की दुर्ग जिला महिला इकाई द्वारा आत्मनिर्भर महिलाओं को उनके स्वनिर्मित उत्पादों की बिक्री के लिए बड़ा बाजार उपलब्ध करवाएगी। इसे लेकर 5 जनवरी, रविवार को सिटी सेंटर मॉल, फरिश्ता कॉम्पलेक्स के पास, दुर्ग में भव्य प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। यह प्रदर्शनी प्रातः 10 बजे से शुरु होकर रात्रि 8 बजे तक चलेगा। स्वदेशी भारतीय उत्पादों एवं उद्यमों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित प्रदर्शनी में आत्मनिर्भर महिलाएं अपने उत्पादों की प्रदर्शनी लगाएंगी। प्रदर्शनी में स्वदेशी उत्पाद के अलावा अन्य पारंपारिक वस्तुएं एवं व्यंजन आकर्षण का केन्द्र होंगे। मेला के आयोजन में स्वावलंबी भारत अभियान, चेंबर युवा विंग और कैट इकाई सहयोगी संस्था है। उक्ताशय की जानकारी देते हुए छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की दुर्ग जिला महिला इकाई अध्यक्ष सुश्री पायल जैन ने बताया कि चेंबर की महिला इकाई स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य कर रही है। इसे लेकर पूर्व में भी चेंबर द्वारा नए वर्ष व मकर संक्राति के अवसर पर महिलाओं द्वारा स्वनिर्मित स्वदेशी उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई गई थी। प्रदर्शनी को लोगों का अच्छा प्रतिसाद मिला था। जिसने आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रही महिलाओं का हौसला बढ़ाया। इसे देखते हुए चेंबर द्वारा पुनः महिलाओं द्वारा स्वनिर्मित उत्पादों को बाजार उपलब्ध करवाने प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। प्रदर्शनी में दैनिक जरुरत की सामग्रियों की विशाल रेंज उपलब्ध रहेगी।

पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना पर कार्यशाला

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना पर निगम सभाकक्ष में कार्यशाला का आयोजन किया। इस दौरान कमिश्नर सुमित अग्रवाल, कार्यपालन अभियंता मोहनपूरी गोस्वामी, दिनेश नेताम, सीएसपीपीसीएल आरके दानी, आरके जैन, वीपी मिश्रा, भवन अधिकारी गिरीश दिवान, अंजू देसाई, हरिशंकर साहू, विनोद मांझी,करण यादव, पंकज साहू, विकास दमाहे, प्रेरणा दुबे सहित अधिकारी उपस्थित रहे।ट्रेनर द्वारा दीनदयाल अंत्योदय योजना, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन, मितानिन व निगम कर्मचारियों की टीम गठित को ट्रेनिंग दी गई। कार्यशाला में बताया कि पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का उद्देश्य देश के नागरिकों को सस्ती और स्थायी ऊर्जा मुहैय्या कराना है। कार्यशाला में योजना के फायदे और क्रियान्वयन के तरीकों एवं आवेदन प्रक्रिया के बारे में बारिकी से जानकारी दी गई। मुफ्त बिजली योजना सौर पैनलों के माध्यम से घरेलू उपयोग के लिए ऊर्जा उत्पन्न करने पर जोर देती है। इससे न केवल बिजली की कमी को दूर किया जा सकेगा, बल्कि पर्यावरण पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। सस्ती बिजली योजना के तहत घरेलू उपभोक्ताओं को सस्ती दरों पर बिजली उपलब्ध कराने का प्रावधान है। इस योजना के तहत सौर पैनल इंस्टॉलेशन और मेंटेनेंस के लिए स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर पैदा होंगे। योजना का एक अन्य लाभ है कि यह शहर क्षेत्रो एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की पहुंच बढ़ाने में मदद करेगी, जिससे वहां की जीवनशैली में सुधार होगा। कार्यशाला में विशेषज्ञों ने सौर ऊर्जा के महत्व और उसके प्रभावों पर प्रस्तुतियाँ दीं। उन्होंने बताया कि सौर ऊर्जा का उपयोग न केवल पर्यावरण के लिए बल्कि आर्थिक दृष्टिकोण से भी फायदेमंद है। कार्यशाला में एक संवाद सत्र का आयोजन किया गया, जहां स्थानीय नागरिकों ने अपनी जिज्ञासाओं को साझा किया तथा विशेषज्ञों ने उनकी जिज्ञासाओं को शांत किया और उन्हें योजना के फायदों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान स्थानीय उदाहरण भी प्रस्तुत किए जहां सौर ऊर्जा के उपयोग से परिवारों ने अपनी बिजली की आवश्यकताओं को पूरा किया है।

4 लाख मीट्रिक टन से अधिक की धान खरीदी

दुर्ग। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में जिले के 87 सहकारी समितियों के अंतर्गत 102 उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से 85023 किसानों से 4,08,202.80 'मीट्रिक टन' धान की खरीदी की जा चुकी है। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक से प्राप्त जानकारी अनुसार खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के लिए समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य 31 जनवरी 2025 तक किया जाएगा। धान उठाव के लिए 3,48,751.84 मीट्रिक टन धान के लिए डीओ और टीओ जारी किया गया है। अब तक 1,85,929.31 मीट्रिक टन धान का उठाव हो चुका है।

यशोदा हॉस्पिटल की एक और चिकित्सा उपलब्धि

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। यशोदा हॉस्पिटल हैदराबाद सोमाजीगुड़ा द्वारा एक महत्वपूर्ण प्रेसवार्ता होटल ग्रैंड ढिल्लन नेहरूनगर पर आयोजित की। जिसमें उन्नत चिकित्सा तकनीकों और जीवनरक्षक उपायों पर प्रकाश डाला जाएगा। इस अवसर पर गंभीर न्यूमोनिया से जूझ रहे एक मरीज की प्रेरक कहानी प्रस्तुत की जाएगी। मरीज की स्थिति अत्यधिक गंभीर थी, लेकिन उसे एक्स्ट्राकॉर्पोरियल मेंब्रेन ऑक्सीजनेशन तकनीक की मदद से सफलतापूर्वक बचा लिया गया। यह घटना चिकित्सा जगत में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि को दर्शाती है और उन्नत उपचार पद्धतियों के महत्व को रेखांकित करती है। इसका विषय और फेफड़ों का प्रत्यारोपण होगा।
कार्यक्रम में प्रमुख वक्ता के रूप में डॉ. विश्वेशरन बालासुब्रमण्यम, जो एक प्रतिष्ठित इंटरवेंशनल पल्मोनोलॉजिस्ट और फेफड़ों के प्रत्यारोपण विशेषज्ञ हैं, उपस्थित रहेंगे। डॉ. बालासुब्रमण्यम उन्नत फेफड़ों के उपचार, श्रेष्टस्ह तकनीक की भूमिका, और जीवनरक्षक उपायों के बारे में अपने गहन विचार साझा करेंगे। यह सम्मेलन न केवल चिकित्सा के क्षेत्र में हो रहे नवाचारों की जानकारी प्रदान करेगा बल्कि एक मरीज के सफल उपचार की प्रेरक कहानी को भी उजागर करेगा। आपकी गरिमामयी उपस्थिति से यह आयोजन और भी सफल होगा।

खंडेलवाल ने क्षेत्र के मुख्य अभियंता का किया पदभार ग्रहण

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड दुर्ग क्षेत्र के मुख्य अभियंता एम. जामुलकर के रायपुर शहर क्षेत्र में स्थानांतरण उपरांत कार्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा कार्यक्रम आयोजित कर शुभकामनाओं सहित भावभीनी विदाई दी गई। अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने श्री जामुलकर के कार्यकाल के दौरान अर्जित उपलब्धियों एवं अविस्मरणीय पलों को याद किया। कार्यक्रम में दुर्ग रीजन में नवपदस्थ मुख्य अभियंता एस.आर.बी. खंडेलवाल का पदभार ग्रहण करने पर स्वागत किया गया। उल्लेखनीय है कि दुर्ग शहर के रायपुर नाका स्थित क्षेत्रीय मुख्यालय में मुख्य अभियंता का पदभार श्री खंडेलवाल को मुख्य अभियंता श्री जामुलकर ने सौंपा। श्री खंडेलवाल ने कंपनी द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि दुर्ग क्षेत्र अन्तर्गत दुर्ग, बालोद एवं बेमेतरा जिले में विद्युत विकास की गति को आगे बढ़ाने में टीमवर्क के साथ सतत् प्रयासरत रहेंगे। उन्होंने कहा कि तीनों जिले में निर्बाध विद्युत व्यवस्था एवं उत्कृष्ट उपभोक्ता सेवा को बनाये रखने के साथ विद्युत अधोसरंचना के कार्य उनकी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि मेरी पूरी कोशिश रहेगी कि अपनी पूरी टीम के साथ मेहनत और लगन से दुर्ग रीजन में विद्युत सुविधाओं को नई उंचाई पर ले जा सकूं।

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-74/वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदक केवल सिंह बाजवा पिता स्व. बी.एस. बाजवा निवासी ग्राम मैत्रीनगर रिसाली भिलाई तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम रिसाली तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 466/3 रकबा 0.0400 हे. भूमि जो कि आवेदक/शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक द्वारा मूल ऋण पुस्तिका गुम हो जाने पर डुप्लिकेट ऋणपुस्तिका प्रदाय करने हेतु आवेदन पत्र चालान की मूल प्रति बैंको द्वारा प्रस्तुत अनापत्ति प्रमाण पत्र, थाना की रिपोट व राजस्व अभिलेख सहित इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 14.01.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 24.12.2024 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-06/ वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका मनीष कुमार साहू पिता/पति स्व. बृजलाल साहू निवासी कुथरेल रा.नि.मं. अण्डा तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 1146 रकबा 1.1800 हे. धनैयाबाई अन्य एक के नाम पर दर्ज है। भूमिस्वामी की मृत्यु दिनांक 01.11.2015 को हो जाने के कारण वारिसानों का नाम दर्ज करने आवेदन पेश किया गया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 16.01.2025 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 27.12.2024 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर

नायब तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

आम-सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि मेरे कि मेरे पक्षकार /केतागण श्री राजेन्द्र पाटनी आ. श्री एस. एम. पाटनी, निवासी मकान नं. 271, श्रेयनिकेतन वार्ड नं. 13. आर्यनगर दुर्ग, श्री दानेश्वर प्रसाद भट्ट पिता श्री घिसला राम, निवासी ग्राम पाटन तहसील पाटन जिला दुर्ग छ.ग. के द्वारा विक्रेता शेख मुख्तार पिता शेख मुसा. निवासी ग्राम पाटन, तह. पाटन जिला दुर्ग छ.ग. के नाम पर भूमि स्वामी हक में राजस्व अभिलेख में दर्ज भूमि जिसका खसरा नं. कमशः 597, 599 रकबा कमशः 0.06 हे., 0.04 है. कुल रकबा 0.10 हे. याने कुल भूमि 10,875 वर्गफीट भूमि को कय करने का पक्का सौदा कर ब्याना राशि विक्रेता को प्रदान कर दी गई है तथा केवल रजिस्ट्री बैमाना की कार्यवाही किया जाना शेष है।

अत: ऊपर वर्णित उक्त भूमि की रजिस्ट्री बैमाना से जिस किसी भी व्यक्ति, निकाय, संस्था, बैंक वित्तिय संस्थान, शासकीय अथवा अर्धशासकीय निकाय इत्यादि को उक्त संबंध में कोई उजर या दावा करना हो तो वह इस आम सूचना प्रकाशन दिनांक से 7 दिवस के भीतर मेरे निजी कार्यालय में आकर संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत कर सकते है एवं उक्त समयावधि पश्चात्त किया गया उजर या दावा मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगा तथा मेरे पक्षकार द्वारा विक्रेता की उक्त भूमि को अपने पक्ष में रजिस्ट्री करवा ली जावेगी। अत: सो सूचना जाने।

शुभम ठाकुर
(अधिवक्ता)
सिविल न्यायालय पाटन
तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

मैं शपथकर्ता दीपक हलवदिया (DEEPAK HALVADIYA) पिता अवसर हलवदिया (AVSAR HALVADIYA) आयु 38 वर्ष निवासी-ब्लॉक डी/16, वार्ड नं. 14, सरस्वती शिशु मंदिर, बाबादीप सिंग नगर, सुपेला, भिलाई तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) का निवासी हूं जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करता हूँ यह कि मेरा नाम व पता ऊपर दर्शित अनुसार है। यह कि, मेरे पुत्र के नाम से जन्म प्रमाण पत्र जारी किया गया है। जिसमें मेरे पुत्र का नाम प्रिंस गुजराती दर्ज है, इसी प्रकार भारत सरकार का आधार कार्ड (आधार नं. 7683 0843 7612) जारी किया गया है उसमें मेरे पुत्र का नाम प्रिस बाघड़ी हलवादिया दर्ज है। लेकिन मेर शालेय दस्तावेजों में मेरे पुत्र का नाम प्रिंस बाघड़ी दर्ज हो गया है। जो कि लिपिकीय त्रुटि है। मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम दीपक हलवदिया आ. अवसर हलवदिया, दर्ज है, जो कि सत्य एवं सही है। मेरे पुत्र के शालेय दस्तावेजों, आधार कार्ड, व जन्म प्रमाण पत्र में वास्तविक एवं सही नाम प्रिंस हलवदिया, के स्थान पर लिपिकीय त्रुटिवश एवं भूलवश प्रिंस वाघड़ी, प्रिस वाघड़ी हलवादिया आत्मज दीपक वाघड़ी हलवादिया, प्रिंस गुजराती पिता दीपक गुजराती, दर्ज हो गया है। मैं अपने पुत्र के शालेय दस्तावेजों में वास्तविक एवं सही नाम प्रिंस हलवदिया, पिता दीपक हलवदिया, के नाम से शासकीय राजपत्र गजट में प्रकाशन करवाने एवं इस आधार पर मेरे पुत्र के नाम को शासकीय, अर्द्धशासकीय, समस्त दस्तावेज, पेन कार्ड एवं आधार कार्ड में अंकित करवाने बाबत् आवश्यक दस्तावेजों के साथ शपथ पत्र प्रस्तुत है।

शपथकर्ता
दीपक हलवदिया
पिता अवसर हलवदिया
निवासी- ब्लॉक डी/16 वार्ड 14,
सरस्वती शिशु मंदिर, बाबादीप
सिंग नगर, सुपेला भिलाई
तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

मैं शपथकर्ता विरेन्द्र सिंह राठौर, उम्र 62 वर्ष, पिता श्री शंकर लाल राठौर निवासी- एल.आई.जी. 2/448, हाउसिंग बोड, औधोगिक क्षेत्र भिलाई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) का हूँ जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करता हूँ यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है। यह कि छ.ग. गृह निर्माण दुर्ग से हाउसिंग बोड, औधोगिक क्षेत्र भिलाई में स्थित भवन क्र. एल.आई.जी. 2/448 को क्रय किया हूं, क्रय करने के समय छ.ग.गृह निर्माण मण्डल के अभिलेख में मेरा उपनाम राठौर के स्थान पर कही राठी कही राठीर तथा कही राठौर दर्ज है एवं कही मध्य में सिंह के स्थान पर कुमार दर्ज है। यह कि मेरा पूरा नाम विरेन्द्र सिंह राठौर पिता श्री शंकर लाल राठौर है, जो कि मेरे आधार कार्ड एवं पेन कार्ड में दर्ज है, जो कि सत्य व सही है। यह कि हाउसिंग बोर्ड के अभिलेख में मेरा नाम विरेन्द्र सिंह राठी, राठीर, राठौर एवं मध्य के नाम सिंह के स्थान पर कुमार त्रुटिवश उपनाम गलत दर्ज हो गया है। यह कि उक्त भवन मेरे ही नाम पर है तथा विरेन्द्र सिंह राठी, राठीर, राठौर तीनो मेरा ही उपनाम है एवं विरेन्द्र सिंह राठौर व विरेन्द्र कुमार राठौर मेरा ही नाम है। यह कि उक्त भवन की रजिस्ट्री छ.ग. गृह निर्माण मण्डल से विरेन्द्र सिंह राठौर पिता शंकर लाल राठौर के नाम पर सही दर्ज करवान चाहता हूं, जिसके लिये यह शपथपत्र छ.ग. गृह निर्माण मण्डल के सक्षम अधिकारी के समक्ष मेरे उपनाम को सही दर्ज कर रजिस्ट्री किये जाने के संबंध में प्रस्तुत है। यह कि उक्त शपथपत्र में किन्ही भी तथ्यो को छिपाया नही गया है, भविष्य में किसी भी प्रकार की कोई वाद विवाद अथवा न्यायालीन कार्यवाही उत्पन्न होने पर उसकी संपूर्ण जवाबदारी मुझ शपथकर्ता की होगी। अत: यह शपथपत्र उपरोक्त कथन की सत्यता में सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत है।

शपथकर्ता
विरेन्द्र सिंह राठौर
पिता श्री शंकरलाल राठौर

नाम-परिवर्तन

मैं शपथकर्ता दीपक हलवदिया पिता अवसर हलवदिया आयु 38 वर्ष निवासी-ब्लॉक डी/16, वार्ड नं0 14, सरस्वती शिशु मंदिर, बाबादीप सिंग नगर, सुपेला, भिलाई तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) शपथ करता हूँ यह कि मेरा नाम एवं उपरोक्तानुसार सत्य एवं सही है। मेरा पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड क्रं. 768308437612 मे उसका नाम प्रिंस गुजराती, प्रिंस वाघड़ी हलवादिया दर्ज है। यह कि मेरे पुत्र शाला रिकार्ड/दस्तावेज में लिपिकीय त्रुटिवश एवं भूलवश उसका नाम प्रिंस वागड़ी, प्रिस वाघड़ी हलवादिया एवं उसके पिता अर्थात मुझ. शपथ कर्ता का नाम दीपक वाघड़ी हलवादिया, दर्ज कर दिया गया है। जो कि त्रुटि पूर्ण है। मैं शपथकर्ता मेरे सुपुत्र के शाला रिकार्ड/दस्तावेज में उसका एवं उसके पिता का वास्तविक एवं सही नाम सुधार कर प्रिंस हलवदिया (PRINCE HALVADIYA) पिता दीपक हलवदिया (DEEPAK HALVADIYA) दर्ज करवाना चाहता हूँ।अब इस ईश्तहार प्रकाशन (गजट प्रकाशन) पश्चात् मेरे पुत्र से संबंधित समस्त दस्तावेज/शाला रिकार्ड/प्रमाण पत्रों में उसका एवं उसके पिता का वास्तविक एवं सही नाम प्रिंस हलवदिया (PRINCE HALVADIYA) पिता दीपक हलवदिया (DEEPAK HALVADIYA) के नाम से लिख जावे, जाना, पहचाना, पुकारा, लिखा एवं पढ़ा जावे तथा इसी नाम से आगे भविष्य समस्त नीजि, शैक्षणिक, शासकीय, अशासकीय, अर्द्ध शासकीय दस्तावेजों व अन्य अभिजलेखों में दर्ज किया जावे।

शपथकर्ता
दीपक हलवदिया
पिता अवसर हलवदिया
निवासी- ब्लॉक डी/16 वार्ड 14,
सरस्वती शिशु मंदिर, बाबादीप
सिंग नगर, सुपेला भिलाई
तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र.09/अ-20(3)/ वर्ष 2024-25

आवेदकगण नितिश आ. स्व. ईश्वरी प्रसाद एवं अन्य 01 निवासी आमदी नगर हुडको भिलाई द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि आमदी नगर हुडको भिलाई में स्थित भूमि खसरा नं. 1/2, 2/2 का टु. प्लाट नं. एल.आई.जी.-236 रकबा 96 वर्गमीटर भूमि धारकगण भुनेश्वर प्रसाद, वेदबाई, विमला बाई, अमिता, चिंतामणी पिस. स्व. टी.आर. साहू, श्रीमती अरूणधती साहू पति स्व. ईश्वरी प्रसाद, नितीश आ. स्व. ईश्वरी प्रसाद, नाबालिग आश्वी आ. विनोद कुमार के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। सहधारक भुनेश्वर प्रसाद, वेदबाई, विमला बाई, अमिता, चिंतामणी पिस. स्व. टी.आर.साहू, श्रीमती अरूणधती साहू पति स्व. ईश्वरी प्रसाद द्वारा उक्त भूखण्ड का अपना हक हिस्सा 72 वर्गमीटर भूमि अन्य सहधारकगण नितीश आ. स्व. ईश्वरी प्रसाद, नाबालिग आश्वी आ. विनोद कुमार के पक्ष मे पंजीकृत हक त्याग पत्र दिनांक 11.09.2024 को निष्पादित किया है। आवेदकगण द्वारा उक्त पंजीकृत हक त्याग पत्र के आधार पर प्रश्नाधीन भूखण्ड से हक त्यागकर्ता सहधारकगण का नाम विलोपित कर आवेदकगण का नाम नजूल अभिलेख में यथावत रखे जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतएव एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा या आपत्ति हो, तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 16.01.2025 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिसे भू-खंड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावे। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 26.12.2024 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

नजूल जांच अधिकारी
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र.43/अ-20(3)/ वर्ष 2024-25

आवेदक प्रदीप कश्यप आ. छकीलाल कश्यप निवासी वार्ड कं. 06 तकिया पारा दुर्ग द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि दुर्ग स्थित नजूल भूमि शीट कं. 45 सी प्लाट नं. 79/2 रकबा 28 वर्गमीटर भूमि धारक दिनेश नागरे आ. के.जी. नागरे निवासी मोतीपारा दुर्ग के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। धारक द्वारा उक्त भूखण्ड को पंजीकृत बैनामा दिनांक 13.12.2024 द्वारा आवेदक को विकय किया है। आवेदक द्वारा उक्त पंजीकृत बैनामा के आधार पर कयशुदा भूखण्ड से विक्रेता/धारक का नाम नजूल अभिलेख से विलोपित कर स्वयं का नाम दर्ज किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को दावा या आपत्ति हो, तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 16.01.2025 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिसे भू-खंड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावे। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 27.12.2024 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

नजूल जांच अधिकारी
दुर्ग (छ.ग.)

न्यूज गैलरी

श्रम विभाग ने 586 हितग्राहियों को 94 लाख रूपये से किया लाभान्वित

खैरागढ़/नवप्रदेश। प्रदेश सरकार ने जिले के श्रमिक वर्ग के लिए लाखों की स्वीकृति दी है। जिले के 586 हितग्रहियों को 94 लाख 8500 रूपये से लाभान्वित किया गया है। श्रम विभाग से मिली जानकारी अनुसार छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं में पंजीकृत हितग्राहियों को योजनावार राशि से लाभान्वित किया गया है। जिसमें मिनीमाता महतारी जतन योजना के अंतर्गत 91 हितग्राहियों को 18 लाख 20 हजार रूपये, मुख्यमंत्री नौनीहाल छात्रवृत्ति सहायता योजना अंतर्गत 184 हितग्राहियों को राशि 4 लाख 8500 रूपये एवं मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना अंतर्गत 12 हितग्राहियों को राशि 12 लाख रूपये, मुख्यमंत्री श्रमिक सियान सहायता योजना अंतर्गत 33 हितग्राहियों को राशि 6 लाख 60 हजार रूपये, मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण सहायता योजना अंतर्गत 266 हितग्राहियों को राशि 53 लाख 20 हजार रूपये प्रदान कर लाभान्वित किया गया है।

माता राजिम भक्तिन जयंती की तैयारियों को लेकर विधायक व पदाधिकारियों ने अधिकारियों के साथ किया निरीक्षण

राजिम/नवप्रदेश। छग प्रदेश साहू संघ के द्वारा प्रतिवर्ष 07 जनवरी मनाए जाने वाले माता राजिम भक्तिन जयंती के आयोजन को लेकर साहू समाज ने तैयारी तेज कर दी है। इसी तारतम्य में शुक्रवार को राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू, छग प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष टहल सिंह साहू ने प्रदेश उपाध्यक्ष भुनेश्वर साहू, राजिम भक्तिन मंदिर समिति के अध्यक्ष लाला साहू, जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू सहित समाज के वरिष्ठजन, पदाधिकारियों व स्थानीय कार्यकर्ताओं के साथ कार्यक्रम स्थल का निरिक्षण किया। उक्त कार्यक्रम मेला महोत्सव स्थल में आयोजित होगा। आयोजन के संबंध में विधायक व समाज के पदाधिकारियों ने एसडीएम, तहसीलदार, पीडब्ल्यूडी, जलसंसाधन व अन्य विभागीय अधिकारियों के साथ समूचे तैयारियों का जायजा लिया। गौरतलब है कि साहू समाज के उक्त गरिमामय आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आगमन हो रहा है साथ ही प्रदेश के सभी नेतागण व समाज के जनप्रतिनिधि व पदाधिकारीगण उपस्थित रहेंगे। विधायक रोहित साहू ने उपस्थित अधिकारियों से सभी व्यवस्थाओं को पूर्ण करने की बात कही।

वॉलीबाल स्पर्धा का राजेश मूणत ने किया उद्घाटन

रायपुर/नवप्रदेश। शुक्रवार को हटकेश्वरनाथ वॉलीबॉल एवं मास्टर एसोसिएशन छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित खारून नदी के पावन तट पर स्थित महादेव घाट स्थित ग्राउंड में अखिल भारतीय वॉलीबॉल खेल का उद्घाटन विधायक राजेश मूणत के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ।

मुख्य अतिथि द्वारा अपना विचार व्यक्त किया कि खेलेंगे तभी स्वस्थ रहेंगे अतः मैं वॉलीबॉल के साथ ही साथ अन्य खेल के प्रति ज्यादा से ज्यादा सहयोग देने का प्रयास करूंगा। राजेश मूणत ने कहा 40 वर्ष की उम्र के बाद खेलना अपने आप में उपलब्धि है। मुख्य अतिथि द्वारा अपने उद्बोधन में उपस्थित सारे दर्शकों एवं यहां के ग्राउंड के सभी मेंबरों को राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता करने के लिए बधाई दी गई।

शुक्रवार को 40 प्लस पुरुष वर्ग में सर्वप्रथम छत्तीसगढ़ एवं उड़ीसा राज्य की टीम खेली, जिसमें छत्तीसगढ़ द्वारा पांच सेट के निर्णायक मैच में लगातार तीन सेटों से विजयी रही। आज का दूसरा मैच कोरबा एवं उरकुरा के मध्य खेला जा रहा है। 5 सेट के पहले सेट उरकुरा की टीम जीत चुकी है। हमारे तकनीकी टीम से प्राप्त जानकारी अनुसार आज ओपन महिला वर्ग में रायपुर वर्सेस कोलकाता एवं साई वर्सेस आगरा की टीम में खेलेगी। शुक्रवार को उद्घाटन के कारण 4-5 मैच खेले जाने हैं ।कल 4 तारीख को लगभग 16 मैच होंगे आज के खेल में दर्शकों का ज्यादा से ज्यादा प्रतिसाद मिला। भविष्य में वालीबॉल के प्रति लोगों का रुझान बढ़ेगा ऐसी हमें आशा है। कल 4 तारीख को उत्तर प्रदेश, दुबई, पंजाब की टीमों का खेल देखने को मिलेगा।

शासकीय प्राथमिक शाला खट्टी में मनाया गया भारतीय महिला दिवस

गरियाबंद/नवप्रदेश। शासकीय प्राथमिक शाला खट्टी में देश की प्रथम महिला शिक्षक सावित्री बाई फूले का जन्म दिवस भारतीय महिला दिवस के रूप मनाया गया, इस अवसर पर शाला परिवार द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ,आंगनबाड़ी सहायिका एवं मध्यान्ह भोजन रसोइया जनों का सम्मान श्रीफल भेंट कर तथा तिलक लगाकर किया गया. देश की प्रथम महिला शिक्षक सावित्री बाई फूले के जन्म दिवस 3 जनवरी को शासकीय प्राथमिक शाला खट्टी में भारतीय महिला दिवस मनाया गया, इस अवसर पर संस्था के प्रभारी प्रधान पाठक गिरीश शर्मा ने सावित्री बाई फूले के बारे मे विस्तृत रूप से जानकारी देते हुए बताया की सावित्रीबाई फुले का जन्म 3 जनवरी 1831 को हुआ था।

आरक्षण पर ओबीसी समाज की उपेक्षा स्वीकार्य नहीं

पिछड़ा वर्ग समाज के नेतृत्व पर नगर बंद रहा सफल

- वक्ताओं ने शासन प्रशासन को सभा स्थल बजरंग चौक नगरी पर कोसते नजर आए

नगरी/नवप्रदेश। आरक्षण को लेकर पिछड़ा वर्ग समाज की आह्वान पर तीन जनवरी को नगरी विकासखंड में महाबंद का आह्वान किया गया था जो पूरी तरह सफल रहा ब्लाक मुख्यालय के व्यापारियों ने सुबह से ही अपने प्रतिष्ठान बंद रखकर पिछड़ा वर्ग समाज को अपना समर्थन दिया, इस दौरान पुलिस प्रशासन की चाक चौबंद व्यवस्था रही, ज्ञात हो कि नगरी नगर पंचायत की पूरी आबादी में 70 प्रतिशत ओबीसी की है नगर पंचायत में कुल 15 वार्ड है, जहां ओबीसी के लिए सिर्फ दो सीट आरक्षित किया गया है, इसे लेकर ओबीसी समाज में शासन के प्रति नाराजगी देखा जा रहा है, ओबीसी समाज ने नगर पंचायत की आबादी के अनुसार ओबीसी समाज को आरक्षण देने की मांग कर रहे हैं,

इसी परिप्रेक्ष्य में आज ओबीसी समाज ने पूरे ब्लॉक में एक दिवसीय महाबंद का आह्वान किया गया था जो पूर्ण रूप से सफल रहा, इस दौरान नगरी घठुला सांकरा सिहावा से आए हुए सर्व समाज के महिला पुरूष हजारों की संख्या में बजरंग चौक में इकट्ठा हुए जहां पर एक सभा का आयोजन किया गया, सभा को सभी समाज प्रमुखों के द्वारा संबोधन किया गया और अपने हक और अधिकार को लेकर संघर्ष करने की बात कहा, उन्होंने कहा कि सरकार की कथनी और करनी में विरोधाभास स्पष्ट दिखाई दें रहा है, जब तक हमें पूर्ण रूप से आबादी के अनुसार आरक्षण नहीं मिलता है तब तक हमारा संघर्ष जारी रहेगा, अगर सरकार हमारे ओबीसी समाज का उपेक्षा किया तो आगे चलकर उग्र प्रदर्शन किया जाएगा, इसके बाद सभा समाप्ति की घोषणा की गई, सभा समाप्ति के पश्चात बंजरग चौक से रैली के शक्ल में तहसील कार्यालय पहुंचकर राष्ट्रपति मुख्यमंत्री राज्यपाल के नाम पर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया,

इस अवसर पर पिछड़ा वर्ग कल्याण संघ के जिला अध्यक्ष अंगेश हिरवानी यादव समाज के अध्यक्ष डीके यादव, पिछड़ा वर्ग तहसील अध्यक्ष सखाराम साहू, देवेन्द्र सेन, सहदेव साहू,अनराज साहू, कंवल राम साहू, वाम देव कौशल,वरिष्ठ भाजपा नेता एवं अखिल भारतीय ओबीसी समाज छत्तीसगढ के उपाध्यक्ष आलोक सिन्हा, अरूण सारवा, व्यापारी संघ के अध्यक्ष संतोष साहू,वेद राम साहू घठुला,पेमंत साहू, देवांगन समाज के अध्यक्ष अशोक देवांगन सेमरा, निषाद समाज से अंजोर सिंग निषाद, गोवर्धन यादव, यशकरण पटेल,अमर सिंह पटेल उमेश देव, नरेश छेदैहा, प्रकाश सेन, नरेंद्र प्रजापति पुनीत राम साहू, प्रेमन स्वर्णबेर, हरीश सारवा,सहित पिछड़ा वर्ग समाज के प्रमुख जनों की उपस्थिति रही, बजरंग चौक से रैली निकालकर तहसील कार्यालय पहुंचकर समाज के प्रमुखों के द्वारा हमारी मांगों को राष्ट्रपति प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री के नाम वही तहसीलदार को ज्ञापन दिया गया उन्होंने कहा कि आपकी जो भी मांग है तत्काल हम इसे आगे की ओर अग्रेषित करने की बात कही

वही तहसीलदार ने कहा कि आपकी मांगों की आपकी जो भी मांग है आज तत्काल आगे की ओर अग्रेषित दिया जाएगा

प्रशिक्षण दो चरणों में हुआ

गरियाबंद के रसायन व्याख्याताओं का सेवाकालीन प्रशिक्षण संपन्न

गरियाबंद/नवप्रदेश। सेवाकालीन शिक्षक प्रशिक्षण के अंतर्गत गरियाबंद जिले के रसायन शास्त्र व्याख्याताओं का तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण संपन्न हुआ। जिला शिक्षा अधिकारी ए के सारस्वत के निर्देशन व प्रशिक्षण नोडल एडीपीओ बुद्ध विलास सिंह सहायक नोडल एपीसी विल्सन थॉमस के मार्गदर्शन में विषयवार सेवाकालीन शिक्षक प्रशिक्षण संपन्न हुआ जिसमें विषय विशेषज्ञ मास्टर ट्रेनर व्याख्याता समीक्षा गायकवाड़ एवं व्याख्याता राजेश कंसारी द्वारा जिले के रसायन शास्त्र व्याख्याताओं को प्रशिक्षण दिया गया। आवासीय प्रशिक्षण का संचालन कार्यक्रम प्रभारी बीआरसीसी तेजेश शर्मा की देखरेख में बीआरसीसी भवन गरियाबंद में हुआ। प्रशिक्षण का संचालन दो चरणों में हुआ। प्रथम चरण में आनलाइन प्रशिक्षण 13 दिसंबर से 17 दिसंबर तक संचालित हुआ एवं दूसरे चरण का आवासीय प्रशिक्षण 30 दिसंबर से 1 जनवरी तक तीन दिवस में संपन्न हुआ। प्रशिक्षु व्याख्याताओं की शंकाओं के समाधान, रसायन विज्ञान के प्रति रूचि बढ़ाने, नवाचारी प्रयोगों, 21वीं सदी के कौशल, कक्षा शिक्षण की तैयारी व अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर विचार विमर्श हुआ।

प्रथम पृष्ठ का शेष

छत्तीसगढ़ की समृद्ध संस्कृति ...

कुंभ कल्प के प्रमुख आयोजनों और श्रद्धालुओं के लिए सुविधाजनक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने को कहा।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि राजिम कुंभ कल्प 2025 धर्म, आस्था और संस्कृति का अद्भुत समागम होगा और यह छत्तीसगढ़ की समृद्ध परंपराओं और संस्कृति को प्रदर्शित करने का भी सुंदर माध्यम है। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि श्रद्धालुओं को यहां अविस्मरणीय अनुभव प्राप्त हो और यह आयोजन हमारी गौरवशाली विरासत को देश-दुनिया तक पहुंचाएं।

आवागमन की व्यवस्था व सुरक्षा संबंधी उपाय और स्वच्छता विशेष ध्यान देने के दिए निर्देश

मुख्यमंत्री साय ने राजिम कुंभ कल्प के आयोजन में शामिल समस्त विभागों और प्रशासनिक अमले को आपस में समन्वय स्थापित कर कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने श्रद्धालुओं के आवागमन की व्यवस्था, सुरक्षा संबंधी उपाय और स्वच्छता के लिए विशेष ध्यान देने को कहा। श्री साय ने कहा कि हम सबकी जिम्मेदारी है कि इस आयोजन को सफल बनाएं और छत्तीसगढ़ की पहचान के रूप में इसे स्थापित करें। उन्होंने 12 फरवरी को आयोजित माघी पुन्नी स्नान, 21 फरवरी जानकी जयंती के अवसर पर संत समागम और 26 फरवरी को होने वाले शाही स्नान की तैयारी पर विशेष ध्यान देने को कहा।

राजिम कुंभ कल्प के संपूर्ण आयोजन के लिए पर्यटन विभाग को नोडल बनाया गया है। 15 दिनों तक चलने वाले इस कुंभ कल्प में पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी साधु संतों का विराट समागम होगा। माघी पुन्नी स्नान, शाही स्नान, जानकी जयंती के अवसर पर संत समागम विशेष रूप से आयोजित होगा। प्रतिदिन सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन, मेला, मड़ई, मीना बाजार और विभागीय प्रदर्शनी भी कुंभ कल्प का विशेष आकर्षण के रूप में शामिल हैं।

बैठक में विधायक रोहित साहू, मुख्य सचिव अमिताभ जैन, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव राहुल भगत, सचिव धर्मस्वअन्बलगन पी., संचालक संस्कृति विवेक आचार्य, आईजी रायपुर अमरेश मिश्रा, कलेक्टर गरियाबंद दीपक अग्रवाल सहित अन्य विभागीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

कवासी लखमा के साथ हरीश पर...

ऑफ हो गया। रात तक घर नहीं लौटने पर उनके भाई और पत्रकार युकेश चंद्रकार ने करीबियों के घर, शहर में अलग-अलग जगह पता लगाया। कोई खबर नहीं मिलने पर युकेश चंद्रकार ने पुलिस में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। मुकेश के गुमशुदगी रिपोर्ट पर संज्ञान लेते हुए आईजी सुंददराज पी ने आज शाम तक स्थिति स्पष्ट होने की बात कही थी। उन्होंने मीडिया से चर्चा में बताया था कि टीम को पड़ताल के लिए एक्टिव किया गया है। जानकारी पर एक व्यक्ति को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही थी। इसके अलावा पुलिस की एक टीम को दिल्ली रवाना किया गया था।

शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में चार दिवसीय 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ

गरियाबंद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की पवित्र भूमि गरियाबंद के प्राण स्वरूप गरियाबंद के हृदय स्थल गांधी मैदान में शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में आज शुक्रवार को चार दिवसीय 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ विशालकाय भव्य और दिव्य कलश यात्रा के साथ किया गया।

इस दौरान गरियाबंद जिले के अलावा अन्य जिलों से आए हजारों श्रद्धालुओं ने भी कलश यात्रा में भाग लिया और धार्मिक उल्लास के साथ यात्रा में शामिल हुए।

गायत्री महामंत्र और सामूहिक शंखनाद और राष्ट्रीय गीत अरपा पैरी के धार के सु मधुर गायन से कलश शोभा यात्रा की शुरुआत मां गायत्री, पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य, और माता भगवती देवी के चित्र के समक्ष शांतिकुंज हरिद्वार से आए विद्वान आचार्यों ने मंगल व ध्वज गीतों के बीच कलश यात्रा का शुभारंभ किया गया। माथे पर कलश लिए पीतवस्त्रधारियों से पूरा शहर पट गया। मंगल गीतों व गगनभेदी जयकारों से वातावरण गुंजायमान हो उठा।

कलश यात्रा में कई भजन कीर्तन मंडली रही, जो देवी भजनों से लगातार लोगों को मनमोहित करती रही , साथ ही भगवान शिव की जीवन्त झांकी सबको सेल्फी लेने मजबूर कर रहा था । दूसरी पंक्ति में कार्यक्रम के आयोजक और हजारों महिलाओं का समूह रहा। ये महिलाएं अपनी संस्कृति में खुशी के साथ ध्वज पताका लिए मां गायत्री की जय-जयकार के नारों के साथ शहर की सड़कों पर निकले। इस पूरी यात्रा में गरियाबंद शहर के सभी समाजों ने स्वागत में फूल बरसाए।

लगभग 1008 कलश की यह यात्रा यज्ञ स्थल से संतोषी मंदिर होते हुए शारदा चैक , गौरव पथ , भूतेश्वर चैक से मुख्य मार्ग होते हुए तिरंगा चैक से छीन तालाब पहुंची , वहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलश देवता का पूजन किया गया और जलपूर्ण कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसके बाद यात्रा सुभाष चैक , शीतला मंदिर , दुर्गा मंदिर होकर गायत्री मंदिर होते हुए पुनः गायत्री गांधी मैदान पहुंची, जहां कलश देवता की महा आरती कर स्वागत वंदन किया गया।

न्यायालय तहसीलदार अहिवारा जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./202501104000001 /अ-74/वर्ष 2024-25
ग्राम-मेडेसरा, प.ह.न. 07

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक फरनीश शर्मा पिता चन्द्रभान शर्मा एवं अन्य, निवासी सेक्टर-6 भिलाई तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया है कि मौजा ग्राम मेड़ेसरा, प.ह.नं. 07, तहसील अहिवारा जिला दुर्ग (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नं 732/6 रकबा 0.1480 हे. फरनीश शर्मा पिता चन्द्रभान शर्मा एवं अन्य, खसरा न 732/8 रकबा 0.0930 हे. सरोज शर्मा पति फरनीश शर्मा एवं खसरा नं. 732/9 रकबा 0.0600 हे. हरिश मदान पिता माधो नारायण मदान एवं अन्य के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में भूमिस्वामी हक में दर्ज है। उक्त भूमि का वर्तमान ऑनलाईन नक्शा के अनुसार सभी अपने अपने हिस्से की भूमि पर कास्त कब्जे में है, किंतु वादभूमि का चालू नक्शा में खसरा न. 732/6 के स्थान पर 732/9, खसरा नं. 732/8 के स्थान पर 732/6 एवं खसरा नं. 732/9 के स्थान पर 732/8 प्रदर्शित हो रहा है जिसे वर्तमान ऑनलाईन नक्शा के अनुसार चालू नक्शा में सुधार करने हेतु निवेदन किया जाकर आवेदन पत्र के साथ वाद भूमि का खसरा बी-1, नक्शा, पंजीकृत बैनामा एवं अन्य दस्तावेजों की छायाप्रति संलग्न कर प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतएव इस आवेदन के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति, दावा हो तो स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में पेशी दिनांक 24/01/2025 को या उसके पूर्व कार्यालयीन दिवस को लिखित में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नही किया जावेगा। यह ईश्तहार आज दिनांक 03/01/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील-मुहर से जारी किया गया है।

मुहर
तहसीलदार
अहिवारा जिला दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं गौतम जैन पिता मांगीलाल ताटिया, निवासी मकान नं. 37 महावीर कालोनी कोर्ट के पीछे वार्ड नं. 38 दुर्ग तह. व जिला दुर्ग(छत्तीसगढ़) यह शपथ करता हूं कि मैंने अपना यह पुराना नाम गौतम जैन को त्यागकर नया नाम गौतमचंद जैन रख लिया हूँ। अत: आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम जतिन देवांगन पिता भूषण लाल देवांगन से ही जाना पहचाना जावे।

शपथकर्ता
गौतम जैन
पिता मांगीलाल ताटिया
निवासी मकान नं. 37 महावीर कालोनी कोर्ट के पीछे वार्ड नं. 38 दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छत्तीसगढ़)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम शायना परवीन | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं.
202412100400453/अ-2/ वर्ष 24-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका शायना परवीन आ./पति मोहम्मद अजमेर खान निवासी रिसाली सेक्टर भिलाई तह.व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम उमरपोटी प.ह.न. 52 तह. व जिला दुर्ग	366/2	0.013 हें 1400 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजन

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 30/12/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग, जिला दुर्ग

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रमांक-10)

अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
Email: rmczone10@gmail.com

ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र. 17077 दिनांक 03.01.2024
वार्ड का नाम - 56 - अरविंद दीक्षित वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 56 स्थित भवन /भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR446B00390 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती GOVT. NAZUL KANCHAN BALA BARMAN पिता/पति श्री/श्रीमती DINESH BARMAN के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती RAKESH KUMAR SAHU पिता/पति श्री/श्रीमती SAKIL RAM SAHU ने मृत्यु प्रमाण पत्र सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ Sapath patra, rasid, malma bikrinama/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा /आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे

श्री राकेश शर्मा
(जोन कमिश्नर)
जोन (10)
नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम सेहबूब अली | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं.
202412100400452/अ-2/ वर्ष 24-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका सेहबूब अली आ./पति मोहम्मद जहूर निवासी सेक्टर-06 भिलाई तह.व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम उमरपोटी प.ह.न. 52 तह. व जिला दुर्ग	366/3	0.014 हें 1500 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजन

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 30/12/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय विवाह अधिकारी एवं अपर कलेक्टर दुर्ग (छ.ग.)

क्रमांक : 887/प्रस्तुतकार/वि.अधि./2024-25
फार्म-अ
सार्वजनिक सूचना (विषय-6 देखिये)

सर्व साधारण को जानकारी के लिए अधिसूचित किया जाता है कि आवेदक प्रणय रडके पिता प्रमोद रडके निवासी 149/6, चाटापारा दिक्षित बगीचा, बिलासपुर (छ.ग.) पिन नं 495001 आवेदिका शिवांगी कोढे पिता राजेन्द्र कुमार कोढे निवासी 258/2, वॉर्ड नं. 40, साहू सदन के पास, केलाबाड़ी दुर्ग (छ.ग.) पिन नं. 491001 द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 के अंतर्गत अपने विवाह के लिए आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तावित विवाह के आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में दिनांक 15/01/2025 के पूर्व निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि. के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी तथा यह शून्य माना जावेगा।

आज दिनांक 13/11/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा सहित जारी।

मुहर
अपर कलेक्टर
एवं विवाह अधिकारी
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र.202412103000006 /अ-74/वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण श्रीमती सीमा साहू पति श्री ईश्वर लाल साहू वगैरह पता मकान नंबर 3/5, वार्ड नं. 63, सांई मंदिर के पीछे इस्पात नगर, रिसाली भिलाई तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है कि श्रीमती सीमा साहू ने मौजा खम्हरिया प.ह.नं. 54 स्थित कृषि भूम जिसका खसरा नंबर 40/2 रकबा 0.180 हे. 45 डिसमिल कृषि भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के माध्यम से विक्रेता राजकुमार साहू पिता कलीराम साहू निवासी ग्राम खम्हरिया पोष्ट पुरई तह. व जिला दुर्ग से दिनांक 14/12/2020 को कय कया है। ऋणपुस्तिका कमॉक पी/2047405 है। उक्त कृषि भूमि का नक्शा बटांकन किये जाने आवेदन न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 23 तक स्वयं 15/01/2025 अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 06/12/2024 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
अतिरिक्त तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र.28/अ-20(3)/ वर्ष 2024-25

आवेदक हेमंत कुमार आ. स्व. चिमन लाल निवासी ब्राम्हण पारा दुर्ग द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि दुर्ग स्थित नजूल भूमि शीट कं. 29 सी प्लाट नं. 38 क्षेत्रफल 78 वर्गमीटर भूमि धारकगण हेमंत कुमार, सुरेश कुमर पिस. स्व. चिमनदास निवासी ब्राम्हण पारा दुर्ग के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। सहधारक सुरेश कुमार द्वारा अपने हक हिस्से की उक्त भूखण्ड का दु0 क्षेत्रफल 39 वर्गमीटर को आवेदक के पक्ष में पंजीकृत हक त्याग पत्र दिनांक 25.10.2024 को निष्पादित किया है। आवेदक द्वारा उक्त पंजीकृत हक त्याग पत्र के आधार पर प्रश्नाधीन भूखण्ड से हक त्यागकर्ता का नाम विलोपित कर स्वयं का नाम नजूल अभिलेख में यथावत् रखे जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतएव एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को दावा या आपत्ति हो, तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 16.01.2025 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिसे भू-खंड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावे। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 26.12.2024 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर
नजूल जांच अधिकारी
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-06/वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री अजय जैन पिता माणणचंद जैन निवासी मैत्रीकुंज रिसाली भिलाई तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम रिसाली तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 47/1 का भाग रकबा 3500 वर्गफीट भूमि जो कि आवेदक/शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार/ वसीयतकर्ता माणकचंद जैन आ. दीपचंद जैन के द्वारा आवेदक के पक्ष में दिनांक 02.11.2019 को पंजीकृत/अपंजीकृत वसीयतनामा निष्पादित किया गया है। वसीयतकर्ता की मृत्यु हो जाने पर पंजीकृत/अपंजीकृत वसीयतनामा के अधार पर आवेदक का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 20.01.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 26.12.2024 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

मा.क्र./ वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री मोहन सिंह सैनी साकिन शक्तिनगर दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) द्वारा अपने पिता गुरमुख सिंह सैनी पिता निरंजन सिंह सैनी की मृत्यु दिनांक 17.08.2000 को हो चुकी है। उक्त संबंध में मृत्यु प्रमाण पत्र चाहा गया है जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को इस संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो दिनांक 08.01.2025 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 23.12.2024 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर
कार्यपालिक दण्डाधिकारी
जिला दुर्ग (छ.ग.)

CHHATTISGARH STATE POWER TRANSMISSION COMPANY LIMITED

O/o Executive Director (HR), CSPTCL, Danganiya, Raipur (C.G.)-492013
Phone-0771-2574700, website: cspc.co.in, e-mail-hr.csptcl@cspc.co.in

No. 01-01/M(P&S)/TS-194/8329 Raipur, Date :30-12-2024

NOTICE INVITING TENDER (E-Bidding)

RFx No. - 8100041011

Tender Specification No.	Description	Tender Fee	EMD	Due Date & Time for submission of Tender
TS-194	Deployment of Computer Operators, Pharmacist, Staff nurse, Ward boy & Driver through outsourcing for different offices under O/o CE(HR) CSPTCL, Raipur	Rs. 2,000/- (Inclusive of GST @18%)	Rs. 19,400/-	21-01-2025 up to 15:00 Hrs.

*please see company website cspc.co.in for any further details Any amendment/corrigendum/extension of due date, if required, will be displayed on our website only.

Executive Director (HR)
CSPTCL, RAIPUR

SAVE ELECTRICITY S.-42648/2

विकास कार्यों की बरसात, राजिम को मिली करोड़ों की सौगात

■ विधायक रोहित साहू के सतत प्रयासों से अनेक मदों से मिली विकास कार्यों की स्वीकृति

राजिम/नवप्रदेश। राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू के विकासपरक सोच एवं निरंतर प्रयासों से क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए लगातार निर्माण कार्यों की सौगात क्षेत्रवासियों को मिल रही है। इसी क्रम में विधायक निधि, अधोसंरचना, विधायक गोदग्राम, मुख्यमंत्री समग्र एवं पंचायत व ग्रामीण विकास विभाग से अनेक निर्माण कार्यों की स्वीकृति मिली है जिससे क्षेत्रवासियों को बड़ी सौगात मिलने जा रही है।विगत एक वर्ष के उक्त कार्यों में 5 करोड़ 33 लाख रूपये विधायक निधि से,मुख्यमंत्री समग्र विकास मद से 39 लाख रूपये, मुख्यमंत्री अधोसंरचना मद से 81 लाख रूपये के विकास कार्य शामिल हैं। विदित हो कि जब से रोहित साहू राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक निर्वाचित हुए हैं तब से लगातार वे क्षेत्र के विकास की चिंता कर रहे हैं और प्रदेश के मुख्यमंत्री व अन्य मंत्रियों से मिलकर दिनरात क्षेत्र को नई नई सौगाते दे रहे हैं मानो क्षेत्र में विकास कार्यों की बाढ़ सी आ गई है। इन कार्यों ने विधायक निधि अंतर्गत ग्राम भैंसातरा अटल चौक टीन शेड निर्माण 17 लाख रूपये, ग्राम अतरमरा बाजार चौक के पास टीन शेड निर्माण 15 लाख रूपये,ग्राम कुकदा टीन शेड निर्माण 15 लाख रूपये,ग्राम अमलोर गौठान के पास टीन शेड निर्माण 10 लाख रूपये, ग्राम फिंगेश्वरी/अकलवारा में टीन शेड निर्माण 15 लाख रूपये,हाईमास्ट स्ट्रीट लाइट सोरीदखुर्द 5 लाख रूपये,हाईमास्ट स्ट्रीट लाइट नागिनबाहरा 4 लाख रूपये,ग्राम पंचायत अमेठी अंतर्गत ग्राम बनलोहझर एवं करपी में स्ट्रीट लाइट 5 लाख रूपये,ग्राम देवरी (छुरा) स्ट्रीट लाइट 5 लाख रूपये,ग्राम देवगांव (फिंगेश्वर) हनुमान मंदिर के पास टीन शेड निर्माण 5 लाख रूपये,ग्राम धुमा/श्यामनगर में सीसी रोड निर्माण कार्य हाईस्कूल रोड में 5 लाख रूपये, ग्राम बिंनौरी मुख्य मार्ग से शहदराम घर तक सीसी रोड 3 लाख रूपये,ग्राम कोमा टीन शेड निर्माण जैतखाम के पास 7 लाख रूपये,ग्राम सुरसाबांधा पंचायत के पास टीन शेड निर्माण 14 लाख रूपये,ग्राम लफन्दी बाजार चौक के पास टीन शेड निर्माण 12 लाख रूपये,ग्राम रावँड़ लोकु घर से रंगमंच तक नाली सह गली काँक्रिटीकरण कार्य 5 लाख रूपये,ग्राम धुमा बाजार चौक के पास टीन शेड निर्माण 4 लाख रूपये,ग्राम देवरी (फिंगेश्वर) बाजार चौक पंचायत के पास सीसी रोड 4 लाख रूपये,ग्राम कोकड़ी (गरियाबंद) बजरंग चौक के पास टीन शेड 10 लाख रूपये,ग्राम बिजली प्यारे कोटवार घर से अजय पटेल घर तक सीसी रोड 5 लाख रूपये, ग्राम मड़वाडीह बिजली दौवा घर से रेवा सतनामी घर तक सीसी रोड 5 लाख रूपये,ग्राम देवगांव (फिंगेश्वर) टीन शेड निर्माण 7 लाख रूपये,ग्राम पाली सीसी रोड निर्माण आदिवासी पारा 2 लाख रूपये,सामुदायिक भवन वार्ड नंबर 10 में छत ढलाई कार्य भेंडरी (लो) 5 लाख रूपये,ग्राम फुल्झर/बोड़की में नहर से रुपसिंह घर तक नाली निर्माण 5 लाख रूपये,ग्राम टेका दुर्गा चौक टीन शेड निर्माण 10 लाख रूपये,ग्राम लफन्दी गोविंद घर से प्रवीण घर तक सीसी रोड निर्माण कार्य 5 लाख रूपये,ग्राम बकली साहू पारा टीन शेड निर्माण कार्य 8 लाख रूपये,ग्राम परसट्ठी/सेंदर घना घर से खिलावन घर तक सीसी रोड 5 लाख, ग्राम सेंदर रवि शर्मा घर से उदय सतनामी घर तक सीसी रोड 5 लाख रूपये,ग्राम सोनेसिल्ली बाजार चौक टीन शेड 10 लाख रूपये, ग्राम रवेली (फिंगेश्वर) बाजार चौक गली कांक्रीटीकरण 5 लाख रूपये,ग्राम पथर्री/नवापारा के गुजरीपारा में सीसी रोड 5 लाख रूपये,ग्राम मोंगरा बजरंगबली के पास टीन शेड निर्माण 8 लाख रूपये,ग्राम बम्हनी/कोसमी भीम चौक के पास टीन शेड 8 लाख रूपये,ग्राम पंचायत भैंसामुड़ा टीन शेड निर्माण 8 लाख रूपये,ग्राम भिलाई/पाथरमोहंदा में शीतलापारा टीन शेड निर्माण 7 लाख रूपये, ग्राम पाथरमोहंदा शीतलापारा टीन शेड निर्माण 8 लाख रूपये,ग्राम बम्हनी (छुरा) बड़ चौक टीन शेड निर्माण 10 लाख रूपये, ग्राम कुरेकेरा/खड़मा बड़ चौक टीन शेड निर्माण 12 लाख रूपये,ग्राम खोपलीपाठ ग्राम पंचायत नवापारा टीन शेड निर्माण 11 लाख रूपये,ग्राम जामली पुराना गौठान चौक टीन शेड निर्माण 10 लाख रूपये एवं ग्राम खड़मा महतारी सदन के लिए 29.20 लाख रूपये शामिल हैं।

एसपी धर्मेंद्र सिंह ने उपनिरीक्षक सुरेंद्र यादव को सेवानिवृत्त होने पर दी विदाई

कवर्धा/नवप्रदेश। कबीरधाम जिला के पुलिस अधीक्षक कार्यालय में रीडर शाखा में पदस्थ उपनिरीक्षक सुरेंद्र यादव को 31 दिसंबर को सेवानिवृत होने पर गुरुवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में विदाई समारोह का आयोजन कर सेवानिवृत्त अधिकारी के कार्यों की सराहना कर पुष्पगुच्छ, श्रीफल, साल एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर भावभीनी विदाई दी गई। उपनिरीक्षक सुरेंद्र यादव दिनांक-16.10.1991 में पुलिस विभाग में आरक्षक के पद पर जिला- राजनंदगांव मध्य प्रदेश में भर्ती हुये थे। पुलिस विभाग के सेवाकाल के दौरान राजनांदगांव जिला के विभिन्न नक्सल प्रभावित थाने एवं कबीरधाम जिले के अलग-अलग थाने में अपनी बेहतर सेवाएं देते हुए आरक्षक से प्रधान आरक्षक, प्रधान आरक्षक से सहायक उप निरीक्षक से उप निरीक्षक के पद पर पदोन्नत होकर जिला कबीरधाम के पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एसपी रीडर शाखा प्रभारी के पद पर पदस्थ होकर अपनी सेवायें दे रहे थे। यादव पुलिस विभाग में कुल-33 वर्ष 02 माह 15 दिन की सेवाअवधि पूर्ण कर, दिनांक-31.12.2024 को सेवानिवृत्त हुए हैं।

खेत में बने बोर पंप के कमरे में लगी भीषण आग, पाइप खाक

खैरागढ़/नवप्रदेश। ब्लाक के अवेली स्थित खेत में बने बोर पंप कमरे मे शार्ट सर्किट से लगी भीषण आग से कमरे मे रखे सिंचाई पाइप पूरी तरह से खाक हो गए । घटना शुक्रवार सुबह सात बजे की बताई गई है । अवेली के किसान लीलाराम देवांगन के खेत में बोर पपं संचालन के लिए कमरे का निर्माण किया गया था । वहाँ बोर पंप की सप्लाई लाइन के साथ सिंचाई के लिए स्प्रींकलर पाइप भी बड़ी मात्रा मे रखे थे । अचानक सुबह हूई शार्ट सर्किट से कमरे मे आग लग गई । खेत मे बने कमरे से धुंए की लपट देख आसपास काम कर रहे किसानों ने इसकी सूचना खेत मालिक को दी । उन्होने इसकी जानकारी जालबांधा थाने को दी । मौके पर पुलिस के साथ दमकल वाहन को भी बुलाया गया । मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया है । हालंकि घटना मे कोई जनहानि की खबर नही है । लेकिन कमरे मे लगी भीषण आग से वहाँ रखे सिंचाई पाइप पूरी तरह से खाक हो गए । किसान को लगभग डेढ़ लाख रू के नुकसान की आशंका जताई गई है । ग्रामीण नरेन्द्र सेन ने बताया कि आग लगने की सूचना के बाद आनन फानन मे फायर ब्रिगेड और पूलिस को सूचना दी गई थी । आगजनी से मकान की कच्ची छत सहित वहाँ रखे डेढ़ सौ पाइप जलकर खाक हो गए है । जालबांधा थाना प्रभारी बीरेन्द्र चंद्राकर ने बताया कि सूचना के बाद मौके पर पहुँची पुलिस ने मामला दर्ज किया है । प्रारंभिक रूप से आगजनी की घटना शार्ट सर्किट से होने की आशंका है । फिलहाल मामले की जांच की जा रही है ।

गौ विज्ञान परीक्षा का आयोजन

धमतरी/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ गौ संरक्षण एवं संवर्धन समिति जागृति मंडल रायपुर द्वारा पूरे प्रदेश भर में सरकारी एवं निजी स्कूलों में गौ विज्ञान परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है धमतरी जिले के परीक्षा प्रमुख विनोद कुमार पांडेय ने बताया कि गौ विज्ञान परीक्षा में पूरे छत्तीसगढ़ में एक लाख दस हजार छात्र छात्राएं सम्मिलित होंगे। जिसमें धमतरी जिले के 10000 (दस हजार) छात्र छात्राओं ने इस परीक्षा में बैठने के लिए अपना पंजीयन कराया है इस परीक्षा के सुव्यवस्थित संचालन के लिए प्रत्येक जिलों में जिला परीक्षा प्रमुख बनाया गया है।धमतरी जिला परीक्षा प्रमुख विनोद कुमार पांडेय, प्राचार्य ज्ञान अमृत विद्यालय धमतरी सहित प्रत्येक ब्लॉक में नोडल अधिकारियो की नियुक्ति की गई है। धमतरी ब्लॉक से राकेश कुमार साहू व्याख्याता भोथली, कुरूद ब्लाक से कुलेश्वर सिन्हा (बीआरसीसी) एवं रामदयाल साहू व्याख्याता आत्मानंद स्कूल, मगरलोड से आत्माराम साहू व्याख्याता एवं नगरी ब्लाक से राजेश तिवारी प्रभारी प्राचार्य घठुला को नोडल अधिकारी बनाया गया है सभी नोडल अधिकारी द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों के स्कूलों में सुव्यवस्थित परीक्षा संचालन के लिए परीक्षा सामग्री का वितरण पूर्ण कर लिया गया है। गौ विज्ञान परीक्षा तीन ग्रुप में होगी ए ग्रुप में छठवीं से आठवीं तक, बी ग्रुप में 9वी से 12वीं तक एवं सी ग्रुप में महाविद्यालय स्तर की परीक्षा होगी। गौ विज्ञान परीक्षा तीन चरणों में पूर्ण होगी जिले के पंजीकृत छात्रो की प्रथम चरण की परीक्षा स्वयं के विद्यालय एवं महाविद्यालय में 4 जनवरी 2025 को आयोजित होगी। तत्पश्चात द्वितीय चरण की परीक्षा 11 जनवरी से 19 जनवरी के मध्य जिला केंद्र में होगी एवं तृतीय चरण के परीक्षा रायपुर में आयोजित की जाएगी। जिला स्तर पर प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को आकर्षक पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। द्वितीय चरण की परीक्षा में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को क्रमशः 5100, 3100, 1100 की राशि गौ उत्पाद किट एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा।

बाइपास-जलआवर्धन और स्वास्थ्य सुविधाओं में अटकी प्रक्रिया

बीते साल में जिले की आस अधूरी अब नए साल में पूरी होंगी उम्मीदें

■ मरम्मत, विकास कार्यों में भी पिछड़े, नए साल में बढ़ी उम्मीदें, अटके कार्य होंगे पूरे

खैरागढ़/नवप्रदेश। बीते साल मे नए जिले मे प्रस्तावित कई कार्यो की आस अधूरी रह गई । साल भर मे स्वीकृत कार्यो का लाभ जिले वासियों को नही मिल पाया तो दूसरी ओर इस साल इन कार्यो के पूरा होकर लोगो के लाभान्वित होने की उम्मीद बढ़ गई है । जिले मे बाईपास सडक़, जल आवर्धन योजना ,खराब सडक़ो के सुधार, स्वास्थ्य सुविधा मे बढ़ोत्तरी, नगरीय क्षेत्रों मे अटके विकास कार्यो, स्कूलो की मरम्मत और निर्माण मे व्यापक गडबड़ी मे सुधार, यातायात व्यवस्था सुधारने की कवायद, बाढ़ पीड़ितों को मदद, मांगों ,शिकायतों और आवेदनो पर कार्यवाही भर्ती प्रक्रिया अटकने, कई विभागों का जिले मे संचालन शुरू नही होने जैसे कई मामले साल भर से अटके रहे ।

चार साल से अधूरा पड़ा बाईपास

जिला मुख्यालय मे शहर के भीतर यातायात का दबाव हटाने चार साल से निर्माणाधीन बाइपास सडक़ का कार्य पूरा नही हो सका । सडक़ निर्माण कार्य पूरा हूए दो साल से अधिक बीत चुके है । लेकिन पुल निर्माण की प्रक्रिया अधर मे लटकी पड़ी है । इसके लिए जिला प्रशासन स्तर पर भी सरकार को पत्र लिखकर निर्माण कार्य त्वरित करवाने कहा गया लेकिन मामला आगे नही बढ़ पाया । जिसके चलते बाइपास की आस अटकी पड़ी है ।

सडक़ों की दशा बिगड़ी सुधार नहीं

साल भर पहले ही सडक़ो की मरम्मत का कार्य अनियमितता के चलते नही टिक पाया । राजनांदगांव कवर्धा मुख्य मार्ग का डामरी करण पिछले साल विधानसभा चुनाव के पहले ही किया गया था । लेकिन इसमे गडबड़ी और लापरवाही के चलते पहली बारिश मे ही पूरी सडक़ मे कई जगह डामर उखड़ गए ।

स्वास्थ्य सुविधा में बढ़ोत्तरी नहीं

पिछले साल से ही जिला मुख्यालय सहित जिलो मे स्वास्थ्य सुविधाओं के बढने् की दरकार पूरी नही हो पाई । सिविल अस्पताल मे अधिकारियों कर्मचारियों की कमी, मशीनरी मे कमी बरकरार रही । जिला मुख्यालय के हिसाब से सिविल अस्पताल मे चिकित्सा सुविधा मे बढ़ोत्तरी नही हो पाई ।

जिसके चलते आज भी मरीजों को राजनांदगांव, दूर्ग रायपूर तक इलाज कराने की मजबूरी बनी हूई है । जिले के अन्य जगहो पर भी स्वास्थ्य सुविधाओं मे बढ़ोत्तरी के प्रयास नही हो पाए ।

जल आवर्धन का लाभ नही

शहर के लोगो को 25 साल बाद शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने 32 करोड़ रू से अधिक की लागत से बनी जल आवर्धन योजना का लाभ इस साल भी नही मिल पाया । नगरपालिका द्वारा इसका निर्माण कार्य पूरा कराया जा चुका है । योजना के तहत पूरे शहर मे पाइपलाइन विस्तार, पूराने जल आवर्धन संयंत्र के पास ही नया अत्याधूनिक जल संयंत्र का निर्माण कार्य पूरा किए जाने के बाद इसकी टेस्टिंग सहित अन्य कार्यवाही पूरी की जा चुकी है ।

बच्चों में स्वावलंबन का विकास करने के उद्देश्य से आनंद मेला आयोजित

धमतरी/नवप्रदेश। प्राथमिक विद्यालय हटकेसर में विद्यालय के बच्चों विकास हेतु बाल आनन्द मेला का आयोजन किया गया जिसमें सभी शिक्षक एवं बच्चों ने अपनी सहभागिता दी ,मेले में कक्षा 3ह्लस्न से कक्षा 5ह्लद्ध तक के बच्चों ने अलग अलग स्टॉल लगाया जहां पर वार्ड से पालकों और वार्ड वासियों के साथ मिडल और हाई स्कूल के अध्यापक और बच्चे भी शामिल होकर पकवानों का आनन्द लिया और बच्चों को उत्साहित करने का प्रयास किया, कार्यक्रम में प्रधान पाठक श्रीमती गीता शाह, भुवनेश्वरी नीले, niteshwari सिन्हा, बचों का स्टॉल सम्भाल रहे थे एवं श्रीमती केसर सिन्हा, उषा साहू और हुलाश साहू, अंचल चंद्राकर, चंपा चंद्राकर, शशि प्रभा सोन वानि ,वैभव सर प्रबंधन का भी कार्य कर रहे थे समाज से भरत देवांगन जी बच्चों के साथ अच्छी सहभागी बने, बच्चों द्वारा इडली, भेल, चाय, पास्ता, भजिया, पकोड़े, गुपचुप, पोहा, चना, और भी केक,या आदि ऐसे अनेकों स्टॉल लगे हुए थे जहां सभी बचों द्वारा अच्छा प्रदर्शन हुआ. स्कूल के समन्वयक श्री दीपक सिंह ठाकुर ने बच्चों से कहा कि हमे इस तरह के कार्यक्रम से हमे स्वावलंबन की प्रेरणा मिलती है, और समाज को आगे बढ़ने की भी प्रेरणा मिलती है, हमे इस रचनात्मक कार्यों को और भी क्षेत्रों में प्रगतिशील बनाना चाहिए द्य

मुख्यमंत्री प्रवास कार्यक्रम की सभी तैयारियां समय पर करें पूर्ण : कलेक्टर अग्रवाल

■ सभी व्यवस्थाओं को गरिमापूर्ण तरीके से करें सुनिश्चित

गरियाबंद/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का गरियाबंद जिले में प्रवास कार्यक्रम 05 जनवरी 2025 को संभावित है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जिला प्रवास के दौरान विभिन्न विकास एवं निर्माण कार्यो का लोकार्पण शिलान्यास करेंगे। इसी तारतम्य में कार्यक्रम की सभी तैयारियों के लिए कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने विभागीय अधिकारियों को दायित्व सौंपे है। प्रस्तावित कार्यक्रम हेतु जिला पंचायत सीईओ श्रीमती रीता यादव को नोडल अधिकारी एवं अपर कलेक्टर प्रकाश सिंह राजपूत को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। कलेक्टर ने कार्यक्रम के संबंध में की जाने वाली तैयारियों की जानकारी देने आज विभागीय अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने कार्यक्रम की सभी तैयारियां गरिमापूर्ण तरीके से सुनिश्चित करते हुए आवश्यक व्यवस्थाएं समय में पूर्ण करने के निर्देश दिये। साथ ही मुख्यमंत्री प्रवास कार्यक्रम के लिए दिये गए दायित्वों का गंभीरतापूर्वक निर्वहन करने के भी निर्देश दिये। इस दौरान पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा, डीएफओ लक्ष्मण सिंह, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती रीता यादव, अपर कलेक्टर प्रकाश राजपूत, संयुक्त कलेक्टर राकेश गोलछा सहित अन्य जिला अधिकारीगण मौजूद रहे।

कलेक्टर द्वारा अधिकारियों को सौंपे गए दायित्व आदेशानुसार पार्किंग, वाहन व्यवस्था, ट्रैफिक रूट चार्ट, कानून व्यवस्था, ब्लड ग्रुप व्यवस्था, कारकेट का दायित्व पुलिस विभाग को सौंपा गया है। इसी प्रकार वन विभाग को हेलीपेड, सम्पूर्ण कार्यक्रम एवं सुरक्षा व्यवस्था हेतु बांस-बल्ली उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी दी गई है। लोक निर्माण विभाग को कार्यक्रम स्थल गरिमानुरूप टैंट की सम्पूर्ण व्यवस्था, मंच के समीप पृथक से हितग्राहियों स्टॉल से मुख्य मंच तक आने हेतु सीढ़ी, रैम्प का आवश्यकतानुसार निर्माण तथा समस्त कार्यक्रम स्थल पर आवश्यकतानुसार समतलीकरण की जिम्मेदारी दी गई है। मंच की गरिमानुरूप सजावट, साज-सज्जा, फूल, माला, बुके इत्यादि का व्यवस्था एवं मंच तथा 'डी' क्षेत्र में गमले की समुचित व्यवस्था करने की जिम्मेदारी उद्यानिकी विभाग को दी गई है।

राजिम कुंभ की तैयारियों को लेकर मुख्यमंत्री ने ली बैठक, विधायक रोहित साहू हुए शामिल

राजिम/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के प्रयाग के रूप में प्रसिद्ध धर्मनगरी राजिम में 12 फरवरी से 26 फरवरी 2025 तक कुंभ कल्प का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस वर्ष यह आयोजन मेले के लिए पूर्व से चयनित 52 एकड़ के नए प्रस्तावित मेला स्थल में संपन्न किए जाने के संबंध में भी आवश्यक चर्चा हुई। इन तैयारियों के संबंध में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मंत्रालय महानदी भवन स्थित बैठक कक्ष में आज राजिम कुंभ कल्प के तैयारियों को लेकर उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक कर आवश्यक निर्देश दिए। जिसमें राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू मुख्य रूप से शामिल हुए। इस दौरान स्थानीय विधायक होने के नाते रोहित साहू ने मेले से जुड़ी अनेक समस्याओं व सुझावों से मुख्यमंत्री व उपस्थित अधिकारियों को अवगत कराया जिसे बैठक के एजेंडे में शामिल किया गया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शाही स्नान, गंगा आरती, संत समागम समेत कुंभ कल्प के प्रमुख आयोजनों और श्रद्धालुओं के लिए सुविधाजनक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने को कहा। कुंभ कल्प में नागरिक सुविधाओं, साधु संतों के आवागमन, शाही स्नान और गंगा आरती को लेकर विभाग के तैयारियों के बारे में प्रमुख सचिव सुब्रत साहू ने जानकारी दी। राजिम कुंभ कल्प के संपूर्ण आयोजन के लिए पर्यटन विभाग को नोडल बनाया गया है। 15 दिनों तक चलने वाले इस कुंभ कल्प में पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी साधु संतों का विराट समागम होगा।

माघी पुन्नी स्नान, शाही स्नान, जानकी जयंती के अवसर पर संत समागम विशेष रूप से आयोजित होगा। प्रतिदिन सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन, मेला, मड़ई, मीना बाजार और विभागीय प्रदर्शनी भी कुंभ कल्प का विशेष आकर्षण के रूप में शामिल हैं। उक्त बैठक में मुख्य सचिव अमिताभ जैन, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव राहुल भगत, सचिव धर्मस्व अन्बलगन पी., संचालक संस्कृति विवेक आचार्य, आईजी रायपुर अमरेश मिश्रा, कलेक्टर गरियाबंद दीपक अग्रवाल सहित अन्य विभागीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

ईश्तहार
भवन/भूमि दावा आपत्ति

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अमलेश्वर नगरीय सीमा क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 012 स्थित भवन ग्रीन अर्थ सिटी अमलेश्वर जैसमीन नं. 1/301 फ्लैट नं. 301 जो कि नगर पालिका परिषद के डिमांड पंजी में श्री स्व. परीक्षित तिवारी पिता नर्मदा प्रसाद तिवारी के नाम पर दर्ज है। जिसका मृत्यु के उपरांत श्रीमती सारिका तिवारी पति स्व. परीक्षित तिवारी द्वारा प्राप्त कर डिमांड पंजी में नाम परिवर्तन /नामांतरण हेतु आवेदन पत्र दस्तावेज इस कार्यालय में प्रस्तुत किया गया है।

छ.ग. नगर पालिका अधिनियम 1961 धारा 150 अंतर्गत नगर पालिका की डिमांड पंजी में स्वामित्व के रूप में नामांतरण हेतु संबंधित प्रकाशन दिनांक से 30 दिन के भीतर लिखित आपत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर सकते हैं, तत्संबंध में प्रशासक/मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा विचार किया जा सकता है प्रकाशन के समयावधि पश्चात आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा एवं आवेदक जिसको श्रीमती सारिका तिवारी पति स्व. परीक्षित तिवारी के नाम से दर्ज किया जावेगा।

सील
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद अमलेश्वर

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रमांक-10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
Email: rmczone10@gmail.com

ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र. 16913 दिनांक 03.01.2024
वार्ड का नाम - 56 - अरविंद दीक्षित वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 56 स्थित भवन /भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR443A00360 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती GOVT. NAZUL KRISHNA KUMAR पिता/पति श्री/श्रीमती RAM LOCHAN के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती SHRI RAJA THAKUR AND SMT. MEENU THAKUR पिता/पति श्री/श्रीमती S/O SHRI RATAN SINGH THAKUR and W/O SHRI RAJA THAKUR ने मृत्यु प्रमाण पत्र सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ Sapath patra, rasid, malma bikrinama/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा /आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे
श्री राकेश शर्मा
(जोन कमिश्नर)
जोन (10)
नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रमांक-10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
Email: rmczone10@gmail.com

ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र. 17141 दिनांक 03.01.2024
वार्ड का नाम - 56 - अरविंद दीक्षित वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 56 स्थित भवन /भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR446G00308 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती JILANI BARIK पिता/पति श्री/श्रीमती PRASANNA BARIK के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती PRAVEEN BARIK पिता/पति श्री/श्रीमती S/O SHRI JILANI BARIK ने मृत्यु प्रमाण पत्र सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत दानपत्र/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा /आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे
श्री राकेश शर्मा
(जोन कमिश्नर)
जोन (10)
नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रमांक-10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
Email: rmczone10@gmail.com

ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र. 17136 दिनांक 03.01.2024
वार्ड का नाम - 56 - अरविंद दीक्षित वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 56 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. RPR447C00240 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती LATA BAI JAU JAIRAM DAS PANJWANI पिता/पति श्री/श्रीमती ... के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती SMT. REKHA SHRIVSTAVA पिता/पति श्री/श्रीमती W/O SHRI ATUL SHRIVASTAVA ने मृत्यु प्रमाण पत्र सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा /आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे
श्री राकेश शर्मा
(जोन कमिश्नर)
जोन (10)
नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिका परिषद मुंगेली, जिला-मुंगेली (छ.ग.)
क्र. 1129/न.पा./लो.नि.वि./2025-26 मुंगेली, दिनांक 02/01/2025

// द्वितीय ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना //

नगर पालिका परिषद मुंगेली द्वारा निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु निम्नानुसार आनलाईन ई- निविदा आमंत्रित की जाती है :-

सिस्टम निविदा क्र.	कार्य का नाम	अनु. व्यय राशि (लाख में)	अमानत राशि	कार्य अवधि	रिमार्क
163805	स्मार्ट टायलेट ब्लाक निर्माण कार्य नगर पालिका परिषद मुंगेली	25.09	19000	06 माह	सक्षम श्रेणी

टीप - 1 निविदा प्रपत्र नगरीय प्रशासन विभाग के वेबसाईट http://eproc.cgstate.gov.in) में अवलोकन किया जा सकता है।
2. ई-प्रोक्युरमेंट बीड सब्मिट करने की अंतिम तिथि 18.01.2025 समय शाम 05.30 बजे तक निविदा खोलने की तिथि 23.01.2025 निर्धारित की गई है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद मुंगेली

कार्यालय कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, दन्तेवाड़ा
(फोन/फैक्स नं.-07856-252362 ई-मेल-eedan-phe-cg@nic.in

आनलाईन निविदा निरस्तीकरण सूचना

जी क्रमांक- 242503799/5

इस कार्यालय द्वारा नीचे दर्शित कालम अनुसार निम्नलिखित आनलाईन निविदा अपरिहार्य कारणों से निरस्त किया जाता है। विवरण निम्नानुसार है।

स.क्र.	निविदा सिस्टम क्रमांक
1.	system no.- 161160, 161161

जी- 242503799/5
जी-242505054/4

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड
दंतेवाड़ा

मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में 22 नये शाखा डाकघर खुलेंगे

- ग्राम सुढ़ियाल में 12 व्यक्ति निवास करते है वहां पहुंचा डाकघर सांसद संतोष पांडे के अथक प्रयास से जिले के 62 गांव में अत्याधुनिक सुविधा

मोहला-मानपुर/नवप्रदेश। सांसद संतोष पांडे के सतत प्रयास, संसद सत्र में राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र के लिए लगातार आवाज उठाने का सुफल नये वर्ष में मिल रहा है। राजनांदगांव डाक संभाग बनने के बाद सांसद के प्रयास से डाक संभाग के मोहला-मानपुर-अंबागढ़चौकी जिले में कुल 22 नये शाखा डाकघर खुलने जा रहा है! इन शाखाओं के अंतर्गत 62 गांवों में डाकघर की सुविधा मिलेगी। राज्य सरकार व केंद्र सरकार की सभी योजनाओं का सुदूर वनांचल क्षेत्रों में स्थित ग्रामीण अपने गांव-घर में लाभ उठा पाएंगे।

केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार व विष्णुदेव सरकार सबका साथ सबका विकास मार्ग में चलते हुए मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के 62 गांवों के ग्रामीण डिजीटल पेमेंट, आधार चेकिंग सुविधा, बचत बैंक संबंधी खाते, पेंशन और सभी सरकारी योजनाएं डाकघर

के माध्यम से ग्रामीणों को सीधे घर में सुविधाएं देने जा रही है।

सांसद संतोष पांडे ने राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र की जनता को बधाई देते हुए कहा कि संसदीय क्षेत्र में डाक संभाग बनने के बाद ग्रामीणों को डाकसुविधा के माध्यम से सरकार की योजनाओं का लाभ सीधे उनके गांव-घर में पहुंचेगा जिसके चलते उनके समय व पैसों की बचत होगी। इसके साथ ही सांसद संतोष पांडे ने विशेष रुप से उल्लेख किया कि मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के सुढियाल गांव में मात्र दो घर, 12 लोगों के लिए डाकघर की सुविधा मिलने जा रही है, यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की वनांचल स्थित ग्रामीणों के प्रति उनकी संवेदनशीलता का श्रेष्ठ उदाहरण है।

वनांचल जिला मोहला मानपुर अम्बागड़ चौकी के समस्त जनता और भारतीय जनता पार्टी के समस्त कार्यकर्त्ता एवं जनप्रतिनिधि नम्रता सिंह, श्रीमान मदन साहू, संजीव शाह जी, श्री दिलीप वर्मा खोरभहरा राम यादव रमेश हिडामे, भोजेश शाह, उमाकांत टांडिया, नरसिंह भंडारी, राधिका अंधारे, अरुण यादव, लखन कलामे, विजय जैन, अनिल गुप्ता, योगेंद्र कोड़ापे समेत समस्त मण्डल अध्यक्ष सुश्री कंचन माला भुआर्या, प्रकाश मिश्रा, अमित श्रीवास्तव, कमल तापड़िया, संदीप साहू, आशीष द्विवेदी एवं समस्त कार्यकर्ताओ के तरफ से आदरणीय सांसद श्री संतोष पाण्डेय जी को जिले में 22 नए डाकघर शाखा खोलने पर धन्मवाद और आभार, आपके इस प्रयास से 62 गावों में डाकघर की सुविधा मिलगी और सुदूर वंनाचल क्षेत्रों में भी ग्रामीणजन केंद्र और राज्य शासन की सभी योजनाओं का लाभ ले पाएगे।

पूर्व मुख्यमंत्री बघेल का आज नगरागमन

भाटापारा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज शनिवार को सुबह 11 बजे मनवा कूर्मि क्षत्रिय समाज अर्जुनीराज नगर ईकाई भाटापारा में नवनिर्मित भवन व्यावसायिक परिषर का लोकार्पण करने भाटापारा पहुचेंगे।उक्त

कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष मनवा कूर्मि समाज छत्तीसगढ़ खोडस राम कश्यप करेंगे। विशिष्ट अथिति के तौर पर भाटापारा विधायक इंद्र साव ,राजप्रधान अर्जुनीराज हरिराम वर्मा व पूर्व राजप्रधान भुवनेश्वर वर्मा रहेंगे।कार्यक्रम के दौरान प्रतिभावान सम्मान समारोह व स्वास्थ्य जांच शिविर का भी आयोजन होगा।कार्यक्रम मंडी रोड स्थित कुर्मी बोर्डिंग में होगा,यह जानकरी नगर इकाई अध्यक्ष दीपक टिकरिहा के द्वारा दी गई है।

अवैध शराब बिक्री करने वाली एक आरोपिया गिरफ्तार

भाटापारा/नवप्रदेश। ऑपरेशन विश्वास के तहत थाना भाटापारा शहर पुलिस द्वारा अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले शराब कोचियों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। शहर की पुलिस टीम ने महासती वार्ड (भगत सिंह वार्ड) में घेराबंदी कर, अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाली 01 आरोपिया रानी बाई गेण्डरे को गिरफ्तार कर आरोपिया से 4290 कीमत मूल्य का 39 पाव देशी मसाला शराब जप्त* किया है। आरोपी के विरुद्ध थाना भाटापारा शहर पुलिस धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर आगे की कार्यवाही कर रही है।

शराब पीने-पिलाने को लेकर दो परिवार उलझे, एक की हत्या

बेमेतरा /नवप्रदेश। कभी एक साथ दोस्त रहे ने अपने ही दोस्त की कर दी हत्या... घटना कोतवाली बेमेतरा की अंतर्गत ग्राम कार्यशाला की है जहां पर आज सुबह पुरानी रंजिश को लेकर दो परिवार उलझे और उलझने का परिणाम यह रहा की एक की हत्या कर दी गई इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार शत्रुघ्न साहू और टॉप सिंह साहू कभी अभिन्न मित्र हुआ करते थे किंतु शराब पीने और पिलाने को लेकर पिछले दिनों दोनों के बीच विवाद हुआ और मामले मारपीट भी हुई थी हालांकि इस मामले को लेकर दोनों पक्षों के बीच समझौता भी करने की बात ग्रामीण बता रहे हैं किंतु आज सुबह मृतक शत्रुघ्न साहू के पुत्र सौरभ साहू तोप सिंह वर्मा से पुरानी बात को लेकर लड़ बैठा तथा विवाद इतना गंभीर हो गया की दोनों परिवार के सदस्य आपस में उलझ गए परिणाम स्वरूप तोप सिंह वर्मा ने अपने मित्र शत्रुघ्न साहू की चाकू मार कर हत्या भी कर दी इस दारमन दोनों परिवार इतना उलझे की दोनों परिवार से करीब करीब आधे दर्जन लोग चोटिल भी हुए जिनका उपचार जिला चिकित्सालय बेमेतरा में किया गया . घटना की जानकारी कोतवाली बेमेतरा में दी गई तत्पश्चात घटनास्थल पर पुलिस पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई में लगी रही हालांकि उक्त घटना के बाद शत्रुघ्न साहू को जिला चिकित्सालय बेमेतरा लाया गया जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित किया. परिणाम स्वरूप पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफमामला दर्ज किया है वही शत्रुघ्न साहू की हत्या के आरोप में तोप सिंह वर्मा उम्र 40 साल सहित अन्य नौ लोगों के खिलाफमार्केट हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। हालांकि विवाद की स्थिति सुबह 6:00 बजे के आसपास बनी और घंटे भर चलते रही इस बीच दोनों पक्षों के बीच घर में घुसकर जमकर मारपीट किया गया तथा गांव में बने इस तरह के हालात को लेकर ग्रामीणों में दहशत का माहौल भी देखा मारपीट के बाद चाकू बाजी की घटना हुई तत्पश्चात घायलों को जिला चिकित्सालय बेमेतरा लाया गया।

महाराष्ट्र मंडल में आज रामरक्षा स्त्रोत, हनुमान चालीसा पाठ का वार्षिक समारोह

रायपुर/नवप्रदेश। महाराष्ट्र मंडल की आध्यात्मिक समिति ने संत ज्ञानेश्वर सभागृह में चार जनवरी, शनिवार को सात बजे रामरक्षा स्त्रोत और हनुमान चालीसा पाठ का वार्षिक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया है। गत वर्ष छह जनवरी को रामरक्षा स्त्रोत और हनुमान चालीसा पाठ करने का अभियान मंडल की आध्यात्मिक समिति की ओर से शुरू किया गया था। यह अभियान 28 दिसंबर को 52वें सप्ताह में राम रक्षा स्त्रोत व हनुमान चालीसा पाठ करने के साथ ही एक साल पूरा कर गया है। कार्यक्रम की आयोजक आध्यात्मिक समिति की सह प्रभारी रेणुका पुराणिक ने बताया कि शनिवार को लगातार 53वें सप्ताह और इस अभियान के दूसरे वर्ष के पहले कार्यक्रम में मिले सुर हमारा की टीम हनुमान जी की भजनों की सुरमय प्रस्तुति देंगी। वहीं सुर संतृप्ति टीम के प्रतिभाशाली गायक- गायिकाएं भगवान रामजी के संगीतमय भजन सुनाएंगे। महिला केंद्रों की ओर से रामरक्षा स्त्रोत और हनुमान चालीसा का पाठ करेंगे। तत्पश्चात देवी-देवताओं की महाआरती की जाएगी। कार्यक्रम को लेकर तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। महिला प्रमुख विशाखा तोपखानेवाले ने महाराष्ट्र मंडल की कार्यकारिणी, विभिन्न समितियों के पदाधिकारियों, महिला केंद्रों की संयोजिकाओं- सह संयोजिकाओं व सभासदों के अलावा सामान्य भक्तजनों से भी कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

संत ज्ञानेश्वर स्कूल में मनाई गई सावित्रीबाई फुले जयंती

रायपुर/नवप्रदेश। महाराष्ट्र मंडल के संत ज्ञानेश्वर विद्यालय में देश की पहली महिला शिक्षिका सावित्री बाई फुले की जयंती शुक्रवार, तीन जनवरी को मनाई गई। सावित्री बाई फुले की वेशभूषा में पहुंचीं कक्षा दूसरी की छात्रा दिव्यांशी साहू ने बच्चों को प्रेरक उद्बोधन दिया। सुबह की प्रार्थना सभा में इस उत्सव का आयोजन शिक्षिका अस्मिता कुसरे के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य मनीष गोवर्धन ने भी बच्चों का मार्गदर्शन किया। प्राचार्य गोवर्धन ने बच्चों को बताया कि सावित्रीबाई भारत के पहले बालिका विद्यालय की पहली प्राचार्य और पहले किसान स्कूल की संस्थापक थीं। उन्होंने अपना जीवन एक मिशन की तरह से जीया, जिसका उद्देश्य था विधवा विवाह करवाना, छुआछूत मिटाना, महिलाओं की मुक्ति और दलित महिलाओं को शिक्षित बनाना। वे स्कूल जाती थीं, तो विरोधी उन पर पत्थर फेंकते थे। उन पर गंदगी फेंक देते थे। आज से 191 साल पहले बालिकाओं के लिए जब स्कूल खोलना पाप का काम माना जाता था, तब ऐसा होता था। प्राचार्य ने बताया कि पांच सितंबर 1848 में पुणे में अपने पति के साथ मिलकर सावित्रीबाई ने विभिन्न जातियों की नौ छात्राओं के साथ महिलाओं के लिए एक विद्यालय की स्थापना की। एक वर्ष में वे महात्मा फुले पांच नए विद्यालय खोलने में सफल हुए।

ब्याज में पैसा देने के नाम से करा ली किसान के जमीन की रजिस्ट्री

राजनांदगांव/नवप्रदेश। राजनांदगांव शहर के युवा प्रणय गुप्ता के खिलाफ जमीन की धोखाधड़ी का मामला प्रकाश में आया है आज राजू लाल पिता गेंद सिंह गांव फतेहपुर खैरागढ़ जिला ने प्रेस क्लब में प्रेस कॉन्फ्रेंस लेकर उसके साथ हुई धोखाधड़ी को उजागर किया राजू लाल ने बताया कि उसकी जमीन जिसका खसरा नंबर 269 /1 है जमीन डेढ़ एकड़ के लगभग है को प्रणय गुप्ता सहदेव नगर राजनांदगांव निवासी ने धोखाधड़ी का रजिस्ट्री करा ली है रोज की भारतीय राजू लाल और उसका पुत्र अभिषेक खेत में काम कर रहे थे इसी दौरान राजनांदगांव निवासी प्रणय गुप्ता आकर उनको खेत बेच रहे हो क्या कह कर बोला मना करने के बाद वह दो-तीन बार और हमारे पास जमीन बेच रहे हो क्या और बेच रहे हो तो मुझे भेज दो कहने लगा इसी दौरान बातों बातों में मैंने प्रणय गुप्ता से कहा कि हम जमीन नहीं बेच रहे हैं हम लोगों को पैसे की आवश्यकता है हम ब्याज में पैसा ढूंढ रहे हैं इतना सुन प्रणय गुप्ता ने हमको कहा कि मैं तुमको ब्याज में पैसा दे देता हूं किंतु मेरी

एक शर्त है कि पावर ऑफअटॉर्नी मेरे नाम से करनी होगी जमीन की हमने उसको आठ लाख रुपए ब्याज से देने को कहा वह तैयार हो गया और उसने कहा कि मैं पावर ऑफअटॉर्नी बनवा लेता हूं लिखा पढ़ी करने जब मैं और मेरा बेटा तहसील ऑफिस गए तो प्रणय गुप्ता ने मुझे और मेरे बेटे को कर में ही बैठ कर रखा लिखा पढ़ी जब पूरी हो गई तो वह मुझे हस्ताक्षर करने के लिए अपने साथ लेकर गया मैं पढ़ा लिखा हूं नहीं उसने कहा मुझे हस्ताक्षर करने कहां तो मैं हस्ताक्षर कर दिया उसके बाद वह मुझे अपने साथ पंजीयन कार्यालय लेकर गया वहां भी बाबू और सब लोग बैठे हुए थे उन्होंने भी मुझसे कोई बातचीत पूछताछ नहीं की वह भी मुझे हस्ताक्षर करने बोला तो मैं हस्ताक्षर कर दिया उस दिन मंगलवार 10 दिसंबर 2024 था उसी दिन प्रणय गुप्ता ने हमारा खाता क्रमांक पूछा हमने हमारा खाता क्रमांक 77099462889 प्रणय गुप्ता को दे दिया प्रणय गुप्ता ने हमारे खाते में दो बार करके 8 लाख डाला लिखा पड़ी और लेनदेन होने के बाद वह हमको अपनी कर पर घर छोड़ने के लिए आया और रास्ते में उसने बताया कि 5त्न ब्याज लूंगा 2 दिन बाद बनवाई गई पावर ऑफअटॉर्नी को हमें देने को कहा तो वह ना नुकूर करने लगा हमने जब उसे पर जोर डाला तो उसने सीधा हमें रजिस्ट्री की फोटो कॉपी ही लाकर दे दी जब हमने इस बारे में पता किया तो हमको दूसरों ने भी बताया कि राजनांदगांव निवासी किसी प्रणय गुप्ता ने तुम्हारे जमीन की रजिस्ट्री करवा ली है जैसे ही मुझे ज्ञात हुआ कि मेरे साथ धोखाधड़ी हुई है मैंने उसके पैसे को वापस आरटीजीएस के माध्यम से उसके अकाउंट में डाल दिया मैं जमीन वापस करने के लिए प्रणय गुप्ता को कई बार बोला तो वह जमीन वापस नहीं करूंगा बोलता है और जान से मारने की धमकी देता है इसकी शिकायत हम बड़े अधिकारी एवं थाने में भी किए हैं

जानकारी तो यह भी मिल रही है की राजू लाल ने जमीन पर 1 लाख 30000 केंद्रीय बैंक से इन्होने लोन लिया था तो यह जमीन केंद्रीय बैंक में बंधक है। बंधक की जमीन की रजिस्ट्री नहीं हो सकती

> –
> राजू लाल के साथ गुप्ता नामक युवक ने जमीन की धोखाधड़ी किया है ऐसी शिकायत आई है पुलिस अभी जांच कर रही
> **सिन्हा, जिांच अधिकारी थाना ठेलकाडीह**

डिप्टी सीएम साव का भागवत साहू के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने गर्मजोशी से किया स्वागत

- जिला साहू संघ ने उपमुख्यमंत्री को दी नववर्ष की बधाई
- स्वागत से अभिभूत डीप्टी सीएम ने जिला साहू संघ का आभार प्रकट किया

राजनांदगांव /नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य के उपमुख्यमंत्री अरुण साव आज शुक्रवार को एक दिवसीय प्रवास पर राजनांदगांव शहर पहुंचे थे।इस दौरान पीटीएस स्थित हेलीपेड स्थल पर जिला साहू संघ के जिला अध्यक्ष भागवत साहू के नेतृत्व में जिला साहू संघ के पदाधिकारियों ने नगरीय प्रशासन विकास मंत्री एवं राज्य के उपमुख्यमंत्री अरुण साव जी से मुलाकात कर उन्हें नववर्ष की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए गुलदस्ता भेंट कर जोरदार स्वागत और अभिनन्दन किया।जिला साहू संघ के महामंत्री नीलमणी साहू ने बताया कि इस दौरान उप मुख्यमंत्री को आगामी दिनों में होने वाले सामाजिक आयोजन के लिए उन्हें आमंत्रित किया गया।गर्मजोशी से किए जिला साहू संघ के द्वारा स्वागत अभिनंदन से अभिभूत उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने जिला साहू संघ के प्रति आभार जताया। इस दौरान जिला अध्यक्ष भागवत साहू,उपाध्यक्ष नीरा साहू,महामंत्री नीलमणी साहू, तहसील अध्यक्ष अंजू साहू, देवलाल साहू, नरेश साहू, अधिवक्ता भागवत साहू, जगमोहन साहू, खेमलाल साहू,शोभादास साहू, तुकाराम साहू,मुनेश्वरी साहू, किरण साहू,

खिलेश्वरी साहू , गिरजा साहू, पूनम साहू , केशरी साहू, सुमन साहू , मंजू रानी साहू सहित बड़ी संख्या में सामाजिक पदाधिकारी उपस्थित थे।

उक जानकारी जिला साहू संघ के मीडिया प्रकोष्ठ जिला उपाध्यक्ष अंकालू साहू दी।

2 दिन में ही गटक गए 3.70 करोड़ की शराब

बेमेतरा /नवप्रदेश। किशोर तिवारी नए वर्ष में भी पूरे साल की तरह जमकर छलके जाम.. और 2 दिन में ही गटक गए 3 करोड़ 70 लख रुपए का मदिरा... पूरे प्रदेश के तर्ज में ही बेमेतरा जिले में भी मदिरा की खपत में लगातार बढ़ोतरी हो रही है इसका सीधा-सीधा आशय है कि जिले में मदिरा प्रेमियों की संख्या में या तो इजाफा हो रहा है या फिर मदिरा प्रेमियों का कोटा बढ़ते जा रहा है बीते वर्ष की तुलना में इस वर्ष अब तक 9 महीने में 20त्न तक की शराब की बिक्री में इजाफा हुआ है गत वर्ष जहां 1 अप्रैल से लेकर 31 दिसंबर तक 300 करोड रुपए का शराब जिले में बेचा गया वहीं इसी अवधि में इस वर्ष यह आंकड़ा बढ़कर 360 करोड रुपए तक जा पहुंचा है निश्चित रूप से यह आंकड़ा जिले में शराब की खपत को बता रही है इसका सीधा-सीधा आशय है कि जिले में या तो मैं जरा प्रेमियों की संख्या में इजाफा हो रहा है या फिर मदिरा प्रेमियों का कोटा बढ़ते जा रहा है।

आंकड़े चौंकाने वाले

> वर्ष 2024 की समाप्ति की अंतिम तिथि 31 दिसंबर एवं नए साल की शुरुआती तिथि 1 जनवरी दोनों दिन के आंकड़े न केवल चौंकाने वाले हैं बल्कि यह बताने के लिए पर्याप्त कहा जा सकता है की मदिरा अब कितनी सहज एवं सरल होती जा रही है तथा इसकी लोकप्रियता भी कितनी बढ़ रही है 31 दिसंबर को जहां जिले में एक करोड़ 70 लख रुपए की शराब बेची गई वहीं 1 जनवरी को 2 करोड रुपए का शराब शासन की दुकान से बची गए दोनों दिन मिलकर 3 करोड़ 70 लख रुपए की बिक्री जिले के शराब दुकानों से की गई निश्चित रूप से यह आंकड़ा भी गत वर्ष की तुलना में 25त्न अधिक बताई जा रही है. उपरोक्त आंकड़ों देखकर यह अवश्य ही कहा जा सकता है कि जिलेवासी नए साल का स्वागत कितनी दरिया दिल दिखा कर शराब की जाम छलका कर किया किया गया।

चिंतनीय विषय : आबकारी विभाग के द्वारा उपलब्ध कराए गया आंकड़ा निश्चित रूप से आम जनमानस को सोचने के लिए मजबूर अवश्य करता है जिसकी मुख्य वजह यह भी है कि जिले में दो बड़े धार्मिक आयोजन इन्हीं दोनों दिनो मैं किया गया तथा इन दोनों ही आयोजन में नशा मुक्ति की बातें की जाती रही जहां पर काफी संख्या में श्रद्धालु भी उपस्थित रहे किंतु उसके बाद भी आबकारी विभाग के यहां आंकड़ा निश्चित रूप से चिंता की बात कही जा सकती है कि वास्तव में लोग धर्म सभा में उपस्थित रहकर अपनी सहभागिता तो निभाते हैं अपनी श्रद्धा तो बताते हैं किंतु धर्म सभा से निकलने की बात उनकी दशा और दिशा दोनों ही अलग हो जाती है जो यह आंकड़ा बता रही है वास्तव में हमारा समाज और हमारे समाज के लोग किस तरह दिशाहीन हो चुके हैं।

जिले के नगर पालिका एवं नगर पंचायत में शासन ने नियुक्त किए प्रशासक

- नगर पंचायत में तहसीलदार होंगे प्रशासक नगर पालिका बेमेतरा में एसडीएम बेमेतरा होगी प्रशासक
- नगर पालिका बेमेतरा में अध्यक्ष का अंतिम कार्य दिवस में बैठक हुआ

बेमेतरा/नव प्रदेश। पूरे प्रदेश के तर्ज में बेमेतरा जिले में भी नगरी निकाय में निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के कार्यकाल खत्म हो जाने के बाद जहां आज उनका अंतिम कार्य दिवस रहा वहीं अब जिले के नगरी निकाय में प्रशासक का शासन शुरू हो जावेगा हालांकि इस तरह के हालात राज्य शासन के द्वारा निर्धारित समय में निर्वाचन नहीं कराए जाने के चलते इस तरह के हालात बने और प्रशासक की नियुक्ति की गई राज्य शासन के द्वारा एक आदेश जारी कर नगर पालिका बेमेतरा सहित जिले के आधा दर्जन नगर पंचायत में भी प्रशासक की नियुक्ति का आदेश जारी कर दिया गया है जारी किए गए आदेश के अनुसार नगर पालिका बेमेतरा में एसडीएम बेमेतरा प्रशासक होगी तथा नगर पंचायत में तहसीलदारों को यह जिम्मेदारी दी गई है।

अगर बात की जावे नगर पालिका बेमेतरा की अगर बात की जावे तो बेमेतरा नगर पालिका अध्यक्ष शकुंतला मंगल साहू का आज अंतिम कार्य दिवस रहा हालांकि नगर पालिका बेमेतरा में प्रथम सम्मेलन 6 जनवरी 2019 को आयोजित किया गया था जिसके 5 जनवरी 2024 तक ही नगर पालिका अध्यक्ष शकुंतला मंगत साहू का कार्यकाल पूरा होता है किंतु 4 जनवरी और 5 जनवरी को अवकाश होने के चलते आज अंतिम कार्य दिवस रहा हालांकि आज अंतिम कार्य दिवस पर नगर पालिका अध्यक्ष के द्वारा आज अंतिम कार्य दिवस होने के चलते परिषद की बैठक भी आयोजित की गई तथा कई महत्वपूर्ण निर्णय भी आज परिषद में पारित किया गया नगर पालिका अध्यक्ष के साथ-सा द पार्षदों के लिए भी आज का दिन अंतिम कार्य दिवस रहा और उनके कार्यकाल की अंतिम बैठक में पार्षदों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

विजय सिंन्हा नगर पालिका अध्यक्ष बेमेतरा विधायक प्रतिनिधि के रूप में बैठक में हुए शामिल. नगर पंचायत के द्वारा आहूत की गई बैठक में जहां नगर पालिका अध्यक्ष सहित पार्षदों ने अपनी उपस्थिति दी वहीं विधायक प्रतिनिधि के रूप में बेमेतरा नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष विजय सिंन्हा ने भी बैठक में हिस्सा लिया तथा शहर के विकास में अपने विचार भी दिए।

मुख्य रूप से आठ विषय पर सहमति बनाई गई

आज के नगर पालिका की बैठक में मुख्य रूप से आठ विषय पर सहमति बनाई गई जिसमें मुख्य रूप से विधायक बेमेतरा दीपेश साहू के प्रयास से कराए गए स्वीकृति 4 करोड़ 35 लख रुपए की लागत से बनने वाले नालंदा परिसर के साथ-साथ डेढ़ करोड़ की लागत से अंबेडकर भवन के निर्माण के संबंधित प्रस्ताव पारित किया गया इसके साथ ही साथ पूरे शहर के समुचित विकास और प्रकाश व्यवस्था को प्राथमिकता में लेने पर भी सहमति बनाई गई।

आर्थिक स्थिरता ... सफलता ने न केवल उनके परिवार को आर्थिक सहारा दिया, बल्कि उन्हें गांव में एक प्रेरणास्त्रोत बना दिया

गुलाब और गेंदे की खुशबू से आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ता कदम

बेमेतरा/नवप्रदेश । जिले के जनपद पंचायत बेरला के तहत ग्राम पंचायत बेरलाकला की अंजनी साहू और ग्राम बोरसी की उमा वर्मा ने अपनी मेहनत और लगन से बिहान योजना के माध्यम से आत्मनिर्भरता की प्रेरणा दी है। दोनों महिलाओं ने महिला स्व-सहायता समूहों से जुड़कर न केवल अपनी आजीविका को सुदृढ़ किया, बल्कि अपने परिवार के लिए आर्थिक स्थिरता भी लाई।

गुलाब की खेती से खुशहाली:अंजनी साहू- गंगा महिला स्व-सहायता समूह से जुड़कर अंजनी साहू ने बैंक ऋण प्राप्त कर 01 एकड़ जमीन में गुलाब की खेती की शुरुआत की। गुलाब के फूलों की गुणवत्ता और उनकी मेहनत के चलते वे प्रतिदिन रायपुर में फूलों का विक्रय करती हैं। उनकी मासिक आय 15 से 20 हजार रुपये तक पहुंच गई है। इस सफलता ने न केवल उनके परिवार को आर्थिक सहारा दिया, बल्कि उन्हें गांव में एक प्रेरणास्त्रोत बना दिया है।

गेंदे की खेती से सवा लाख की आय :उमा वर्मा

ग्राम बोरसी की उमा वर्मा ने एकादशी महिला स्व-सहायता समूह के माध्यम से बैंक और ग्राम संगठन से ऋण प्राप्त कर गेंदे की खेती की शुरुआत की। उनकी मेहनत और बेहतर प्रबंधन के चलते उन्होंने सवा लाख रुपये की आय अर्जित की। उनकी इस सफलता ने यह दिखा दिया कि सही योजना और मेहनत से ग्रामीण महिलाएं भी आर्थिक रूप से सशक्त बन सकती हैं।

प्रेरणा का स्त्रोत

बिहान योजना से दोनों महिलाएं समूहों के साथ जुड़कर मिसाल कायम की आत्मनिर्भरता और आर्थिक सशक्तिकरण के लिए दृढ़ संकल्प महत्वपूर्ण इनकी सफलता अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा है, जो आज भी ग्रामीण क्षेत्रों में अपनी पहचान और आजीविका के लिए संघर्ष कर रही हैं। बिहान योजना ने इन्हें एक नया जीवन दिया है, और ये महिलाएं समाज में परिवर्तन का प्रतीक बन गई।

न्यूज गैलरी

लोगों को पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की जानकारी दी

मुंगेली/नवप्रदेश। आम लोगों को प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की जानकारी प्रदान करने तथा लाभ दिलाने के लिए जिले में विभिन्न स्थानों पर शिविर का आयोजन किया गया। अपर कलेक्टर जीएल यादव एवं डिप्टी कलेक्टर अजय शतरंज ने शिविर का निरीक्षण किया। उन्होंने शिविर में प्राप्त आवेदनों की जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए। विद्युत विभाग के कार्यपालन अभियंता अंशु वासने ने बताया कि योजनांतर्गत 111 लोगों ने आवेदन प्रस्तुत किया, 16 लोगों ने वेंडर चयन किया और शिविर के माध्यम से 150 से अधिक लोगों को योजना के संबंध में जानकारी उपलब्ध कराई गई। उन्होंने बताया कि सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के मकसद से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना' की शुरुआत की है। इस योजना के तहत, सौर पैनल लगाने पर सब्सिडी दी जाती है। इस योजना के तहत, 01 किलोवाट रूफ्टॉप सोलर सिस्टम लगाने पर 30,000 रुपये, 02 किलोवाट पर 60,000 रुपये और 03 किलोवाट या उससे ज्यादा क्षमता के लिए 78,000 रुपये की सब्सिडी मिलती है। पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत ऑनलाइन पंजीकरण वेबसाइट पर कर सकते हैं।

स्कूल स्थित तंबाकू उत्पाद बेचने वालों पर कार्रवाई हुई

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले के विभिन्न स्कूलों के 100 मीटर परिधि में तंबाकू उत्पाद बेचने वालों के विरुद्ध ताबड़तोड़ कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में जिले के ग्राम सांवतपुर, नगपुरा, लक्षनपुर और सारधा लोरमी में शासकीय विद्यालय के 100 गज की दूरी पर स्थित दुकानों में तंबाकू उत्पाद गुटका, सिगरेट, तम्बाखू, गुड़ाखु का विक्रय करते पाए जाने पर उक्त उत्पादों को जब्त कर अर्थदण्ड की राशि वसूलते हुए बाण्ड ओवर की कार्रवाई की गई। डिप्टी कलेक्टर अजय शतरंज ने बताया कि कलेक्टर के निर्देशानुसार स्कूल परिसर के 100 मीटर के दायरे में तम्बाकू उत्पाद विक्रय करने वालों के विरूद्ध अर्थदण्ड की राशि वसूलते हुए बाण्ड ओवर की कार्रवाई की जा रही है। तहसीलदार, नायब तहसीलदार और राजस्व विभाग की टीम द्वारा क्षेत्र का लगातार भ्रमण किया जा रहा है। बता दें कि कोटपा एक्ट की धारा 04 के तहत सार्वजनिक स्थानों में धुम्रपान पर प्रतिबंध, धारा 05 के तहत सिगरेट और अन्य तम्बाकू उत्पादों के विज्ञापन पर प्रतिबंध, धारा 06 के तहत नाबालिकों एवं शैक्षणिक संस्थानों के आस-पास सिगरेट या अन्य तम्बाकू उत्पादों पर प्रतिबंध, धारा 07, 08 एवं 10 के तहत बिना विशिष्ट स्वास्थ्य चेतावनियों के सिगरेट और अन्य तम्बाकू उत्पादों की बिक्री पर प्रतिबंध है।

सड़क और पुल निर्माण कार्यों का जायजा लेकर शीघ्र पूर्ण करने दिए निर्देश

कलेक्टर एवं एसपी ने जनचौपाल लगाकर सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

बलरामपुर/नवप्रदेश। सीएम साय के मंशानुरूप जिले के माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में अब विकास की नई कहानी लिखी जा रही है। शासन-प्रशासन की सक्रियता से इन दूरस्थ इलाकों में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क और कनेक्टिविटी जैसी बुनियादी सुविधाओं का विस्तार हो रहा है। लंबे समय तक माओवाद प्रभाव के कारण मुख्यधारा से कटे इन क्षेत्रों के ग्रामीण अब सरकारी योजनाओं से लाभान्वित होकर बेहतर भविष्य की ओर कदम बढ़ा रहे हैं। कलेक्टर श्री राजेंद्र कटारा और पुलिस अधीक्षक बैंकर वैभव रमनलाल ने जिले के विकासखंड कुसमी के दूरस्थ गांवों का दौरा कर विकास कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। कलेक्टर एवं एसपी स्वास्थ्य सुविधाओं का स्तर परखने सुदूर अंचल में स्थित ग्राम सबाग के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। उन्होंने केन्द्र परिसर का भ्रमण कर दी जा रही सुविधाओं का जायजा लिया। कलेक्टर ने पंजीकरण कक्ष, प्रसव कक्ष, चिकित्सा उपकरणों, दवाइयों की उपलब्धता, परिसर की साफ-सफाई एवं कर्मचारियों की उपस्थिति पंजी का भी अवलोकन किया। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों को दी जा रही सेवाओं का अवलोकन कर गुणवत्तापूर्ण एवं बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देने की बात कही। उन्होंने

मरीजों से बातचीत कर चिकित्सा व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी भी ली। कलेक्टर ने नवजात शिशु देखभाल कॉर्नर का जायजा लिया, जहां नवजात शिशुओं में जोखिम वाले लक्षणों की त्वरित पहचान कर तत्काल उपचार सेवाएं प्रदान की जाती है। कलेक्टर ने स्वास्थ्य केंद्र के बेहतर व्यवस्था के लिए आवश्यक निर्देश भी दिए।

कलेक्टर एवं एसपी ने प्राथमिक शाला पुंदाग एवं माध्यमिक शाला गदामी का निरीक्षण कर शिक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने उपस्थित शिक्षकों से स्कूल में पदस्थ शिक्षकों की जानकारी ली। उन्होंने छात्रों से उनके पढ़ाई के सम्बंध में पूछा। कलेक्टर ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए शुभकामनाएं दी और शिक्षकों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के निर्देश दिये।

इस दौरान कलेक्टर राजेंद्र कटारा ने प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत बनाये जा रहे सड़कों और पुल-पुलियों के निर्माण कार्य का जायजा लिया। उन्होंने इन कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए, ताकि इन क्षेत्रों में निवासरत पहाड़ी कोरवा परिवारों को जल्द से जल्द बेहतर परिवहन सुविधा मिल सके। कलेक्टर ने विशेष रूप से सबाग से पोखर (3 किलोमीटर), महुआटोली से चरहू गदामी (8.6 किलोमीटर), पीपरढाब से चरहू (8 किलोमीटर) और पुंदाग से भुताही (17.5 किलोमीटर) तक बन रही सड़कों तथा पुल-पुलियों का अवलोकन किया। विदित हो कि इन निर्माण कार्यों के पूरा होने से विशेष पिछड़ी जनजाति समुदाय के पहाड़ी कोरवा परिवारों को बड़ी राहत मिलेगी। सड़कों और पुलों का निर्माण उन्हें विकासखण्ड मुख्यालय तक सीधी आवागमन सुविधा प्रदान करेगा, जिससे न केवल उनके जीवन स्तर में सुधार होगा, बल्कि व्यापार के नए अवसर भी मिलेंगे।

बंद लिफाफे में भाजपा जिला निर्वाचन अधिकारी मुंगेली जिला भाजपा कार्यालय में घोषणा करेंगे

भाजपा जिला मुंगेली के अध्यक्ष पद पर आधा दर्जन दावेदार

मुंगेली/नवप्रदेश। भाजपा जिला मुंगेली के अध्यक्ष पद पर आधा दर्जन दावेदारों में से किसी एक की ताजपोशी हो सकती है। अब सिर्फ घोषणा बाकी है। जिस नाम पर ताजपोशी होनी है उनका नाम एक बंद लिफाफे में भाजपा जिला निर्वाचन अधिकारी मुंगेली जिला भाजपा कार्यालय में घोषणा करेंगे तथा उनसे फार्म भरवाया जाएगा।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार भारतीय जनता पार्टी के नए जिलाध्यक्ष हेतु कार्यकर्ताओं वरिष्ठ नेताओं तथा जातिगत समीकरणों के चलते आधा दर्जन दावेदारों के नामों में से किसी एक पर आगामी दिनों में लग सकती है मुहर। जिला भाजपा अध्यक्ष पद के लिए कार्यकर्ताओं से रायशुमारी हो चुकी है। उनके बीच से जो नाम आए उनमें वर्तमान में लोरमी निवासी जिला महामंत्री गुरमीत सलुजा, जिला मुख्यालय मुंगेली निवासी जिला मीडिया प्रभारी एवं आईटी सेल प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुनील पाठक, पथरिया निवासी जिला महामंत्री निश्चल गुप्ता, मुंगेली निवासी जिला मंत्री दीनानाथ केशरवानी, मुंगेली ग्राम बाकी निवासी जिला उपाध्यक्ष शिवप्रताप सिंह, मुंगेली निवासी जिला कार्यालय मंत्री कोटू दादवानी के नाम प्रमुख हैं। जानकारी के अनुसार उक्त नामों पर जिला प्रदेश एवं दिल्ली में चर्चा हो चुकी है। अतः अब सिर्फ घोषणा बाकी है। जिस नाम पर ताजपोशी होनी है उनका नाम एक बंद लिफाफे में भाजपा जिला निर्वाचन अधिकारी मुंगेली जिला भाजपा कार्यालय में घोषणा करेंगे तथा उनसे फार्म भरवाया जाएगा। लोरमी से गुरमीत का नाम है इसमें प्लस ये है कि इन्हें डिप्टी सीएम और केंद्रीय मंत्री का समर्थन मिल सकता है वहीं माईनस भी यही है कि लोरमी से दो मंत्री होने के कारण मुंगेली या पथरिया को मौका मिल सकता है। पथरिया से जिला महामंत्री निश्चल गुप्ता दावेदार हैं इनका प्लस ये है कि धरमलाल कौशिक का स्वाभाविक समर्थन इन्हें है और अभी तक पथरिया से किसी को जिलाध्यक्ष बनने का मौका नहीं मिल पाया है जो इस बार मिल सकता है वहीं माईनस यह है कि यदि कौशिक प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बनते हैं तो पथरिया को जिलाध्यक्ष शायद ही मिले। जिला मुख्यालय मुंगेली से सुनील पाठक प्रभावी दावेदार हैं संगठन में लगातार कार्य करने का अनुभव, जिला मीडिया प्रभारी व जिला आईटी सेल के संयोजक रहने के कारण प्रदेश के नेताओं से लगातार संपर्क का लाभ मिल सकता है साथ ही मुंगेली विधायक पुन्नूलाल मोहले का एवं उप मुख्यमंत्री अरुण साव के अभिन्न मित्र होने से स्वाभाविक समर्थन इनके पक्ष में हो सकता है। दीनानाथ केशरवानी जिला मंत्री हैं विद्यार्थी परिषद से जुड़े रहे हैं मुंगेली निवासी होने के कारण तथा विधायक पुन्नूलाल मोहले के किचन केबिनेट का सदस्य होने का लाभ मिल सकता है। इसी तरह शिवप्रताप सिंह जिला उपाध्यक्ष हैं दो बार जनपद उपाध्यक्ष रह चुके हैं इसका लाभ उन्हें मिल सकता है। जिला भाजपा कार्यालय प्रभारी कोटूमल दादवानी जिला भाजपा कार्यालय में होने वाले सभी कार्यक्रमों में इनकी सहभागिता एवं सभी प्रमुख नेताओं से इनका संपर्क रहा है। जिसका इनको लाभ मिल सकता है। देखना यह है कि इन आधा दर्जन दावेदारों में से किनका भाग्य साथ देता है।

तालाब में डुबने से युवक की मौत मर्ग कायम कर जांच में जुटी पुलिस

लखनपुर/नवप्रदेश। थाना क्षेत्र के जूना लखनपुर बेलदगी मुख्य मार्ग में स्थित प्राचीन देव तालाब में आज 2 जनवरी दिन गुरुवार की अलसुबह एक अज्ञात युवक की शव मिलने से नगर सहित आसपास में सनसनी फ़ैल गई। युवक कौन है, कहां का है देर बाद शिनाख्त हो सकी।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक सोयब कमरूद्दीन मोमिन पुरा अम्बिकापुर बीते 1 जनवरी दिन बुधवार को जूना लखनपुर बेलदगी मुख्य मार्ग में स्थित शराब दुकान के ओर से अपने सोल्ड एच एफ डीलक्स बाइक से बिलासपुर मुख्य मार्ग की ओर जा रहा था तभी बाइक अनियंत्रित होकर नगर लखनपुर के प्राचीन देवतालाब में उत्तर गया जिससे पानी में डुबने से युवक की मौत हो गई होगी। अनुमान लगाया जा रहा है घटना बीते रात करीब 9 बजे के बाद घटित हुई होगी। 2 जनवरी दिन गुरुवार को सबेरे तकरीबन 5 बजे टहलने के दौरान कुछ नगर वासियों ने युवक को तालाब के पानी में डुबे हुये मृत हालात में देखा लेकिन पहचान नहीं हो सकी। नगर पंचायत नेता प्रतिपक्ष रमेश जायसवाल ने थाने में घटना के बारे में इतिला दी। कुछ देर बाद पुलिस घटनास्थल पहुंच मौका-मुआयना करते हुए मकतुल युवक के शव को अपने कब्जे में लेकर मृतक युवक की शिनाख्त करने जुट गई।

पता तलाश के बाद युवक अम्बिकापुर का होना पाया गया। परिवार वालों को हादसे की जानकारी दी गई। शव को तालाब से बाहर निकाल पोस्टमार्टम करा परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। दरअसल मकतुल युवक अपने ससुराल शादी पार्टी में लखनपुर पठान पुरा आया हुआ था। नशे के हालत में मोटरसाइकिल सहित तालाब के पानी में डुब गया।

रातभर बिजली बंद, ग्रामीण परेशान ने घरघोड़ा छाल मार्ग पर किया चक्काजाम

रायगढ़/नवप्रदेश। रायगढ़ जिला में हाथियों की मौजूदगी है। घरघोड़ा वन परिक्षेत्र के कई गांव के करीब रात होते ही हाथी दल पहुंच जाते हैं। जिससे रात भर बिजली बंद कर दिया जाता है। इससे परेशान होकर अब ग्रामीणों ने इसका विरोध शुरू कर दिया और घरघोड़ा-छाल मार्ग पर चक्काजाम कर प्रदर्शन कर रहे हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि घरघोड़ा तहसील के कई गांव में पिछले सप्ताह भर से इस तरह की स्थिति है। रात 9 बजे के बाद बिजली सप्लाई बंद कर दी जाती है। इसके बाद सुबह 8-9 बजे बिजली सप्लाई शुरू की जाती है। इससे रात में हाथियों का डर ग्रामीणों को बना रहता है। साथ ही रात भर बिजली नहीं होने से कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। घरघोड़ा-छाल मार्ग पर जब ग्रामीणों के चक्काजाम की जानकारी वन अमला को लगी, तो वन विभाग के अधिकारी व बिजली विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंच गए और ग्रामीणों को समझाईश देते हुए चक्काजाम समाप्त करने की बात कह रहे हैं। बताया जा रहा है कि घरघोड़ा क्षेत्र के खोखरोआमा, भेंगारी, चारमार, देऊरमाल, डोंगाभौना, सिंघीझाप, बिलासखार, डेहरीडीह, पानीखेत गांव के करीब रोजाना हाथी आ रहे हैं। यहां धान फसल भी नुकसान कर रहे हैं और रात में बिजली बंद हो जाने के बाद ग्रामीणों के बीच दहशत का माहौल भी बना रहता है।

लगातार इस तरह की स्थिति को देखते हुए ग्रामीणों ने पूर्व में एसडीएम के नाम ज्ञापन सौंपा था और 1 जनवरी के बाद आंदोलन की बात कही थी। ऐसे में ग्रामीण चक्काजाम कर अपना विरोध जता रहे हैं। चक्काजाम से घरघोड़ा-छाल रोड पर दोनों ओर भारी वाहनों की लंबी लाईन लग गई।

निधन सुशीला तिवारी

मुंगेली/नवप्रदेश। जवाहर वार्ड निवासी सुशीला तिवारी उम्र 79 वर्ष पति स्व. भवानीशंकर तिवारी का आज 02 जनवरी को निधन हो गया। वे कलेक्टोरेट कार्यालय में पदस्थ ऐश्वर्य तिवारी की दादी थी। उनका अंतिम संस्कार लोरमी बाईपास रोड स्थित मुक्तिधाम में किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक एवं सामाजिकजन उपस्थित थे।

ठंड के कारण तापमान में आ रही गिरावट

मुंगेली/नवप्रदेश। क्षेत्र में इन दिनों ठंड अपने शबाब पर हैं, ठंड के कारण तापमान में भी लगातार गिरावट आ रही है। ठंड का कहर वैसे तो दिन भर रहता हैं पर शाम को 4 बजे के बाद सूरज के ढ़लते ही सुबह 10 बजे तक पूरा क्षेत्र ठंड की आगोश में रहता हैं। इससे जनजीवन भी प्रभावित हो रहा हैं। जिले में लगातार बढ़ती ठंड को देखते हुए नगरीय निकाय क्षेत्रों के विभिन्न स्थानों में अलाव जलाने का कार्य किया जा रहा है। नगर पालिका द्वारा विभिन्न चौक-चौराहों पर अलाव जलाए जा रहे हैं।

क्षेत्र में पिछले दो दिनों बारिश होने के पश्चात मौसम खुल गया है जिससे सर्दी ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया

है, रात में सर्द हवाओं के साथ ठंड कंपा रही है, सुबह गुनगुनी धूप खूब भाने लगी है, दिन भर मौसम शुष्क बना हुआ है। पर्यटकों के साथ आमजन को यह मौसम बहुत पसंद आ रहा है। अंचल में ठंडी हवाओं का आगमन होने लगा है, इसके कारण जिले में न्यूनतम तापमान में गिरावट का दौर प्रारंभ हो चुका है। ठंड बढ़ने लगी है। शहर के कई इलाकों में लोगों ने अलाव का सहारा लिया। ठण्ड बढ़ने से दिन में भी लोग गर्म कपड़ों में घूमते फिरते नजर आए। सर्द हवाओं के चलते मौसम खुशनुमा बना हुआ है। खासकर युवाओं और पर्यटकों को यह खूब भा रहा है। ठण्ड बढ़ने से बुजुर्गों को थोडी समस्या हो सकती है, हालांकि वे भी दिन भर धूप का आंनद ले रहे है। अधिकांश घरों मे रूम हीटर का उपयोग होने लगा है। ठंड बढ़ते ही एक ओर जहां बाजार में गर्म कपड़ों की बिक्री बढ़ी है। आयुर्वेदिक, चाय, पाउडर, सोंठ, लौंग, इलायची तथा बाजार में अदरक की खूब बिक्री हो रही है। कोरोना महामारी के बाद से लोग ठंड से बचने व स्वास्थ्य लाभ के लिए आयुर्वेद को प्राथमिकता में रखने लगे हैं।

40 करोड़ के विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण

मुंगेली/नवप्रदेश। नगर में लगभग 40 करोड़ रूपए के विभिन्न निर्माण कार्यो का भूमि पूजन एवं लोकार्पण कार्यक्रम का आयोजन आगर खेल परिसर पुराना बस स्टैण्ड में हुआ। मुख्य नगर पालिका अधिकारी आशीष तिवारी ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री अरूण साव, अध्यक्षता राज्यमंत्री आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय तोखन साहू की उपस्थिति में विशिष्ट अतिथि जिले के प्रभारी मंत्री लखनलाल देवांगन, विधायक पुन्नूलाल मोहले, पूर्व सांसद लखनलाल साहू, नगर पालिका अध्यक्ष संतूलाल सोनकर, भाजपा जिलाध्यक्ष शैलेष पाठक, नगर पालिका उपाध्यक्ष मोहन मल्लाह सहित पार्षदगण उपस्थित रहे।

लोकार्पण में प्रमुख रूप से गुरूघासीदास, महाराणा प्रताप एवं महावीर स्वामी की सौंदर्यीकरण कार्य, 01 से 22 वार्डो में 37 स्थानों में सीसी सड़क एवं नाली निर्माण कार्य, पौनी पसारी निर्माण कार्य, ट्रेक्टर लोडर सहित बैक हो लोडर, ट्राई सायकल, ट्रेक्टर ट्राली, मिनी टिप्पर, लो बैक ट्राली, वैक्यूम इम्पिटीयर, नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत 8 स्थानों पर ट्यूबलर पोल स्थापना कार्य का लोकार्पण किया।

भूमिपूजन अंतर्गत नगर पालिका कार्यालय, पार्किंग निर्माण कार्य, गौरवपथ उन्नयन सौंदर्यीकरण कार्य, विवेकानंद जी की मूर्ति का सौंदर्यीकरण कार्य बुधवारी बाजार, स्वीमिंग पुल निर्माण कार्य, स्वागत द्वारा 05 स्थानों पर निर्माण कार्य, बुधवारी बाजार हाट बाजार उन्नयन कार्य, पुष्पवाटिका उद्यान उन्नयन कार्य, परशुराम चौक का सौंदर्यीकरण एवं निर्माण कार्य, चौपाटी निर्माण कार्य, वार्ड 11, 20 एवं 22 में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य, वार्ड 11 मुक्तिधाम उन्नयन कार्य, वार्ड 08 देवांगन समाज मुक्तिधाम विकास एवं उन्नयन कार्य, परमहंस वार्ड में डंपिंग यार्ड के पास बाउण्ड्रीवाल एवं शेड निर्माण कार्य का भूमिपूजन हुआ।

निरीक्षण

आंखों में रोशनी की कमी, पर बच्चे हैं प्रतिभा के धनी, एक छात्र ने सरपट सुनाया 17 का पहाड़ा

कलेक्टर ने खड़धोवा धान खरीदी केंद्र का किया निरीक्षण, दिए आवश्यक निर्देश

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। नववर्ष के दूसरे ही दिन गुरुवार को कलेक्टर विलास भोसकर प्रशासनिक अमले के साथ बतौली स्थित नेत्रहीन बच्चों के आवासीय विद्यालय पहुंचे। कलेक्टर बड़ी ही संवेदशीलता के साथ बच्चों के साथ स्वयं जमीन पर बैठे और उनसे सीधे संवाद किया। अपने निरीक्षण के दौरान उन्होंने बच्चों की आवासीय और शैक्षणिक व्यवस्था का जायजा लिया तथा हर मांग और जरूरत को संवेदनशीलता से सुना। उन्होंने सुविधाएं बेहतर करने अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। भले ही इन बच्चों की आंखों में रोशनी की कमी हो, पर बच्चे प्रतिभा के बेहद धनी हैं। कलेक्टर निरीक्षण के दौरान कक्षा पहली के छात्र सूर्या ने 17 का पहाड़ा सुनाया, तो वहीं कक्षा तीसरी की छात्रा चंदा ने देश प्रेम पर सुन्दर गीत सुनाया। कलेक्टर ने आवासीय विद्यालय एवं छात्रावास का सघन निरीक्षण कर आवश्यकताओं का जायजा लिया। उन्होंने छात्रावास प्रबंधन स्टाफ की मांग एवं बच्चों की सुविधा अनुरूप बच्चों के मनोरंजन के लिए झूला, फिसलपट्टी लगाने, अध्ययन कक्ष में डेस्क बेंच, भोजन कक्ष में बैठने हेतु डेस्क, आवासीय व्यवस्था हेतु नए गद्दे और मच्छरदानी, किचन हेतु दो नए कमरे के निर्माण सहित स्टोर रूम निर्माण, पेयजल

व्यवस्था हेतु बोरवेल की सुविधा एवं पानी टंकी, वाटर फिल्टर, छतों में सीपेज को दृष्टिगत रखते हुए बचाव हेतु जरूरी उपाय करने के निर्देश, तीन नई क्लास रूम गुणवत्तापूर्ण निर्माण, मुख्य मार्ग से स्कूल तक पहुंच मार्ग, बारिश के दौरान कमरों से डाइनिंग हॉल सहित अन्य जगह पर कनेक्टिविटी हेतु पक्का रास्ता, और स्कूल पहुंच मार्ग से नाली निर्माण जिससे बारिश का पानी परिसर में ना घुसे, इसके लिए सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया।

इस दौरान ही कलेक्टर ने परिसर में आगामी 6 जनवरी को हेल्थ, आधार एवं आयुष्मान कार्ड कैंप लगाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर एसडीएम श्री रवि राही, प्रभारी अधिकारी समाज कल्याण विभाग डॉ स्वेच्छा सिंह सहित खंड स्तरीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री भोसकर ने बतौली भ्रमण के दौरान खड़धोवा स्थित धान खरीदी केंद्र में धान खरीदी का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने इस दौरान किसानों से बात की और धान बेचने और राशि के भुगतान पर फीडबैक लिया। इस दौरान उन्होंने हम्मालों से भी बात की और उनसे भी पारिश्रमिक भुगतान की जानकारी ली। उन्होंने समिति प्रबंधक को निर्देशित किया।

एलपी गुप्ता बने बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के नए प्राचार्य

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। संभाग के सबसे बड़े शासकीय विद्यालय शासकीय बहु.उ.मा.वि. अम्बिकापुर के प्राचार्य एच. के. जायसवाल 31 दिसम्बर 2024 को अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर सेवा निवृत्त हो गए हैं। उनकी सेवा निवृत्ति पश्चात संभागीय संयुक्त संचालक लोक शिक्षण सरगुजा संभाग ने शासकीय कन्या उ.मा.वि. मणिपुर वार्ड, अम्बिकापुर के प्राचार्य एल.पी. गुप्ता को शासकीय बहु.उ.मा.वि. अम्बिकापुर के प्राचार्य के दायित्वों का निर्वहन किए जाने हेतु कल 01 जनवरी 2025 को आदेशित किया है। उनके आदेश के परिपालन में प्राचार्य श्री एल.पी. गुप्ता ने शासकीय बहु.उ.मा.वि. अम्बिकापुर में प्राचार्य का पदभार आज 02 जनवरी 2025 को पदभार ग्रहण कर लिया है। ज्ञात हो यह विद्यालय संभाग का एक मात्र ऐसा शासकीय विद्यालय है जहां सी.बी.एस.ई. अंग्रेजी माध्यम का अध्यापन कराया जाता है एवं इस विद्यालय की दर्ज संख्या लगभग 1800 है। एल.पी. गुप्ता के कार्यभार ग्रहण करने से इस विद्यालय का संचालन बेहतर तरीके से हो सकेगा एवं परीक्षा परिणाम भी सकारात्मक होंगे।

जन कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक शामिल हुए जिले के अधिकारी-कर्मचारी

■ नगरी ब्लाक के कई ग्राम पंचायतों में जनमन योजना के तहत प्रधानमंत्री आवास अधूरा

नगरी/नवप्रदेश। जिले के कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी धमतरी के निर्देशानुसार दिन गुरुवार को साहू सदन नगरी में जनपद पंचायत मगरलोड, जनपद पंचायत नगरी, के तहत प्रधानमंत्री जन मन योजना एवं समस्त जन कल्याणकारी योजनाओं के प्रगति की समीक्षा कमार समाज प्रमुखों के साथ अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अधिकारी, साथ ही समस्त जिला स्तरीय , जनपद स्तरीय अधिकारी , ग्राम पंचायत सचिव के उपस्थिति में सदन नगरी में जनमन योजना के तहत प्रधानमंत्री आवास के हितग्राहियों के साथ बैठक आहुति किया गया जिसमें सभी कमार बसआहट क्षेत्र के कमार रहवासी समाज प्रमुख उपस्थित थे प्रधानमंत्री आवास हितग्राहियों ने आधे अधूरे आवास निर्माण व 1 साल में सिर्फ एक किस्त आवास योजना के तहत राशि प्राप्त होना बताया वहीं हितग्राही दबी जुबान में बताया कि इस प्रतिनिधि ने साहू सदन भवन में पहुंचकर कर जनमन योजना एवं समस्त जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा बैठक के दौरान नगरी ब्लाक में बन रहे जनमन योजना के तहत प्रधानमंत्री आवास आधा अधूरे व 1 साल में एक ही किस्त 40000 रू. राशि मिली है दूसरी किस्त एवं अन्य राशि 1 साल से अधिक हो गए हैं अभी तक नहीं डाल है वहीं कुछ हितग्राहियों के द्वारा स्वयं पैसा निकाल कर ठेकेदारों को पैसा दिया गया की हमारा आवास जल्द बने पर पर ठेकेदारों को पैसा मिलने के बाद भी लोगो का भवन निर्माण आधा अधूरा पड़ा हुआ है इस निर्माण कार्य में कोई प्रगति नहीं हुई इस पर जिला अध्यक्ष कमार समाज बुधलाल नेताम राजपुर निवासी ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास निर्माण को लेकर स्वयं हितग्राही द्वारा अपने आवास को बनाने के लिए ठेकेदार को पैसा दिया गया है फिर भी ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य को लेट लतीफ कर पूर्ण नहीं कर रहे हैं। इतवारी राम सोरी अध्यक्ष कमार समाजबिरनासिलली क्षेत्र का दबी जुबान में कहा कि मेरे आवास एक वर्ष बीत गया अभी तक दूसरी किस्त नहीं मिला है जिसके कारण मेरे प्रधानमंत्री आवास अधूरा पड़ा हुआ है जिसके चलते झोपड़ी में रहना पड़ रहा है। सुनाराम कमार कमारपारा आश्रित ग्राम ग्राम पंचायत कसपुर निवासी ने कहा कि मेरे द्वारा स्वयं के साथ व गांव के लोगो के फूलबती कमार, लक्ष्मी बाई, सत्यबती, बाई,अमरलाल,गड़ाराय कमार , रामचंद्र कमार,सोनू राम, रामसूरत, दिलीप, लोगों का लोगों का पहली किस्त 40000 ही राशि डाल है ।साथ नगरी ब्लाक के कई ऐसे ग्राम पंचायत में हितग्राहियों का दूसरे किस्त अभी तक नहीं डाला है जिसके चलते कई निर्माण कार्य अधूरे पड़े हुए हैं और बारिश में उन परिवारों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा है जिसके चलते अधिकांश कमार परिवार के लोग झोपड़ी में गुजर बसर कर रहे हैं। जनमन योजना एवं जन कल्याणकारी योजना के प्रगति समीक्षा बैठक के संबंध में जनपद पंचायत नगरी सीईओ करुणा सागर पटेल से जानकारी में कहा कि प्रधानमंत्री आवास की आधे अधूरे निर्माण कार्यों को जल्द ही पूरा किया जायेगा वही एक वर्ष में एक ही किस्त हितग्राहियों को प्राप्त हुए इस पर कहा कि योजना के तहत कुछ कार्यों में त्रुटि हुआ है सुधार कर जल्द ही बाकी पैसा जारी किया जाएगा वही आवास निर्माण कार्य में ठेकेदार द्वारा हितग्राहीयों से पैसा लेकर अभी तक निर्माण कार्यों का प्रगति नहीं किया गया है ऐसे ठेकेदारों पर कड़ी कार्यवाही किया जाएगा और प्रधानमंत्री आवास को जल्द पूर्ण कराया जाएगा।

■ न्यूज गैलरी

शोभायात्रा का राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेश तिवारी ने किया स्वागत

बेमेतरा/नवप्रदेश। पंथ श्री हुजुर उग्र नाम साहब की स्मृति में चार दिवसीय संत समागम मेला का शुक्रवार को शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर सर्व हिंदू सनातन संगठन राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेश तिवारी ने गुरु का आशीर्वाद लेने के साथ शोभायात्रा में शामिल हुए। राष्ट्रीय अध्यक्ष व उनके समर्थकों ने सिग्नल चौक के पास शोभा यात्रा का पुष्प वर्षा व आतिशबाजी कर भव्य स्वागत किया। इस दौरान शोभायात्रा में शामिल हजारों कबीर पंथियों को फल वितरण किया गया। चार दिवसीय संत समागम मेला की शोभायात्रा के दौरान पंथमुनि वंशाचार्य उदित मुनिनाम साहेब, गुरु गोसाई डॉ भानुनाम साहेब का स्वागत व शोभायात्रा को बेमेतरा नगर घड़ी चौक में सर्व हिंदू सनातन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेश तिवारी के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान पीयूष शर्मा, सत्यम शर्मा, तीरथ वर्मा, शुभम सोनी, मृत्युंजय दुबे, नरेश राय, मनोज सिन्हा, सुनील पटेल, संजय माडले, यशवंत टंडन, सार्थक साहू, शिवम दीवान, सोमेश वर्मा, प्रिंस गुप्ता, सागर यादव, राहुल साहू, शिवम साहू आदि कार्यकर्त्ता शामिल हुए।

मंदिर में बच्चों को अपने हाथों विधायक इंद्र साव ने बांटी खीर पुड़ी

भाटापारा/नवप्रदेश। अंग्रेजी नववर्ष के शुभारंभ अवसर पर नगर के हथनीपारा वार्ड स्थित शीतला माता मंदिर में कन्या भोजन का आयोजन किया गया जिसमें इस पवित्र आयोजन में शामिल हुए सैकड़ों बच्चों को विधायक इंद्र साव ने अपने हाथों खीर पूड़ी परोस कर बच्चों के साथ नए साल की खुशियां मनाई। इस अवसर पर विधायक इंद्र साव ने कहा कि इस वार्ड में यह प्रेरणादायक आयोजन विगत 30 वर्षो से निरंतर जारी है और मुझे खुशी है कि इस आयोजन में सेवा करने का अवसर प्रतिवर्ष मिलते रहता है जिसके लिए मै अपने आप को सौभाग्यशाली मानता हु।यह आयोजन हमारी परंपरा और संस्कृति का प्रतीक बनकर चला आ रहा है जो समाज में सेवा, संस्कार और एकजुटता का सन्देश देता है। ऐसे आयोजन के आयोजनकर्ता निश्चित रूप से बधाई के पात्र है जो लगातार ऐसे आयोजन कर उसमें बच्चों को शामिल करते है। आज नए साल की खुशी में लोग पश्चात शैली को अपनाकर अपना धर्म संस्कृति से विमुख होते जा रहे है जो निश्चित रूप से चिंता का विषय है,इस प्रकार का आयोजन आज की जरूरत है जहां बच्चों संग अपनी खुशियों का इजहार आज की जरूरत बन गया है। इस अवसर पर विधायक इंद्र साव ने अपनी सेवा देते हुए बच्चों को प्रसादी की परोस गारी की तथा नए वर्ष की शुभकामना देते हुए उनके संग खुशियां मनाई। नगर के शीतला मंदिर में हुए इस कार्यक्रम में विधायक इंद्र साव ने माता शीतला को नमन कर शीश झुकाते हुए पूरे क्षेत्र वासियों पर अपनी कृपा बनाए रखने का आशीर्वाद लिया।

बोरे में भर गया जहान सिंह के खुशियों का जहान, अब बेचेंगे धान

कोरबा/नवप्रदेश। फसल बोने को लेकर ऐसे कई यादें थीं किसान जहान सिंह के पास, जिसमे से ज्यादातर को याद कर उनके आँखों में आँसू ही आ जाते थे। वह हर साल अच्छी बारिश की उम्मीद लिए पर्वतीय इलाकों में फसल तो ले लेता था लेकिन कई बार बारिश की बेरुखी उनकी उम्मीदों का गला घोंट जाती थीं।

बेहतर सड़कों के जरिए शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार के नए अवसर साकार होंगे

सड़क के निर्माण से वनांचलवासियों के लिए खुलेगी विकास की नई राह : उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा

■ प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत वनांचल क्षेत्र में होगा बेहतर कनेक्टिविटी

कवर्धा/नवप्रदेश। प्रदेश के कबीरधाम जिला के बोड़ला विकासखंड के सुदूर वनांचल क्षेत्र में विकास की गूंज सुनाई देने लगी है। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत 5 करोड़ 12 लाख 54 हजार रुपए की लागत से दो महत्वपूर्ण सड़कों के निर्माण कार्य का शुभारंभ करते हुए बड़ी सौगात दी है। यह सड़कों का निर्माण न केवल इस क्षेत्र को यातायात सुविधा प्रदान करेगा, बल्कि वनांचल के नागरिकों के लिए विकास की नई राहें खोलेगा। लंबे समय से सड़क संपर्क के अभाव में परेशान ग्रामीणों के जीवन में अब बदलाव की शुरुआत हो चुकी है। बेहतर सड़कों के जरिए शिक्षा, स्वास्थ्य, और व्यापार के नए अवसर साकार होंगे।

उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत 5 करोड़ 12 लाख 54 हजार रूपए की लागत से दो सड़कों के निर्माण कार्य का वनांचल क्षेत्र के स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ विधिवत पूजा-अर्चना कर भूमिपूजन किया। इन निर्माण कार्यों में दो प्रमुख सड़कों का समावेश है। पहला सड़क निर्माण कार्य दलदली मेन रोड खरिया मांदीभाटाखुर्द से अगरी तक 3.60 किलोमीटर लंबाई में होगा, जिसकी लागत 2 करोड़ 78 लाख 61 हजार रूपए है। दूसरा निर्माण कार्य खरौदा से साजाटोला तक 3.50 किलोमीटर लंबाई में होगा, जिसकी लागत 2 करोड़ 3 लाख 93 हजार रूपए निर्धारित की गई है। सड़कों के निर्माण से ग्राम साजाटोला और अगरी बी के 350 से अधिक नागरिकों को लाभ होगा, जो अब बेहतर सड़क नेटवर्क की सुविधा का उपयोग कर सकेंगे। उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि यह सड़क निर्माण वनांचल क्षेत्र के नागरिकों के लिए एक बड़ी सौगात है। इन सड़कों के निर्माण से न केवल इन क्षेत्रों के लोगों को बेहतर यातायात सुविधा प्राप्त होगी, बल्कि यह आर्थिक विकास और सामाजिक समृद्धि की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्री विदेशी राम धुर्वे, श्री नितेश अग्रवाल, श्री काशीराम उइके, श्री मोहन धुर्वे सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

विकास की दिशा में एक मील का पत्थर

उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने कहा कि यह सड़क वनांचल क्षेत्र में बुनियादी ढांचे के सुधार की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगी। प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत वनांचल क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। आज की इस सड़क परियोजना से न केवल यातायात की समस्या दूर होगी, बल्कि क्षेत्र के नागरिकों को रोज़मर्रा की ज़िंदगी में भी कई तरह की सुविधाएं प्राप्त होंगी।

सड़कों के निर्माण से होगा समग्र विकास

प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत सड़कों के बनने से क्षेत्र के दूर-दराज के इलाकों को जोड़ने में मदद मिलेगी, जिससे नागरिकों को न केवल बेहतर यातायात व्यवस्था मिलेगी, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार और अन्य सरकारी सेवाओं तक पहुंच भी सुगम होगी।

प्रशिक्षण का संचालन दो चरणों में हुआ

गरियाबंद के रसायन व्याख्याताओं का सेवाकालीन प्रशिक्षण हुआ

गरियाबंद/नवप्रदेश। सेवाकालीन शिक्षक प्रशिक्षण के अंतर्गत गरियाबंद जिले के रसायन शास्त्र व्याख्याताओं का तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण संपन्न हुआ। जिला शिक्षा अधिकारी ए के सारस्वत के निर्देशन व प्रशिक्षण नोडल एडीपीओ बुद्ध विलास सिंह सहायक नोडल एपीसी विल्सन थॉमस के मार्गदर्शन में विषयवार सेवाकालीन शिक्षक प्रशिक्षण संपन्न हुआ जिसमें विषय विशेषज्ञ मास्टर ट्रेनर व्याख्याता समीक्षा गायकवाड़ एवं व्याख्याता राजेश कंसारी द्वारा जिले के रसायन शास्त्र व्याख्याताओं को प्रशिक्षण दिया गया। आवासीय प्रशिक्षण का संचालन कार्यक्रम प्रभारी बीआरसीसी तेजेश शर्मा की देखरेख में बीआरसीसी भवन गरियाबंद में हुआ। प्रशिक्षण का संचालन दो चरणों में हुआ। प्रथम चरण में आनलाइन प्रशिक्षण 13 दिसंबर से 17 दिसंबर तक संचालित हुआ एवं दूसरे चरण का आवासीय प्रशिक्षण 30 दिसंबर से 1 जनवरी तक तीन दिवस में संपन्न हुआ। डीआरजी समीक्षा गायकवाड़ ने बताया कि प्रशिक्षण में नई शिक्षानीति 2020 आधारित कक्षा 9वीं से 12वीं विषयपरक शिक्षण अधिगम प्रक्रिया, सीखने के प्रतिफल, रासायनिक अभिक्रियाओं के सरल प्रदर्शन, गतिविधि आधारित शिक्षण, अनुभवात्मक शिक्षण, कर के सीखना, खेल आधारित केमिकल पजल, ICT का अनुप्रयोग, माध्यमिक स्तर विद्यार्थियों की समझ, सतत् विकास लक्ष्य, विद्युत रसायन, रासायनिक अवधारणाओं को दैनिक जीवन से जोड़ना, पाठ्यक्रम आधारित प्रायोगिक कार्य, रासायनिक बलगतिकी, फिजिकल केमेस्ट्री, कार्बनिक रसायन की कठिन अवधारणाओं को प्रायोगिक तौर पर शिक्षकों द्वारा गतिविधि करवाकर स्पष्ट कराने का प्रयास किया गया। प्रशिक्षु व्याख्याताओं की शंकाओं के समाधान, रसायन विज्ञान के प्रति रूचि बढ़ाने, नवाचारी प्रयोगों, 21वीं सदी के कौशल, कक्षा शिक्षण की तैयारी व अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर विचार विमर्श हुआ।

अपनी कार्यशैली के लिए कई बार पुरस्कृत हुए

दयानंद ने रायपुर रेल मंडल में मंडल रेल प्रबंधक का पदभार ग्रहण किया

भाटापारा। दयानंद ने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, रायपुर रेल मंडल के नये मंडल रेल प्रबंधक के रुप में पदभार ग्रहण किया । दयानंद 1997 बैच के भारतीय रेलवे यातायात सेवा (इंडियन रेलवे ट्रैफिक सर्विस -) के अधिकारी हैं । दयानंद इससे पहले दक्षिण पूर्व रेलवे - कोलकाता में मुख्य वाणिज्य प्रबंधक फ्रेट एवं मार्केटिंग (सीसीएम -एफएम) के पद पर कार्यरत थे । दयानंद का 01 जनवरी, 2025 रायपुर आगमन हुआ, सीधे मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय पहुंचकर रायपुर रेल मंडल के विषय में जानकारी प्राप्त की एवं पूर्व मंडल रेल प्रबंधक संजीव कुमार के साथ औपचारिक भेंट करने के पश्चात कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया । दयानंद ने सभी कर्मचारियों से शिष्टाचार मुलाकात कर कर्मचारियों से परिचय प्राप्त करते हुए सभी को नव वर्ष की शुभकामनाएं दी साथ ही उत्साह उमंग एवं विश्वास के साथ कार्य कर जनता एवं राष्ट्र सेवा के लिए आह्वान किया। दयानंद को भारतीय रेलवे के प्रमुख मंडलों में धनबाद एवं दीनदयाल उपाध्याय नगर मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में वाणिज्य एवं माल लदान कार्य के गहन अनुभव के साथ कोलकाता महानगर में भी कार्य करने का अनुभव प्राप्त है । मंडल रेल प्रबंधक दयानंद अपनी रेल सेवा के दौरान पूर्व रेलवे - हावड़ा, पूर्व मध्य रेलवे - हाजीपुर एवं दक्षिण पूर्व रेलवे-हावड़ा में पदस्थ रहे । पूर्व मध्य रेलवे-हाजीपुर ज़ोन के धनबाद एवं दीनदयाल उपाध्याय, समस्तीपुर, सोनपुर, मंडलों में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक एवं वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक एवं पूर्व मध्य रेलवे - हाजीपुर ज़ोन में मुख्य वाणिज्य प्रबंधक (फ्रेट एवं मार्केटिंग) और मुख्य वाणिज्य प्रबंधक (यात्री सेवा) एवं पूर्व रेलवे - हावड़ा में मुख्य वाणिज्य प्रबंधक (फ्रेट एवं मार्केटिंग) पदों पर पदस्थ रहें हैं ।अपनी कार्यशैली के लिए कई बार रेलवे से पुरस्कृत हुए हैं। इनसीड बहु-परिसर अंतर्राष्ट्रीय व्यापार स्कूल और अनुसंधान संस्थान से मलेशिया एवं सिंगापुर में ट्रेनिंग हुई है एग्जीक्यूटिव मैनेजमेंट ट्रेनिंग भी की है। सांस्कृतिक क्षेत्र में मंडल स्तर पर टीम का नेतृत्व किया है यह पर्यावरण प्रेमी भी है इन्हें हॉर्टिकल्चर में विशेष दिलचस्पी है साथ ही खेलकूद गतिविधियों में भी विशेष योगदान रहा है। इनकी प्रारंभिक शिक्षा रांची में सेंट जेवियर स्कूल से हुई है।

विश्वकर्मा योजनांतर्गत भरे गये आवेदन में कर सकते है सुधार

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना अन्तर्गत एमएसएमई मंत्रालय, भारत सरकार की पी.एम.विश्वकर्मा अनुभाग द्वारा पी.एम. विश्वकर्मा पोर्टल में हुए परिवर्तन के संबंध में अपडेट किया गया है। अपडेट उपरांत आवेदक पी.एम. विश्वकर्मा पोर्टल में लॉगिन कर आवेदन की अद्यतन स्थिति व निजी जानकारी जैसे नाम, पता एवं बैंक आई.एफसी. कोड इत्यादि डाटा में परिवर्तन अपने स्तर पर कर सकते हैं।

आदिवासियों के बीच मनाया नया साल...

राजनांदगांव/नव प्रदेश। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी बर्फानी धाम माँ पाताल भैरवी मन्दिर सेवाश्रम समिति के अध्यक्ष राजेश मारू और (पत्रकार)कमलेश सिमनकर नए वर्ष के पहले दिन पहुंचे नक्सल प्रभावित अतिसंवेदनशील क्षेत्र लमरा । वहां के बच्चों को गर्म कपड़े, ऊनि टोपी, चॉकलेट, बिस्किट बांटे, साथ ही बुजुर्ग महिलाओं एवं पुरुषो को कम्बल और साड़ियां दिए।

विगत 10 वर्षों से सेवाभावी संस्था माँ पाताल भैरवी मन्दिर सेवाश्रम समिति इन नक्सल पर प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचकर वहां के लोगों को समय-समय पर जरूरत का सामान उपलब्ध करवाते आ रहे है, इस वर्ष भी ठंड के समय मे करीब 12 वनांचल क्षेत्रों के गांवों में पहुंचकर वहां के लोगों को ठंड से बचने के लिए, बच्चों को गर्म कपडे, ऊनि टोपी। महिलाओं को साड़ियां, बुजुर्ग महिलाओं और पुरुषों को कम्बल बांटते आ रहे है।आयोजन में बच्चों के गर्म कपड़े, ऊनि टोपी, कम्बल संस्कारधानी नगरी के सेवाभावी दिनेश पटेल,नीलम जैन,सन्तोष खण्डेलवाल और राजेंद्र परमार का सहयोग मिला।

कुरुद के पूर्व विधायक डॉ.चन्द्रहास साहू की 89वीं जयंती सेवा दिवस के रूप में मनाई गई

■ सिविल अस्पताल में मरीजों को हुआ फल वितरण

कुरुद/नवप्रदेश। कांग्रेस भवन कुरुद में कांग्रेस पार्टी के द्वारा कुरूद के पूर्व विधायक स्व.श्री डॉ चंद्रहास साहू की 89 वें जयंती पर श्रद्धांजली अर्पित की गई। साथ ही सिविल हॉस्पिटल कुरुद में मरीज़ों को फल वितरण करके सेवा दिवस के रूप में मनाया गया। कांग्रेस भवन में कांग्रेस जनों ने स्व. डॉक्टर साहब की तस्वीर पर तिलक वन्दन व श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए शत-शत नमन किया। उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अध्यक्ष आशीष शर्मा और वरिष्ठ कांग्रेस रामेश्वर साहू ने कहा कि स्व. डॉक्टर साहब जी हमारे प्रेरणास्त्रोत रहे है।वे अपने समय मे कुरूद विधानसभा क्षेत्र में विधायक के रूप में जनसेवा करते हुए एक मिसाल पेश किए। वे गरीबों के सच्चे मसीहा, सेवा एवम् सादगी के प्रतीक, कुरूद विधानसभा के युवाओं को उच्च शिक्षा के लिए कुरूद महाविद्यालय की सौगात दिलाने वाले थे। उन्होंने उम्र के अंतिम पड़ाव में भी अपनी समर्पित सेवा जारी रखी थी। आजीवन मरीजों की निशुल्क सेवा करते रहे। और चिकित्सा के क्षेत्र नगर एवं पूरे क्षेत्र में घर घर जाकर दस हज़ार से भी अधिक डिलीवरी किए है ! वे कुरुद कांग्रेस के अनमोल रत्न थे। उनकी 89 वें जयंती पर हम सभी शत-शत नमन करते है।

महत्वाकांक्षी और जनउपयोगी योजना

जनप्रतिनिधि भी बिना किसी भेदभाव के आमजनता की मदद करें

अधिक से अधिक लोगों को सरकार की योजनाओं का मिलें लाभ : ईश्वर साहू

■ विधायक ईश्वर साहू ने 9 दिव्यांगों को किया ट्राय साइकिल का वितरण

साजा/नवप्रदेश। विधायक ईश्वर साहू ने जन्मदिन के अवसर पर अपने निवास कार्यलय में समाज कल्याण विभाग द्वारा 9 दिव्यांगों को ट्राई साइकिल भेंटकर अपना जन्मदिन मनाया। इस दौरान विधायक ईश्वर साहू ने कहा कि केंद्र सरकार की यह एक महत्वाकांक्षी और जनउपयोगी योजना हैं, इनका प्रचार प्रसार जितना अधिक होगा उतना ही यहां के दिव्यांगों और बुजुर्गों को लाभ पहुंचेगा। इसके लिए इस योजना से संबंधित जानकारी क्षेत्र के लोगों तक पहुंचाया जाए। इस कार्य में जनप्रतिनिधि भी बिना किसी भेदभाव के आमजनता की मदद करें। विधायक साहू ने कहा कि सरकार शिक्षा, विकास, स्वास्थ्य, कृषि विद्युत, विभाग में संचालित योजनाओं को धरातल तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयास में लगी हुई है। केंद्र और प्रदेश सरकार आम जनता के हित के लिए तरह-तरह की योजना संचालित कर रही हैं और इसका लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने पूरे मन से प्रयास में लगी हुई हैं। इसी परिपेक्ष में दिव्यांग सशक्तिकरण के लिए बेमेतरा में समाज कल्याण विभाग द्वारा विधायक ईश्वर साहू के जन्मदिन के सु अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में चयनित 9 दिव्यांगों को ट्राई साइकिल वितरण किया। इस दौरान प्रमुख रूप से बुलाक साहू मंडल अध्यक्ष साजा, केशव पटेल मंडल अध्यक्ष थानखम्हारिया, बिसरू साहू, महामंत्री रोहित राजपूत, मूलचंद शर्मा, हरिशंकर टावरी पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष, धरमचंद जैन पूर्व मंडल अध्यक्ष, हनुमंत साहू, ज्वाला सिंग ठाकुर, कमल राठी, नेतराम साहू, लुकराम साहू एवं समस्त भाजपा कार्यकर्ता सहित समाज परिवार कल्याण विभाग के अधिकारी कर्मचारी भी उपस्थित रहें। दिव्यांगों ने विधायक और विभाग का किया धन्यवाद - दिव्यांगो ने कहा कि इससे पहले हमको आवागमन में काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता था। जैसे ही केंद्र सरकार की योजना की जानकारी समाज कल्याण विभाग द्वारा हुई हम सबने तत्काल इसका फॉर्म भरा, उसके बाद हम सबका समाज कल्याण विभाग द्वारा चयनित सूची में नाम आया, जिसके बाद आज बहुत इंतजार के बाद यह साइकिल हम सबको मिल ही गई। यह बैटरी चलित ट्राई साइकिल पाकर हम सब बहुत खुश हैं। हम सभी दिव्यांगजनों के तरफ से समाज कल्याण विभाग और विधायक ईश्वर साहू का बहुत बहुत धन्यवाद करना चाहते हैं, क्योंकि इन सबके सहयोग से हम सबको ये बैटरी चलित ट्राय साइकिल मिला हैं।

महापौर ने निगम कार्यालय के अधिकारी व कर्मचारी को नव वर्ष की दी बधाई

राजनांदगांव। अपने कार्यकाल के अंतिम दिवस आज महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख अपने कक्ष में जनप्रतिनिधियों व नागरिकों से भेट मुलाकात कर सभी को नव वर्ष की बधाई देकर, पॉच साल सहयोग करने पर सभी का आभार व्यक्त किया। इसी कडी में उन्होंने नगर निगम के सभी विभागों मे जाकर अधिकारियों व कर्मचारियों से रूबरू हो उन्हें नव वर्ष की शुभकामनाएं दी तथा विभागीय काम काज में सहयोग प्रदान करने पर उनका धन्यवाद ज्ञापित किया। महापौर श्रीमती हेमा देशमुख आज प्रातः 11 बजे कक्ष में पहुॅच अपने महापौर कार्यकाल के अंतिम दिवस जनप्रतिनिधियों व नागरिकों से भेट मुलाकात की और उन्हें नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुये कहा कि आप लोगों का मेरे महापौर कार्यकाल में बहुत अच्छा सहयोग मिला। आप लोगों के मार्गदर्शन एवं सहयोग से नगर विकास में किसी प्रकार की परेशानी नहीं हुई। उन्होंने सभी का आभार व्यक्त करते हुये वरिष्ठो से इसी प्रकार आर्शीवाद बनाये रखने कहा।

न्यूज गैलरी

नकदी संबंधी चुनौतियों से जूझ रहे भारतीय निर्यातक, हल निकाले केंद्र

नई दिल्ली। भारतीय निर्यातक की बढ़ती नकदी संबंधी समस्याओं पर सीआईआई चेयरमैन संजय बुधिया ने केंद्र सरकार की ओर रूख किया है। उन्होंने सुझाव दिया कि सरकार को छोटे एवं मझोले उद्योगों (एमएसएमई) सहित सभी विनिर्माण क्षेत्र के निर्यात के लिए ब्याज समानीकरण योजना को तीन साल के लिए बढ़ाना चाहिए। भारतीय निर्यातक उच्च ब्याज दर के कारण नकदी संबंधी चुनौतियों से जूझ रहे हैं। इस कारण कंपनियां वैश्विक माहौल में प्रतिस्पर्धी नहीं बन पा रही हैं, जिससे देश का निर्यात प्रभावित हो रहा है। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) की निर्यात-आयात (एग्जिम) पर राष्ट्रीय समिति के चेयरमैन संजय बुधिया ने कहा, निर्यात से जुड़ी चुनौतियों से निपटने के लिए केंद्र सरकार और बैंकों को मिलकर हल निकालना होगा। साथ ही उन्होंने सुझाव दिया कि सरकार को छोटे एवं मझोले उद्योगों (एमएसएमई) सहित सभी विनिर्माण क्षेत्र के निर्यात के लिए ब्याज समानीकरण योजना को तीन साल के लिए बढ़ाना चाहिए। यह योजना 31 दिसंबर, 2024 को खत्म हो गई है। संजय बुधिया ने आगे कहा कि निर्यातक वास्तव में नकदी के मोर्चे पर अहम चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। उच्च ब्याज दरें और निर्यात फंडिंग में गिरावट से उनकी प्रतिस्पर्धा क्षमता प्रभावित हो रही है। एमएसएमई निर्यातकों को पहले और बाद में निर्यात ऋण के लिए ब्याज सब्सिडी को तीन फीसदी से बढ़ाकर 5 फीसदी करने से बहुत फायदा होगा।व्यापार घाटे के मोर्चे पर भी राहत मिलेगी।

वित्त मंत्री वित्तीय-पूंजी बाजार के हितधारकों से मिलीं

नई दिल्ली। वित्त मंत्रालय हर साल बजट से पहले विशेषज्ञों, उद्योग जगत के नेताओं, अर्थशास्त्रियों और राज्य के अधिकारियों के साथ कई परामर्श बैठकें आयोजित करता है। अगले वित्तीय वर्ष के लिए वार्षिक बजट तैयार करने की औपचारिक कवायद शुरू हो चुकी है। इस बीच वित्त मंत्री ने वित्तीय और पूंजी बाजार के हितधारकों से मुलाकात की है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को बजट पूर्व परामर्श बैठक की श्रृंखला के तहत वित्तीय क्षेत्र और पूंजी बाजार के हितधारकों से मुलाकात की। बैठक में वित्त सचिव, दीपम सचिव और आर्थिक मामलों के विभाग व वित्तीय सेवा विभाग के सचिव भी मौजूद रहे। भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार भी इस बैठक में शामिल हुए। यह बजट पूर्व परामर्श बैठक की श्रृंखला में सातवीं बैठक थी। वित्त मंत्रालय हर साल बजट से पहले विशेषज्ञों, उद्योग जगत के नेताओं, अर्थशास्त्रियों और राज्य के अधिकारियों के साथ कई परामर्श बैठकें आयोजित करता है। अगले वित्तीय वर्ष के लिए वार्षिक बजट तैयार करने की औपचारिक कवायद शुरू हो चुकी है।वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण अब तक एमएसएमई, किसान संघों और अर्थशास्त्रियों सहित विभिन्न हितधारकों के साथ कई बैठकें कर चुकी हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी पिछले सप्ताह नीति आयोग परिसर में केंद्रीय बजट 2025-26 की तैयारी के लिए प्रख्यात अर्थशास्त्रियों और विचारकों के एक समूह के साथ बातचीत की थी। परंपरा के अनुसार, 2025-26 का बजट 1 फरवरी, 2025 को पेश किया जाएगा। 2025-26 का बजट वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का आठवां बजट होगा। सभी की निगाहें प्रमुख घोषणाओं और मोदी 3.0 के शेष कार्यकाल के लिए सरकार के दूरदर्शी आर्थिक मार्गदर्शन पर होंगी। यह बजट कमजोर जीडीपी आंकड़ों और अर्थव्यवस्था में कमजोर खपत की पृष्ठभूमि पेश किया जाना है। चालू वित्त वर्ष 2024-25 की जुलाई-सितंबर तिमाही में भारतीय अर्थव्यवस्था वास्तविक रूप से 5.4 प्रतिशत की दर से बढ़ी।

रुपये में कमजोरी से सोने की तेजी को मिला बढ़ावा

सोना 330 रुपये बढ़कर 79720 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंचा, चांदी 130 रुपये मजबूत हुई

नई दिल्ली।दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों में गुरुवार को सोने का भाव 330 रुपये बढ़कर 79,720 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। चांदी भी इस दौरान 130 रुपये बढ़कर 90,630 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई।

अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार आभूषण विक्रेताओं और खुदरा विक्रेताओं की लगातार खरीदारी से दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों में गुरुवार को सोने का भाव 330 रुपये बढ़कर 79,720 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। बुधवार को यह बहुमूल्य धातु 79,390 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। चांदी भी इस दौरान 130 रुपये बढ़कर 90,630 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई।पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 90,500 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। बुधवार को 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 330 रुपए बढ़कर 79,170 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया, जबकि इससे पहले इसका भाव 78,840 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। व्यापारियों ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय बाजारों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में तेजी से सर्राफा कीमतों को मदद मिली। इस बीच, एमसीएक्स पर वायदा कारोबार में फरवरी डिलीवरी सोना अनुबंध की कीमत 205 रुपये यानी 0.27 प्रतिशत बढ़कर 77,098 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गयी।

घरेलू बाजार में सोने की सकारात्मक तेजी 77,300 रुपये के स्तर को पार कर गई, जिसे कॉमेक्स सोने के 2,640 डॉलर से ऊपर बने रहने से समर्थन मिला।

एलकेपी सिक्योरिटीज के वाइस प्रेसिडेंट रिसर्च एनालिस्ट (कमोडिटी एवं करेंसी) जतिन त्रिवेदी ने कहा, ÷रुपये की कमजोरी से इस तेजी को और बढ़ावा मिला है। अंतरराष्ट्रीय मजबूती और मुद्रा गतिशीलता के संयोजन ने सोने के लिए तेजी की भावना को

मजबूत किया है। कमोडिटी एक्सचेंज में चांदी वायदा भाव 859 रुपये यानी 0.98 प्रतिशत बढ़कर 88,437 रुपये प्रति किलोग्राम हो गया। विदेशी बाजारों में कॉमेक्स सोना वायदा 8.50 डॉलर प्रति औंस या 0.32 प्रतिशत बढ़कर 2,649.50 डॉलर प्रति औंस हो गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (कमोडिटीज) सौमिल गांधी ने कहा, ÷नए साल की छुट्टियों के बाद पिछले साल की तेजी के रुझान को जारी रखते हुए, हाजिर सोने ने 2025 के पहले दिन सकारात्मक कारोबार करना शुरू कर दिया। गांधी ने कहा कि बाजार सहभागियों का ध्यान अब अमेरिका से आने वाले प्रमुख वृहद आर्थिक आंकड़ों पर है, जिनमें बेरोजगारी दावे और विनिर्माण पीएमआई शामिल हैं, जो गुरुवार और शुक्रवार को जारी होंगे, जिससे सर्राफा बाजार में और अधिक अस्थिरता आ सकती है। एशियाई बाजार में चांदी कॉमेक्स वायदा 1.62 प्रतिशत बढ़कर 29.72 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया।

जेफरीज की रिपोर्ट में किया गया यह दावा

बजट में पूंजीगत खर्च 10-12 फीसदी बढ़ा सकती है सरकार

नई दिल्ली। जेफरीज ने अपनी रिपोर्ट में कहा, एक फरवरी, 2025 को पेश होने वाले बजट में पूंजीगत खर्च में 10-12 फीसदी सालाना वृद्धि की इसलिए भी जरूरत है, ताकि कैपेक्स और जीडीपी अनुपात को बनाए रखा जा सके। बुनियादी ढांचे के विकास पर ध्यान देने और हितधारकों में भरोसा पैदा करने के लिए मोदी सरकार आगामी बजट 2025-26 में पूंजीगत खर्च (कैपेक्स) 10-12 फीसदी बढ़ा सकती है। जेफरीज ने एक रिपोर्ट में कहा, सरकार के पूंजीगत खर्च में लगातार वृद्धि चुनावी साल के बाद अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण है। रिपोर्ट में कहा गया है कि पूंजीगत खर्च में दहाई अंकों में वृद्धि को लेकर 2025-26 के बजट पर कड़ी नजर रहेगी क्योंकि, चुनावी नतीजों को ध्यान में रखते हुए भी 2024-25 के बजट में पूंजीगत खर्च में 16 फीसदी की सालाना वृद्धि को बरकरार रखा गया था। जेफरीज ने अपनी रिपोर्ट में कहा, एक फरवरी, 2025 को पेश होने वाले

बजट में पूंजीगत खर्च में 10-12 फीसदी सालाना वृद्धि की इसलिए भी जरूरत है, ताकि कैपेक्स और जीडीपी अनुपात को बनाए रखा जा सके। साथ ही, यह दर्शाया जा सके कि सरकार बुनियादी ढांचे में निवेश पर जोर दे रही है।

सात महीनों में 15 फीसदी घट गया खर्च: चुनावों के कारण वित्त वर्ष 2025 के पहले सात महीनों में सरकारी पूंजीगत खर्च में 15 फीसदी गिरावट आई है। चालू वित्त वर्ष के लिए मामूली 5 फीसदी की वृद्धि पाने के लिए नवंबर, 2024 से मार्च, 2025 तक पूंजीगत खर्च में 32% बढ़ोतरी की जरूरत होगी।

रक्षा क्षेत्र में 8 फीसदी तक बढ़ोतरी की उम्मीद

रक्षा के मोर्चे पर जेफरीज ने कहा, सरकार 2023-24 से 2029-30 तक अपने खर्च में सालाना 7-8 फीसदी की चक्रवृद्धि दर से बढ़ोतरी कर सकती है। यह पिछले दशक के रुझानों के अनुरूप होगा। मौजूदा नीतियों के साथ, घरेलू रक्षा क्षेत्र अगले 5-6 वर्षों में 100-120 अरब डॉलर के अवसर प्रस्तुत करता है। इसका अर्थ है कि उद्योग 13 फीसदी की चक्रवृद्धि दर से बढ़ेगा। अगर निर्यात बेहतर होता है, तो वृद्धि 15 फीसदी तक पहुंच सकती है।

एमआईसी इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड ने एसओए इलेक्ट्रॉनिक्स ट्रेडिंग एलएलसी में निवेश पूरा किया

नई दिल्ली। एमआईसी इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीएसई: 532850, एनएसई: MICEL), जो एलईडी वीडियो डिस्प्ले के डिजाइन, विकास और निर्माण में वैश्विक स्तर पर अग्रणी है, ने दुबई स्थित अपनी सहायक कंपनी एसओए इलेक्ट्रॉनिक्स ट्रेडिंग एलएलसी में 51 करोड़ के निवेश को पूरा करने की घोषणा की है। यह सहायक कंपनी इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के स्पेयर पार्ट्स ट्रेडिंग में कार्यरत है।

हाल ही में कंपनी को जीपीएस आधारित पब्लिक एड्रेस एंड पैसेंजर इंफॉर्मेशन सिस्टम और एसी एवं नॉन-एसी रेलवे कोचों में एलईडी डेस्टिनेशन बोर्ड्स के लिए क्षमता एवं योग्यता मूल्यांकन (कैपेसिटी कम कैपबिलिटी असेसमेंट) की स्वीकृति प्राप्त हुई।

इसके अलावा, कंपनी ने एमआईसीके डिजिटल इंडिया लिमिटेड नामक एक पुरे मालिकाना हक वाली सहायक कंपनी का गठन किया है। यह सहायक कंपनी सभी प्रकार के स्मार्ट मीटर, डिजिटल मीटर, रूफमाउंटेड एसी पैकेज यूनिट्स, इंटीग्रेटेड पावर सप्लाई सिस्टम, मिनी कंप्यूटर, माइक्रोप्रोसेसर आधारित सिस्टम और कंप्यूटर पेरिफेरल्स के निर्माण और व्यापार के लिए कार्य करेगी।

एमआईसी इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड 1988 से एलईडी वीडियो डिस्प्ले, उच्च-स्तरीय इलेक्ट्रॉनिक और दूरसंचार उपकरणों के डिजाइन, विकास और निर्माण में अग्रणी रही है। यह आईएसओ 9001:2008 और आईएसओ 14001:2004 प्रमाणित कंपनी है, जो एलईडी वीडियो, ग्राफिक्स और टेक्स्ट डिस्प्ले, एलईडी लाइटिंग सॉल्यूशंस, एंबेडेड सिस्टम, दूरसंचार सॉफ्टवेयर, और संचार व इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों के गतिशील क्षेत्रों में अपनी मजबूत उपस्थिति बना चुकी है।

एमआईसी के प्रमुख उत्पाद, एलईडी वीडियो डिस्प्ले (इनडोर, आउटडोर, और मोबाइल), खेल स्टेडियमों, परिवहन केंद्रों, डिजिटल थिएटरों, थीम पार्कों, विज्ञापनों, और सार्वजनिक सूचना डिस्प्ले के लिए महत्वपूर्ण बन चुके हैं।

मर्क्यूरी ईवी टेक लिमिटेड ने डीसी 2 मर्क्यूरी कार्स प्राइवेट लिमिटेड में 69.84% हिस्सेदारी खरीदेगी

नई दिल्ली। मर्क्यूरी ईवी टेक लिमिटेड (बीएसईः 531357), जो इलेक्ट्रिक वाहनों के उत्पादन में एक प्रमुख कंपनी है, ने डीसी2 मर्क्यूरी कार्स प्राइवेट लिमिटेड और अनुराधा बी. छाबड़िया (विक्रेता) के साथ शेयर खरीद समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। कंपनी 25,00,000 इक्विटी शेयरों में से 69.84त्न हिस्सेदारी का अधिग्रहण करेगी। इस अधिग्रहण के बाद, लक्षित कंपनी को अधिग्रहक की सहायक कंपनी माना जाएगा।

डीसी2 मर्क्यूरी कार्स मुख्य रूप से यात्री कारों, स्पोर्ट्स कारों और कारों के संशोधन का डिज़ाइन करती है। कंपनी के मुख्य डिज़ाइनर श्री दिलीप छाबड़िया (डीसी) के होने के कारण, उनकी कारों के डिज़ाइन में विशेषज्ञता मर्क्यूरी ईवी-टेक लिमिटेड के लिए उनके असाधारण कौशल का एक सजीव उदाहरण बनेगी। डीसी मर्क्यूरी कार्स के ब्रांड के तहत यह सहयोग उत्पादों की बाजार में स्वीकृति बढ़ाने और आगामी वर्षों में व्यापार वृद्धि को प्रेरित करने की उम्मीद है। यह रणनीतिक अधिग्रहण मर्क्यूरी ईवी-टेक के उत्पाद पोर्टफोलियो में एक और पहलू जोड़ देगा।

डीसी मुख्य रूप से मौजूदा कारों का डिज़ाइन कर रहा है और उनकी विभिन्न स्पोर्ट्स और एसयूवी कार डिज़ाइन भी हैं, जिन्हें मुख्य डिज़ाइनर श्री दिलीप छाबड़िया (डीसी) द्वारा डिज़ाइन किया गया है। 1993 में स्थापित डीसी डिज़ाइन भारत में विशेष कार अनुकूलन के लिए एक प्रमुख स्टूडियो बन गया। डीसी लक्ज़री सेडान, स्पोर्ट्स कार, और यहां तक कि व्यावसायिक वाहनों को अनोखे masterpieces में बदलने के लिए प्रसिद्ध हैं। उन्होंने बॉलीवुड सितारों और प्रमुख व्यवसायियों जैसे उच्च-प्रोफ़ाइल ग्राहकों के लिए अनुकूलित परियोजनाओं पर काम किया है।

अमेरिकी अदालत ने अदाणी के खिलाफ मुकदमे एक साथ चलाने का दिया आदेश

नई दिल्ली। न्यूयॉर्क की एक अदालत ने उद्योगपति गौतम अदाणी और अन्य के खिलाफ 265 मिलियन अमरीकी डॉलर की रिश्वतखोरी के आरोप में चल रहे तीन मामलों की सुनवाई एक साथ करने का आदेश दिया है। न्यूयॉर्क की एक अदालत ने उद्योगपति गौतम अदाणी और अन्य के खिलाफ 265 मिलियन अमरीकी डॉलर की रिश्वतखोरी के आरोप में चल रहे तीन मामलों की सुनवाई एक साथ करने का आदेश दिया है। अदालत ने कहा है कि इन मामलों की सुनवाई एक संयुक्त मुकदमे में एक साथ की जाएगी। जिन मामलों को एक साथ जोड़ा गया है उनमें यूएस बनाम अदाणी व अन्य (अदाणी के खिलाफ आपराधिक मामला), प्रतिभूति व विनिमय आयोग

(एसईसी) बनाम अदाणी एवं अन्य (अदाणी के खिलाफ दीवानी मामला) और एसईसी बनाम कैबनेस (अन्य आरोपियों के खिलाफ दीवानी मामला) शामिल हैं। न्यायालय के अनुसार यह निर्णय न्यायिक दक्षता को बढ़ावा देने और परस्पर विरोधी अनुसूचियों से बचने के लिए लिया गया है। सभी मामलों को जिला न्यायाधीश निकोलस जी गरौफिस को सौंपा जाएगा, जो अदाणी के खिलाफ आपराधिक मामले की भी सुनवाई कर रहे हैं। न्यायालय के कर्मचारियों को मामलों का पुनः आवंटन करने का निर्देश दिया गया है। अदाणी और अन्य पर राज्य बिजली वितरण कंपनियों के साथ सौर ऊर्जा अनुबंध हासिल करने के लिए 265 मिलियन अमेरिकी डॉलर (लगभग 2,029 करोड़ रुपये) की रिश्वत देने का आरोप है। इससे पहले, अमेरिकी अभियोजकों ने आरोप लगाया था कि यह तथ्य उन अमेरिकी बैंकों और निवेशकों से छिपाया गया था, जिनसे अदाणी समूह ने सौर ऊर्जा परियोजनाओं के लिए धन जुटाया था। दूसरी ओर अदाणी समूह ने आरोपों को निराधार बताते हुए खंडन किया है और कहा है, हम एक कानून का पालन करने वाला संगठन हैं, हम सभी कानूनों का पूरी तरह से पालन करते हैं। कंपनी के प्रवक्ता ने कहा कि अभियोग आरोपों पर आधारित हैं, और दोषी साबित होने तक प्रतिवादियों को निर्दोष माना जाता है।

सिडनी टेस्ट के पहले दिन भारत 185 पर ऑलआउट

***स्टंप्स तक ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 9/1, पंत ने सबसे ज्यादा 40 रन बनाए**

सिडनी। भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के 5वें टेस्ट की पहली पारी में 185 रन पर ऑलआउट हो गई है। शुक्रवार को स्टंप्स तक ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 9/1 है। उस्मान ख्वाजा 2 रन बनाकर आउट हुए। सैम कोंस्टास पहले दिन का खेल समाप्त होने के बाद 7 रन पर नाबाद लौटे हैं। स्टंप्स से ठीक पहले जसप्रीत बुमराह की युवा ओपनर सैम कोंस्टास से बहस हो गई। इस बहस के तुरंत बाद बुमराह ने उस्मान ख्वाजा (2 रन) को पवेलियन की राह दिखाई। ख्वाजा के आउट होने ही अंपायर्स ने दिन का खेल समाप्त कर दिया। भारतीय टीम से ऋषभ पंत ने सबसे ज्यादा 40 रन बनाए। रवींद्र जडेजा 26 रन बनाकर आउट हुए। शुभमन गिल ने 20 रन और विराट कोहली ने 17 रन का योगदान दिया।

ऑस्ट्रेलिया से स्कॉट बोलैंड ने 4 विकेट झटके।

मिचेल स्टार्क को 3 विकेट मिले। पैट कमिंस को 2 विकेट मिले। एक विकेट नाथन लायन के खाते में आया।भारत ने टॉस जीतकर बैटिंग करने का फैसला लिया है। सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में रोहित शर्मा की जगह जसप्रीत बुमराह टीम इंडिया की कप्तानी कर रहे हैं। रोहित शर्मा को रेस्ट दिया गया है। **भारत-** जसप्रीत बुमराह (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, शुभमन गिल, विराट कोहली, ऋषभ पंत, रवींद्र जडेजा, नीतीश रेड्डी, वॉशिंगटन सुंदर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा। **ऑस्ट्रेलिया-** पैट कमिंस (कप्तान), उस्मान ख्वाजा, सैम कोंस्टास, मार्नस लाबुशेन, स्टीव स्मिथ, ट्रैविस हेड, ब्यू वेबस्टर, एलेक्स कैरी (विकेटकीपर), मिचेल स्टार्क, नाथन लायन और स्कॉट बोलैंड।

श्रीलंका ने न्यूजीलैंड को तीसरे टी-20 में हराया

***कीवियों ने 2-1 से जीती सीरीज, परेरा की सेंचुरी, असलंका को 3 विकेट**

नेल्सन। श्रीलंका ने न्यूजीलैंड के खिलाफ 3 मैचों की टी-20 सीरीज के आखिरी मुकाबले में 7 रन की रोमांचक जीत हासिल की है। इस जीत के साथ श्रीलंकाई टीम ने खुद को क्लीन स्वीप से बचा लिया है, हालांकि चरिथ असलंका की कप्तानी वाली टीम ने यह सीरीज 2-1 से गंवा दी है।

नेल्सन में न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला लिया। श्रीलंका ने 20 ओवर में 5 विकेट पर 218 रन का स्कोर बनाया। जवाब में न्यूजीलैंड की टीम तय 20 ओवर में 7 विकेट पर 211 रन तक ही पहुंच सकी। कुसल परेरा प्लेयर ऑफ द मैच रहे। उन्होंने 46 गेंद पर 101 रन की पारी खेली। जबकि जैकब डफी को प्लेयर ऑफ सीरीज चुना गया। डफी ने 8 विकेट चटकाए हैं। जीत के बाद ट्रॉफी के साथ न्यूजीलैंड टीम के खिलाड़ी।

जीत के बाद ट्रॉफी के साथ न्यूजीलैंड टीम के खिलाड़ी।

श्रीलंका की खराब शुरुआत, पावरप्ले में 2 विकेट गंवाए

टॉस हारकर बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका की शुरुआत खराब रही। टीम पावरप्ले के 6 ओवर में 49 रन बनाने में 2 विकेट गंवा दिए थे। पारी के तीसरे ओवर में मैट हेनरी ने पथुम निसांका को पवेलियन भेजा, जबकि 5वें ओवर की आखिरी बॉल पर मिचेल सैंटनर ने कुसल मेंडिस को माइकल ब्रेसवेल के हाथों कैच कराया। निसांका 14 और मेंडिस 22 रन बनाकर आउट हुए। परेरा-असलंका की शतकीय साझेदारी मिडिल ओवर में 83 रन के स्कोर पर तीसरा विकेट गंवाने के बाद कुसल परेरा (101 रन) ने कप्तान चरिथ असलंका (46 रन) के साथ चौथे विकेट के लिए शतकीय साझेदारी की। दोनों ने 45 बॉल पर 100 रन जोड़े। उन्होंने तीसरे विकेट पर फर्नांडो के साथ 41 रन की साझेदारी की थी। इस साझेदारी को जैकब डफी ने तोड़ा। उन्होंने फर्नांडो (17 रन) को LBW किया। न्यूजीलैंड की मजबूत शुरुआत, रचिन रवींद्र की फिफ्टी 219 रन का टारगेट चेज कर रही न्यूजीलैंड की टीम ने मजबूत शुरुआत की। टिम रॉबिंसन और रचिन रवींद्र ने 45 बॉल पर 81 रनों की ओपनिंग साझेदारी की। टीम ने पावरप्ले के 6 ओवर में बिना नुकसान के 63 रन बना लिए थे। ओपनिंग साझेदारी को अविष्का फर्नांडो ने तोड़ा। उन्होंने रॉबिन्सन को सब्सिट्यूट फील्डर कमिंडु मेंडिस के हाथों कैच कराया।

न्यूज गैलरी

नर हाथी की मौत, दो और आरोपी गिरफ्तार

बलरामपुर-रायपुर/नवप्रदेश। बलरामपुर रामानुजगंज वन परिक्षेत्र के छतवा जंगल में नर हाथी का शव बीते माह 19 दिसंबर को मिला था। इस मामले में वन विभाग ने दो आरोपी हरि सिंह और परमेश्वर सिंह को गिरफ्तार कर जेल दाखिल कर दिया था जबकि दो और फरार आरोपियों की तलाश की जा रही थी। गुरुवार को इस मामले में वन विभाग को सफलता मिली है। वन विभाग ने गुरुवार को गोवर्धन उर्फ राकेश कोरवा (36) और बालदेव सिंह (48) को गिरफ्तार कर वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 2,9,50,51 और 52 के तहत मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय में प्रस्तुत कर जेल दाखिल कराया गया। वन विभाग अधिकारियों ने बताया कि यदि वन्य प्राणियों की अवैध शिकार से संबंधित कोई भी जानकारी मिलती है तो तत्काल वन विभाग को सूचना दें ताकि उचित कार्रवाई कर वन्य प्राणियों के अवैध शिकार पर अंकुश लगाया जा सकें।

सीएसईबी ने किया ब्लैक लिस्टेड

कोरबा/नवप्रदेश। कोरबा। छत्तीसगढ़ स्टेट पावर जनरेशन कंपनी लिमिटेड (सीएसईबी) ने राख परिवहन में अनियमितताओं को लेकर हेम्स कॉर्पोरेशन सर्विस इंडिया लिमिटेड को काली सूची में डाल दिया है। यह कंपनी अब एक वर्ष तक सीएसईबी के किसी भी टेंडर में भाग नहीं ले सकेगी। शारदा विहार से संचालित इस कंपनी को नए साल की शुरुआत में यह बड़ा झटका लगा है। दरअसल, सीएसईबी के ऐश यूटिलाइजेशन एवं पॉल्यूशन कंट्रोल के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर ने जांच के बाद पाया कि हेम्स कॉर्पोरेशन ने राख परिवहन के काम के लिए फर्जी पर्चियों का उपयोग किया। कंपनी फर्जी पर्चियों के आधार पर राख का परिवहन कर रही थी। उच्च अधिकारियों को सौंपी गई शिकायत और दस्तावेजी प्रमाण की जांच के बाद अनियमितताओं की पुष्टि हुई है। सीएसईबी द्वारा कंपनी को ब्लैकलिस्टेड करने के बाद हेम्स कॉर्पोरेशन के खिलाफ अन्य कानूनी कार्रवाई की संभावना भी जताई जा रही है। माना जा रहा है कि फर्जी पर्चियों के आधार पर काम करने के आरोप में और गहराई से जांच होगी।

6 शराबी वाहन चालकों से 60 हजार जुर्माना वसूला

बलौदाबाजार-भाटापारा/नवप्रदेश। जिले में सड़क दुर्घटनाओ की रोकथाम एवं शराबी वाहन चालको पर सख्त कार्यवाही करने हेतु ऑपरेशन विश्वास के तहत यातायात पुलिस द्वारा लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जिला बलौदाबाजार-भाटापारा यातायात पुलिस द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले लोगों की चेकिंग कर उनके वाहन विधिवत जप्त करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया भी लगातार की जा रही है। चेकिंग अभियान में यातायात शाखा सिमगा में ब्रेथ एनालाइजर के माध्यम से चेकिंग कर 06 वाहन चालकों को शराब पीकर वाहन चालन करते हुए पकड़ा गया। पुलिस द्वारा इन सभी 06 प्रकरणों में चालकों के विरुद्ध मोटर व्हीकल की विभिन्न धाराओं के तहत कार्यवाही करते हुए, इनके वाहन विधिवत जप्त कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जिसमें आज दिनांक 02.01.2025 को न्यायालय द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले 06 प्रकरण में वाहन चालकों को पृथक-पृथक 10,000-10,000 अर्थदंड का आदेश दिया गया है।

अलग-अलग क्षेत्र से चार दोपहिया वाहन पार

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर के अलग-अलग थाना क्षेत्रों से अज्ञात चोर ने चार दोपहिया वाहन पार कर दिया। सभी मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार शक्तिनगर खम्हारडीह निवासी राजकुमार यादव 24 वर्ष खम्हारडीह थाना में शिकायत किया कि वह अपनी अपाचे बाइक क्रमांक सीजी 04 पीयू 2939 को सेक्टर 1 शंकर नगर स्थित बनारसी पान ठेला के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 80 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। वहीं दूसरे मामले में बीएसयूपी कालोनी कचना निवासी विष्णु हियाल 40 वर्ष ने खम्हारडीह थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एम एफ 8052 को अपने घर के बाहर खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया।

दो शातिर बदमाशों को किया तड़ीपार

दुर्ग-रायपुर/नवप्रदेश। जिला दण्डाधिकारी चौधरी ने पुलिस अधीक्षक दुर्ग के प्रतिवेदन पर अजय दुबे और इन्द्रजीत उर्फ नेपाली के अपराधिक आचरण एवं प्रवृत्ति पर नियंत्रण किए जाने तथा आम जनता में अमन-चैन और कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु जनहित में अजय दुबे आ. स्व. लवकुश दुबे पचरी पारा दुर्ग, तहसील व जिला दुर्ग और इन्द्रजीत उर्फ नेपाली पिता महेश सिंह संधू निवासी कान्ट्रेक्टर कालोनी सुपेला तहसील व जिला दुर्ग को राजस्व जिला दुर्ग एवं उसके सीमावर्ती जिले रायपुर, बेमेतरा, बालोद, राजनांदगांव, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई एवं धमतरी जिले की सीमाओं से आदेश तिथि 31 दिसंबर 2024 से एक सप्ताह के भीतर बाहर चले जाने कहा है। जिला दण्डाधिकारी के आदेशानुसार आदेश तिथि से एक वर्ष की अवधि तक उक्त जिलों की सीमाओं में जिला दण्डाधिकारी के आदेश के बिना अजय दुबे एवं इन्द्रजीत उर्फ नेपाली प्रवेश नहीं कर सकेंगे। ज्ञात हो कि पुलिस अधीक्षक दुर्ग द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के अनुसार आरोपी अजय दुबे पिता स्व. लवकुश दुबे थाना दुर्ग क्षेत्र का आदतन अपराधी है। इनके विरूद्ध थाना दुर्ग में अपराधिक गतिविधियों से संबंधित विभिन्न धाराओं में 16 प्रकरण दर्ज है।

सड़क चौड़ीकरण में व्यापक बदलाव की उम्मीद

कुरुद/नवप्रदेश। कुरुद और धमतरी विधानसभा क्षेत्रों के लिए छत्तीसगढ़ शासन द्वारा की जा रही इस सड़क चौड़ीकरण और मजबूतीकरण परियोजना से क्षेत्र में व्यापक बदलाव होने की उम्मीद है। इस परियोजना के तहत कुरमातराई-भेण्डरा-कोर्रा-जुगदेही- सिलौटी-सेमरा मार्ग को बेहतर और चौड़ा किया जाएगा, जिसकी कुल लागत 65.12 करोड़ रुपये निर्धारित की गई है। यह योजना इस मार्ग को उच्च गुणवत्ता का बनाएगी, जिससे न केवल यातायात में सुधार होगा, बल्कि क्षेत्रीय विकास की नई संभावनाएं भी सामने आएंगी।

अजय चंद्राकर के योगदान से विकास की दिशाः

पूर्व मंत्री और वरिष्ठ विधायक अजय चंद्राकर के निरंतर प्रयासों का यह परिणाम है कि इस महत्वपूर्ण मार्ग को प्राथमिकता दी गई है। उनका कहना है कि सड़क सुधार से क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में जीवन स्तर में सुधार होगा और इलाके की समग्र आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा। अजय चंद्राकर का विश्वास है कि इस परियोजना से जिले के विकास को नई गति मिलेगी, और यह सुनिश्चित करेगा कि स्थानीय लोग बेहतर बुनियादी ढांचे का लाभ उठा सकें।

किसानों के लिए फायदेमंद

इस परियोजना का सबसे बड़ा लाभ किसानों को मिलेगा। वर्तमान में सड़क की स्थिति खराब होने के कारण किसानों को अपनी फसलें बाजारों तक पहुंचाने में काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता था। सड़क के चौड़ीकरण और मजबूतीकरण से किसानों को अपनी उपज बाजारों तक आसानी से और शीघ्रता से पहुंचाने में मदद मिलेगी। इससे उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा और फसल का मूल्य भी बेहतर प्राप्त हो सकेगा।

छात्रों और यात्रियों को मिलेगा लाभ

सड़क की स्थिति बेहतर होने से छात्रों के लिए स्कूल और कॉलेज जाना आसान हो जाएगा। लंबे समय से खराब सड़कें छात्रों के लिए एक बड़ी समस्या रही थीं, लेकिन अब वे बिना किसी परेशानी के अपने गंतव्य तक पहुंच सकेंगे। वहीं, यात्रियों के लिए भी यात्रा करना सुरक्षित और आरामदायक होगा। सड़क की मजबूती से दुर्घटनाओं की संख्या में भी कमी आएगी।

व्यापारियों को भी मिलेगा फायदा

स्थानीय व्यापारियों के लिए यह परियोजना एक बड़ी राहत साबित होगी। वर्तमान में सड़क की खस्ता हालत के कारण वे अपने माल को समय पर और सुरक्षित रूप से नहीं पहुंचा पाते थे। सड़क के सुधार से वे आसानी से और जल्दी माल को अन्य स्थानों तक पहुंचा सकेंगे, जिससे उनके व्यापार में भी वृद्धि होगी।

क्षेत्रीय विकास में योगदान

नए साल के साथ इस परियोजना का शुभारंभ धमतरी जिले में विकास की नई राह खोलेगा। इससे न केवल इस क्षेत्र की इन्फ्रास्ट्रक्चर स्थितियों में सुधार होगा, बल्कि यह छत्तीसगढ़ राज्य के समग्र विकास में भी एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। बेहतर सड़क कनेक्टिविटी से जिले के विभिन्न क्षेत्रों के बीच संपर्क सुलभ होगा, जो व्यापार, शिक्षा, स्वास्थ्य, और अन्य क्षेत्रों में सकारात्मक प्रभाव डालेगा। इस तरह, कुरुद और धमतरी विधानसभा क्षेत्रों में यह सड़क परियोजना एक विकास की कड़ी साबित होगी, जो स्थानीय लोगों के जीवन में सुधार और समृद्धि लाएगी। यह योजना क्षेत्र के सभी वर्गों के लिए फायदेमंद साबित होगी, और अजय चंद्राकर के नेतृत्व में इसका क्रियान्वयन धमतरी जिले के लिए एक ऐतिहासिक मील का पत्थर होगा।

रेलवे ने फिर रद्द की आधा दर्जन यात्री ट्रेनें

रायपुर/नवप्रदेश। दुर्ग-उधमपुर, बिलासपुर-टाटानगर समेत कुल 6 ट्रेनों को रद्द किया गया है, और 3 गाडिय़ों के रूट में बदलाव किया गया है। रेलवे प्रशासन ने बताया कि इस समय रेलवे के अलग-अलग जोन में इंफ्रास्ट्रक्चर डवलपमेंट का काम तेज़ी से चल रहा है, जिसके चलते यह कदम उठाया गया है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के साथ-साथ अन्य जोन में भी काम हो रहा है। इंफ्रास्ट्रक्चर डवलपमेंट के कारण उत्तर रेलवे के जम्मूतवी स्टेशन में यार्ड रिमाडलिंग की प्रक्रिया शुरू की जाएगी, इसके साथ ही चक्रधरपुर और रांची रेल मंडल के स्टेशनों में भी ब्लॉक लिया जाएगा।

रद्द होने वाली ट्रेनें :

- 4 से 15 जनवरी तकः गाड़ी संख्या 18114, बिलासपुर-टाटानगर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- 5 से 16 जनवरी तकः गाड़ी संख्या 18113, टाटानगर-बिलासपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- 8 जनवरीः गाड़ी संख्या 20847, दुर्ग-ऊधमपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- 10 जनवरीः गाड़ी संख्या 20848, ऊधमपुर-दुर्ग एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- 7 जनवरीः गाड़ी संख्या 12549, दुर्ग-ऊधमपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- 9 जनवरीः गाड़ी संख्या 12550, ऊधमपुर-दुर्ग एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

निपनिया में खुलेगा थाना, विधायक इंद्र साव ने पूर्व सीएम के प्रति जताया आभार

भाटापारा/नवप्रदेश। भाटापारा ग्रामीण थाना अंतर्गत आने वाला निपनिया पुलिस सहायता केंद्र अब शीघ्र ही स्वतंत्र रूप से पृथक पुलिस थाना बनने जा रहा है।इस थाना की घोषणा पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ग्राम कडार में आयोजित भेट मुलाकात कार्यक्रम में की थी। विधायक इंद्र साव ने निपनिया पुलिस थाना खुलने की प्रक्रिया के आगे बढऩे पर क्षेत्र की जनता को बधाई देते हुए पूर्व सी एम बघेल के प्रति आभार जताया है।

विदित हो कि ग्रामीण क्षेत्र अंतर्गत आने वाला निपनिया क्षेत्र के लोगों को त्वरित न्याय ,पुलिस सुरक्षा और अपराधियों में भय की दृष्टि से पृथक रूप से पुलिस थाना खोलने की मांग विधायक इंद्र साव सहित स्थानीय कांग्रेस जनों ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से ग्राम कडार में आयोजित भेट मुलाकात कार्यक्रम में की थी।क्षेत्र के नेताओं की मांग और निपनिया के लोगों की व्यावहारिक दिक्कतों को ध्यान में रखते हुए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने निपनिया में पुलिस थाना खोले जाने की घोषणा की थी। पूर्व सी एम बघेल की घोषणा से उपस्थित लोगों ने हर्ष जताया था।वही पूर्व सी एम की घोषणा के बाद से विभाग ने अपनी तैयारी तेज कर सभी आवश्यक कार्यवाही पूरी कर ली।अभी वर्तमान में निपनिया पुलिस सहायता केंद्र में लगभग 22 गांव कोड़वा, सेंम्हाराडीह, कोनी बंजर, बागबुड़वा, गुड़ाघाट, खपरी एस, भौतिडीह, सिलवा, पथरिया, चंदेली, धनेली, चमारगुड़ा, मोपकी, भरतपुर, धौराभाता, बकुलही, मोपका, गुड़ैलिया, पाटन, बोरासी ध, बंदरी इत्यादि गांव को समाहित किया गया है। अनुमान है कि पुलिस थाना खुलने के बाद इसमें करीब 10 बारह गांव को और समाहित किया जा सकता है।

बहरहाल विभागीय स्वीकृति और पुलिस थाना खुलने की प्रकिया में तेजी आने पर निपनिया क्षेत्र के लोगों में अपार हर्ष है।विधायक इंद्र साव ने इस उपलब्धि के लिए लोगो को बधाई देते हुए पूर्व सी एम बघेल के प्रति आभार जताया है।

बेटी के बाद मां की मिली लाश, जांच में जुटी पुलिस

- एक ही जगह हत्या कर अलग-अलग जगह शव फेंकने की आशंका

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी से लगे धनेली में बीते दो दिन में मां और बेटी की अलग-अलग जगह से लाश मिली है। बीते दिन 1 जनवरी को रायपुर-बिलासपुर रोड किनारे नाली में एक किशोरी की लाश मिली थी। वहीं आज किशोरी की मां भी घर में मृत पाई गई। मां-बेटी की मौत को लेकर इलाके में सनसनी फैल गई है। आशंका जताई जा रही है कि मां-बेटी की एक ही जगह पर हत्या कर दोनों के शव को अलग-अलग फेंका गया है।

बता दें कि खमतराई पुलिस को 1 जनवरी की सुबह धनेली नाला के पास 15 वर्षीय किशोरी रेशम परवीन की लाश मिली थी। जिसमें खमतराई पुलिस ने शार्ट पीएम रिपोर्ट आने पर गला दबाकर हत्या करने की पुष्टि हुई है। वहीं दूसरे दिन धरसींवा पुलिस को ग्राम धनेली के घर में मृतिका रेशम परवीन की मां हामिद बेगम 50 वर्ष की लाश उसके घर में मिली। हामिद के दोनों कलाई के नश कटी हुई थी। जिससे पुलिस ने आशंका जताई है कि दोनों मां-बेटी की हत्या एक ही जगह की गई है। उसके बाद बेटी के शव को नाला के पास फेंक दिया गया है। इस दोहरे हत्याकांड से पुलिस महकमें हड़कंप मच गया है। पुलिस ने मामले में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ हत्या का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

अवैध शराब कारोबारी गिरफ्तार

पलारी/नवप्रदेश। ऑपरेशन विश्वास के तहत थाना पलारी पुलिस ने अवैध शराब कारोबारियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी रखते हुए ग्राम वटगन में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से पुलिस ने 2700 मूल्य की 09 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब जब्त की गई है। दिनांक 02 जनवरी 2025 को थाना पलारी की पुलिस टीम ने ग्राम वटगन में घेराबंदी कर अवैध महुआ शराब बिक्री करने वाले आरोपी राजू मिरी (उम्र 30 साल, निवासी ग्राम वटगन) को गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ थाना पलारी में अपराध क्रमांक 02/2025, धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश करने की प्रक्रिया जारी है। थाना पलारी पुलिस की

तीन नई ट्रेनों को शुरूआत और एक नया रोड ओवर ब्रिज राष्ट्र को समर्पित

- नाइलिट डीम्ड यूनिवर्सिटी का उद्घाटन
- नाइलिट और टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स प्राइवेट लिमिटेड के बीच एमओयू

मालीगांव। रेल कनेक्टिविटी को और बेहतर बनाने के माननीय प्रधानमंत्री के विजन के अनुरूप, आज गुवाहाटी से तीन नई ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई गई और पूर्वोत्तर सीमा रेलवे द्वारा तेतेलिया स्टेशन यार्ड पर निर्मित एक नए रोड ओवर ब्रिज (आरओबी) राष्ट्र को समर्पित किया गया। गुवाहाटी रेलवे स्टेशन पर असम के माननीय राज्यपाल श्री लक्ष्मण प्रसाद आचार्य, असम के माननीय मुख्यमंत्री डॉ हिमंत विश्व शर्मा, भारत सरकार के माननीय केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव और माननीय विदेश मामले और कपड़ा राज्य मंत्री श्री पबित्रा मार्गेरिटा की उपस्थिति के अलावा अन्य दूसरे स्थानों पर सांसद/ विधायकगण उपस्थित थे। पूर्वोत्तर सीमा रेलवे के महाप्रबंधक श्री चेतन कुमार श्रीवास्तव, पूर्वोत्तर सीमा रेलवे (निर्माण) के महाप्रबंधक श्री अरुण कुमार चौधरी के साथ मुख्यालय और मंडलों के वरिष्ठ अधिकारी, स्थानीय सांसद/ विधायकगण और अन्य विशिष्ट व्यक्ति भी उक्त कार्यक्रम के दौरान उपस्थित थे।

इस अवसर पर माननीय मंत्रियों की उपस्थिति में नाइलिट और टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स प्राइवेट लिमिटेड के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर भी हस्ताक्षर किए गए और उसका आदान-प्रदान किया गया। राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (नाइलिट), इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अधीन एक प्रमुख संस्थान है, जिसे विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा एक विशिष्ट श्रेणी के तहत एक डीम्ड विश्वविद्यालय के रूप में मान्यता दी गई है। रोपर में मुख्य कैंपस के साथ-साथ अगरतला, आइजोल, अजमेर, औरंगाबाद, कालिकट, इम्फाल, ईटानगर, कोहिमा, गोरखपुर, पटना और श्रीनगर में इसकी ११ सह इकाइयां हैं। नाइलिट डीम्ड विश्वविद्यालय शिक्षा को नए सिरे से परिभाषित करने को तैयार है। यह उभरती डिजिटल तकनीकों जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, सेमीकंडक्टर डिजाइन और विनिर्माण, साइबर सिक्यूरिटी एवं फॉरेंसिक, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, ऑटोमोटिव इलेक्ट्रॉनिक्स, मशीन लर्निंग, ब्लॉकचेन टेक्नोलॉजी आदि में स्नातक, स्नातकोत्तर और पीएचडी कोर्स की सुविधा प्रदान करेगा।

प्रदेश में कड़ाके की ठंड से जनजीवन प्रभावित

रायपुर/नवप्रदेश। नया साल 2025 का आगमन होते ही कई राज्यों में ठंड बढ़ गई है। कही गुलाबी ठंड का कहर देखने को मिल रहा है, तो कहीं कपकपी ठंड से लोग परेशान हैं। रात तो रात अब दिन में भी लोगों को गर्म कपड़े की जरूरत पड़ रही है। बात करें छत्तीसगढ़ की तो यहां राजधानी रायपुर समेत कई इलाकों में ठंड बढ़ गई है। तापमान में लगातार 3 से 4 डिग्री की गिरावट देखी गई है। जिससे ठंड तेज हो गई है। मौसम विभाग ने कबीरधाम में 10 जनवरी तक शीतलहर चलने की चेतावनी दी है। इस विशेष मौसम में संक्रमण, श्वसन संबंधी समस्याएं और हाइपोथर्मिया जैसी समस्याएं बढ़ जाती है। ऐसे में बेहद सावधानी

बरतने की आवश्यकता है। मौसम विभाग का कहना है कि अभी कुछ दिनों तक तापमान में और गिरावट होगी, जिससे ठंड बरकरार रहेगी। जिसकी वजह पहाड़ी राज्यों में हो रही अच्छी बर्फबारी है। आपको बता दें कि 24 घंटे के दौरान छत्तीसगढ़ का बलरामपुर सबसे ठंडा रहा है। यहां न्यूनतम तापमान 6.4 डिग्री तक रिकॉर्ड किया गया। तो वहीं कोंडगांव जिले में न्यूनतम तापमान 7-8 डिग्री दर्ज की गई है।

गांजा खपाने पहुंचे दो कार सवार गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। मोवा पुलिस ने कार से गांजा तस्करी करते दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 10 किलो 900 ग्राम गांजा जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार मोवा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि दुबे कालोनी में इको कार क्रमांक सीजी 04 एमआर 6933 में दो युवक मादक पदार्थ लेकर खपाने के लिए ग्राहक तलाश रहे है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने कार सवार आरोपी मोहन नायक 33 वर्ष और रामप्रसाद नायक 39 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन दोनों के पास से कार में रखे कुल 10 किलो 900 ग्राम गांजा जब्त किया है।

सूचना
दैनिक नवप्रदेश समाचार पत्र की प्रतियों एवं विज्ञापनों के लिए बेमेतरा में नवप्रदेश ब्यूरो चीफ श्री किशोर तिवारी से संपर्क करें।
कार्यालय : सोसायटी कॉम्पलेक्स प्रताप चौक, बेमेतरा, 95843-73905

हीरालाल सिन्हा 9826139508 8871059508
दानेश्वर सिन्हा 8450055900
सिन्हा इलेक्ट्रीकल वर्क्स
सेल्स एण्ड सर्विस
सबमर्सिबल पम्प, मोनो ब्लॉक पम्प, इंडस्ट्रीयल मोटर, पैनल रिपेयरिंग एवं घरेलु विद्युत मोटर रिवाइंडिंग का कार्य किया जाता है।
सोलर सबमर्सिबल एवं मोनोब्लाक पंप भी रिपेयरिंग किया जाता है।
पता : कीले वाले बाबा मजार, बूढ़ा तालाब रोड, रायपुर (छ.ग.)
E-mail : hisinha80@gmail.com

रूद्र मनोरोग क्लिनिक
मनोचिकित्सक
डॉ. निशांत कुमार साहू
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मनोरोग) मद्रास मेडिकल कॉलेज (चेन्नई)
उपलब्ध उपचार
• अवसाद एवं उन्माद • घबराहट • बेचैनी • सरदर्द • तनाव • चिड़चिड़ाहट • नींद न आना • डर लगना • बेवजह शक करना • बार बार हाथ धोना • या बात दोहराना
• झटके, चक्कर या बेहोशी आना • यादास्त में कमजोरी आना • रास्ते इत्यादि भूल जाना • बहुत ज्यादा बोलना • मारपीट करना • बेवजह पैसे खर्चना या वस्तु का नुकसान करना, • नशे की लत जैसे दारू गांजा, गुटका इत्यादि, • सेक्स संबंधित समस्या जैसे शीघ्र पतन, लिंग में शिथिलता या कमजोरी, धात रोग, • बच्चों में अतिचंचलता, गुस्सा, स्वमग्नता, बोलने में देरी।
गंगा डायग्नोस्टिक के पास शांति रेसिडेंसी न्यू धमतरी रोड, रायपुर (छ.ग.)
7880289133, 7880287133

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सरोरा रोड उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर प्रथम तल, अग्रदूत बिल्डिंग, रजबंधा मैदान, रायपुर से प्रकाशित, फोन : 0771-3526755, 6262188999